माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 76, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अंतरिम बजट 2024



*इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।*

*– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी*

## लोकलुभावन घोषणाओं से दूर, सुधारों पर जोर

# आस का बजट




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया। इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री का नाम पुकारा। इसके बाद सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने राजकोषीय नीति 2024-25 को भी सदन के पटल पर रखा।

### अंतरिम बजट में यह रहा खास

- किसान सम्मान निधि और पीएम फसल योजना से अन्नदाता को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया। 11.8 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।
- पीएम स्वनिधि से 18 लाख वेंडर्स को मदद की गई है।
- देश में 3000 नए आईटीआई खोले गए।
- 1.40 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया की ट्रेनिंग।
- लखपति दीदी योजना के तहत लक्ष्य को दो करोड़ महिलाओं से बढ़ा कर तीन करोड़
- अब तक 3 करोड़ घर बनाने के अपने लक्ष्य को हासिल किया है। इस योजना के तहत 5 साल में 2 करोड़ और घर बनाएंगे।
- उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी 28 फीसदी बढ़ी गई है।
- एनर्जी, मिनरल और सीमेंट के लिए 3 नए कोरिडोर शुरू किए जाएंगे।
- पीएम सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों पर सोलर लगाए जाएंगे नमो भारत और मेट्रो पर फोकस।

इलस्ट्रेशनः श्रेय

**11.11** लाख करोड़ रुपये रखा गया बजट में पूंजीगत व्यय

**5.1%** रहने का अनुमान है राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में

**4.5%** पर राजकोषीय घाटे को लाने का रखा है लक्ष्य

## 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत पर अग्रसर सरकार'

नई दिल्ली, एजेंसी



सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रखा गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्तमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह बजट अनुमान से अधिक है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

### राज्यों को मिलेगा 75 हजार करोड़ का ब्याज फ्री लोन

वित्त मंत्री ने कहा कि जी20 मीटिंग का देश के 60 अलग-अलग स्थानों पर सफल आयोजन ने भारत की विविधता को दुनिया के सामने दिखाया है। हमारी आर्थिक क्षमता ने देश को बिजनेस और कॉन्फ्रेंस टूरिज्म के लिए एक आकर्षक स्थान बनाया है। हमारा मध्यमवर्गीय भी ट्रैवल कर देश को घूमना चाहता है। बजट 2024 में वित्त मंत्री ने बताया कि टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार राज्यों को लंबी अवधि का 75000 करोड़ रुपये का ब्याज फ्री लोन देगी।




### आयकर स्लैब की दरों में नहीं किया बदलाव




वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आयकर स्लैब की दरें पहले की तरह बनी रहेगी। दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।

**पुरानी व्यवस्था के तहत कर दर (रुपये में)**




**नई व्यवस्था के तहत कर दर (रुपये में)**




### फसल संबंधी गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देगी सरकार

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है और अब उसकी योजना फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के वास्ते निजी तथा सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे और इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### स्टार्टअप निवेश पर कर प्रोत्साहन को एक साल के लिए बढ़ाया



अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा



सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करते हुए यह घोषणा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

### सरकार का फोकस... गरीब महिला, युवा और अन्नदाता पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख जातियों- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। सीतारमण ने कहा कि उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होती है, जब इन चारों जातियों से जुड़े लोग प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों के लोगों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके सशक्तीकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन पद्धति है। भ्रष्टाचार में कमी से पारदर्शिता आई है और सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### इस बार रक्षा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक बजट



2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में रक्षा खर्च में अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि की गई है। गुरुवार को संसद में पेश किए गए बजट में पिछले साल के 5.95 लाख करोड़ के मुकाबले 4.72 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 6.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीआईबी के मुताबिक, यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में रक्षा बजट का 1.72 लाख करोड़ रुपये सेना पर पूंजीगत खर्च के लिए अलग रखा गया है, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर की खरीद शामिल है।

### वंदे भारत की तरह बदले जाएंगे 40 हजार डिब्बे



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को "वंदे भारत" मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पत्तन संपर्क गलियारा और अधिक यातायात वाले गलियारे शामिल हैं।

**उम्मीद** मध्यम वर्ग के लिए आएगी नई आवास योजना, पीएम ग्रामीण योजना के तहत अब तक दिए गए 3 करोड़ घर

## अगले पांच साल में दो करोड़ नए घर देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिम बजट में अन्य क्षेत्रों की तरह आवासीय क्षेत्र को लेकर भी कई अहम ऐलान हुए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना जून 2015 में 'सभी के लिए आवास' के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना की मौजूदा समय सीमा दिसंबर 2024 को पांच साल तक बढ़ाया गया है। पीएम ग्रामीण योजना के तहत 3 करोड़ घर दिए गए हैं वहीं अगले पांच वर्षों में इसमें 2 करोड़ नए आशियाने बनाए जाएंगे। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को आवास देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समावेशी विकास के हिस्से के रूप में हर एक को मकान, पानी, बिजली, रसोई गैस और बैंक खाता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सरकार किराये के घर अथवा झुग्गी-बस्ती या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना लाएगी।

#### वैश्विक महामारी में भी चलती रही योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इस योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से बढ़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



### आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी होंगे आयुष्मान भारत के दायरे में



अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

- भारत के अंतरिम बजट में मालदीव को दी जाने वाली सहायता पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 22 फीसदी घटा दी गई है।
- राष्ट्रपति मुइज्जू की ओर से लगातार तीखे रवैये के बीच भारत ने अपने बजट में इस छोटे से द्वीपीय देश के लिए 600 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

बरेली, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
अमृत विचार
www.amritvichar.com

# जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

## अंतरिम बजट पेश करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में राजकोषीय घाटे पर बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण | कहा-वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत किया

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी (जीडीपी) यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्तमंत्री ने कि 'पी' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, "बजट घाटा या राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत है, जो 5.9 से कम है। इसी तरह 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री के अनुसार आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि हम 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत या उससे भी कम किया जाना है, हासिल करने के रास्ते पर हैं।



अंतरिम बजट-2024 पेश करने से पहले राज्यमंत्री भागवत किशनराव कराड़, पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ निर्मला सीतारमण।

### प्रमुख योजनाओं के लिए बजट

| योजनाएं | बजट |
|---|---|
| मनरेगा | 86,000 |
| आयुष्मान भारत | 7,500 |
| पीएलआई | 6,200 |
| सौर ऊर्जा (ग्रिड) | 8,500 |
| राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन | 600 |

(राशि करोड़ में)

### मंत्रालयों के लिए बजट आवंटन

| मंत्रालय | बजट |
|---|---|
| रक्षा | 6.2 |
| संचार | 1.37 |
| गृह | 2.03 |
| रेल | 2.55 |
| सड़क परिवहन एवं राजमार्ग | 2.78 |
| ग्रामीण विकास | 1.77 |
| कृषि एवं किसान कल्याण | 1.27 |

(राशि लाख करोड़ रुपये में)

# सरकार गठन के बाद आम बजट में पेश होगा देश का रोड मैप

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ अंतरिम बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

**अमृत विचार:** संसद में अंतरिम बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है की देश का आम बजट लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा की आम बजट में भारत को विकसित बनाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों का रोड मैप प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव होने के कारण संसद के आखिरी सत्र में आम बजट पेश करने के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया और वित्तमंत्री का बजटीय भाषण समाप्त होते ही लोकसभा में अंतरिम बजट को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद जून-जुलाई तक नई सरकार का गठन हो जाएगा और उसके बाद आम बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भारत को विकसित बनाने के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

लोकसभा में अंतरिम बजट पास होने के बाद अब राज्यसभा में शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि शुक्रवार को ही राज्यसभा में भी अंतिम बजट पास हो जाएगा।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करेगा अंतरिम बजट: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करने वाला करार दिया है। योगी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। योगी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लोकसभा में प्रस्तुत अंतरिम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।



उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा।

## दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है। 'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है, ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।'

▸▸ **वित्तमंत्री ने की घोषणा, योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़ना**

## बजट में किसान

# कृषि और किसानों के लिए 1.27 लाख करोड़ का आवंटन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने को शुरू होगा 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि और किसानों के लिए भी इस बजट में कई घोषणाएं की गईं। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से 'अन्नदाता' को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।



### कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं...

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ''आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'' शुरू किया जाएगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

# राहत कम, उपलब्धियों का बखान ज्यादा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

## विश्लेषण

- **किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में कोई छूट नहीं मिली**

**अमृत विचार:** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में चुनावी वर्ष की छाया दूर-दूर तक नजर नहीं आई। जनता को तमाम उम्मीदें थीं। करदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है। गरीबों, महिलाओं, युवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में आम नागरिकों को राहत काम और सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का गुणगान ज्यादा किया गया है।

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में किसी खास नई घोषणा का ऐलान नहीं किया है। बजट भाषण में उन्होंने ज्वलंत मुद्दों की एक रूपरेखा को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सभी योजनाओं को अगले वर्ष भी जारी रखने का ऐलान किया गया है। बजट में करोड़ों करदाताओं, आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान आयकर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसी तरह किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। वित्तमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताकर एक तरह से सम्मानित किया है, बल्कि उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

महिलाओं के लिए भी कोई नई योजना के बजाय पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ा दिया गया है। जैसे लखपति दीदी के दायरे को 3 करोड़ तक कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे से कोई छूट नहीं मिलेगी। साथ ही आम रेलवे यात्रियों को भी रेल किराए में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

**पर्यटन को लगेंगे पंख** | अंतरिम बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर जोर

# लक्षद्वीप समेत द्वीप समूहों की सूरत बदलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कई परियोजनाओं का जिक्र किया। बजट भाषण में रेलवे से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक पर जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घेरलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।



निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि जी-20 बैठकों के दौरान दुनियाभर के लोगों ने भारत की विविधता को बेहद करीब से देखा है। हमारा देश पर्यटन के लिए एक बड़ा स्थान बनकर सामने उभरा है। साथ ही कहा कि मध्यम वर्ग भी अब पर्यटन के लिए जाने लगा है। वे अब नए-नए स्थानों के बारे में जानने की रूचि करता है। पर्यटन का दायरा बहुत बढ़ा है। पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए विकास पर जोर दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी। साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा।

### घरेली द्वीप समूहों के विकास पर जोर

हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। प्रधानमंत्री का घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की बात पड़ोसी द्वीप देश मालदीव को रास नहीं आई। मोदी के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी, जिसके बाद भारत और मालदीव के संबंधों में खटास पैदा हुई थी। हालांकि मालदीव के मंत्रियों ने अपनी टिप्पणियों को सोशल मीडिया से पोस्ट हटा दिया था। अंतरिम बजट में लक्षद्वीप और द्वीप समूहों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

## बजट पर अपनी-अपनी राय

### मोदी सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डालता है निर्मला सीतारमण का बजट भाषण



केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इन कार्यों की बुनियाद पर विकसित भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण जी का हृदय से आभार।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### अनुसंधान-विकास के लिए 1 लाख करोड़ की पूंजी बाजी पलटने वाली नीति



निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ अनुसंधान कोष पूंजी बाजी पलटने वाली नीति होगी। भारत का युवा अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां उसके पास वैश्विक चुनौतियों एवं जरूरतों को पूरा करने के साथ भारत की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए शक्ति और क्षमता है। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद करेगा।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### अंतरिम बजट शब्दों का मायाजाल, गरीबों-मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं



मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है। इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है।
**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### यह अंतरिम बजट भाजपा का विदाई बजट



कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वह व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा, क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। यह भाजपा का विदाई बजट है।
**-अखिलेश यादव**, सपा अध्यक्ष

### केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य



इस बजट में उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाएगी, जिसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है।
**-नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार**

### बजट जमीनी वास्तविकता से दूर



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पूर्व संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता।
**-मायावती, बसपा प्रमुख**

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट



महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में तैंतालीस प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। आशा बहनों को आयुष्मान के अंतर्गत कवर किया जाना। ये सभी प्रयास महिला सशक्तिकरण एवम आत्मनिर्भर आधी आबादी के लक्ष्य पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। **-स्मिता मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ**

# चीन सीमा पर आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ लद्दाख में न्योमा एयर फील्ड समेत कई परियोजनाओं पर ध्यान

अंतरिम बजट में चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी रक्षा ढांचे के लिए 6,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत और 2021-22 के मुकाबले 160 प्रतिशत अधिक है।

रक्षा बजट में लद्दाख में समुद्र तल से 13,700 फुट ऊंचाई पर न्योमा एयर फील्ड, अंडमान निकोबार द्वीप में स्थानीय पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू ला टनल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू टनल निर्माण समेत कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

रक्षा बजट में कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें रक्षा पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़ रुपये, रक्षा सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ रुपये और रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए 15,322 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस साल के रक्षा बजट का 27.67 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, 14.82 प्रतिशत सेना की तैयारी के लिए खर्च किया जाएगा।

माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 76, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत 18

कॉकटेल 2 में दिखेंगी सारा अली और अनन्या पांडे 17


## शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ अलीगढ़ मुस्लिम विवि का अल्पसंख्यक दर्जा मामला

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने आठ दिन तक प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें सुनीं। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला पिछले कई दशकों से कानूनी दांव-पेंच में फंसा हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने 12 फरवरी, 2019 को विवादास्पद मुद्दे को निर्णय के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। इसी तरह का एक संदर्भ 1981 में भी दिया गया था। वर्ष 1967 में एस अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।

## बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन के ठिकानों पर छापा

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ ईडी की उनकी कंपनी इंडिया सीमेंट्स के दफ्तरों में छानबीन

▸▸ विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड' के चेन्नई व दिल्ली स्थित कार्यालयों की तलाशी ली है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई चेन्नई की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच के सिलसिले में की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने पिछले दो दिनों में कंपनी के चेन्नई स्थित दो कार्यालयों और दिल्ली में एक कार्यालय परिसर की तलाशी ली।

उन्होंने बताया कि यह जांच इसकी सहयोगी कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड' (आईसीसीएल) से जुड़े मामलों और विदेश में लगभग 550 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कुछ कथित संदिग्ध एजेंट और निदेशकों की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। आईसीसीएल विदेशी मुद्रा, धन हस्तांतरण और यात्रा बीमा जैसे क्षेत्रों में कार्य करती है। वहीं, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वह संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रही है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31 जनवरी और एक फरवरी के दौरान चेन्नई में हमारे कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया और यह पता लगाने के लिए तलाशी ली कि क्या फेमा से संबंधित कोई अनियमितता है।


पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


## हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत, रिमांड पर आज होगा फैसला

### ईडी ने पीएमएलए अदालत से मांगी है पूर्व मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड

रांची, एजेंसी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने सोरेन का 10 दिन का रिमांड मांगा है। अदालत ने अपना आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया। वकीलों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोरेन की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत के बाहर बताया कि झामुमो नेता को आदेश पारित होने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला गलत मंशा से प्रेरित है। यह सरकार गिराने की साजिश है। पूरी कार्यवाही में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनकी गिरफ्तारी तब की गई जब उनका बयान दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी, जो गैरकानूनी है। हेमंत सोरेन को बुधवार रात यहां धनशोधन मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो नेता को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया।



कोर्ट में पेशी के लिए जाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### शीर्ष कोर्ट में चुनौती, आज सुनवाई करेगी विशेष पीठ

**नई दिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी को चुनौती दी और गुरुवर अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ का गठन किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ सुबह 10 :30 बजे झामुमो नेता के मामले की सुनवाई करेगी।

### राज्यपाल ने चंपई सोरेन को दिया सरकार बनाने का न्योता



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद के लिए मनोनीत कर उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने कहा कि हमने उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया है। अब वह तय करेंगे कि शपथ कब लेनी है। चंपई सोरेन ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की थी। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा कि चंपई सोरेन के बहुमत साबित करने के लिए दस दिन का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य में प्रवेश करने से पहले शुक्रवार दोपहर तक शपथ ले ली जाए।

### उड़ान नहीं भर सके विधायकों को ले जाने वाले विमान

**रांची।** झारखंड में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच देर शाम राज्यपाल ने चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री मनोनीत किया, इसके पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायकों को भाजपा की ओर से लुभाए जाने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए उन्हें हैदराबाद भेजने की तैयारी थी। विधायकों को हैदराबाद ले जाने के लिए 12 और 37 सीट वाले दो चार्टर्ड विमान बुक किए गए हैं। लेकिन खराब मौसम के कारण विमानों को उड़ने की अनुमति नहीं दी गई ऐसे में सभी विधायक रांची में ही मौजूद हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए मुस्लिम पक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

ज्ञानवापी मामला

▸▸ उच्चतम न्यायालय ने खारिज की अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने का गुरुवार को निर्देश दिया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया और मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा है।

अपनी अर्जियों में अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने कहा कि आदेश की आड़ में स्थानीय प्रशासन ने बेहद जल्दबाजी में उक्त स्थल में भारी पुलिसबल तैनात किया है और वह मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में लगे जाल को काटने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास रात के अंधेरे में इतनी जल्दबाजी में यह काम करने का कोई कारण है क्योंकि निचली अदालत की ओर से पारित आदेश में उन्हें पहले ही एक सप्ताह का वक्त दिया गया है ताकि जरूरी इंतजाम किए जा सकें।



व्यास तहखाने में पूजा-अर्चना करते पुजारी।

### खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा-अर्चना

**वाराणसी।** जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिए खोला गया और साफ-सफाई के बाद पूजा कराई गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। उनके साथ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ भी थे। कुछ लोगों का दावा है कि तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गई। हिन्दू पक्ष के एक वादी सोहनलाल आर्य ने बताया कि तहखाने के बैरिकेटिंग को हटा कर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

### हाईकोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, पूजा के आदेश को दी चुनौती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष उक्त मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। मालूम हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करने के एक दिन बाद आया है।

## एक नजर

### पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी के सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई।

### संजय सिंह ने सत्र में भाग लेने को मांगी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की उस अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी से 3 फरवरी तक जवाब मांगा है।

### आज जारी होगा समीक्षा अधिकारी परीक्षा प्रवेश पत्र

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। सूत्रों ने बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है।

## रामभक्तों के लिए 8 और शहरों से हवाई सेवाएं शुरू

अयोध्या कार्यालय



▸▸ स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख

▸▸ विभिन्न शहरों के लिए अयोध्या से उड़ान भरेंगी 14 फ्लाइट

**अमृत विचार :** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामनगरी में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने अयोध्या के लिए अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को अयोध्या धाम के लिए एक फरवरी से स्पाइस जेट की आठ नई नियमित उड़ान शुरू की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को पटना, दरभंगा, जयपुर, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, मुम्बई और बंगलुरु के बीच सीधी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से आठ शहरों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की। केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अयोध्या में डीएम नीतीश कुमार ने स्पाइसजेट के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा। अब महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट और एयरइंडिया एक्सप्रेस की 14 फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरेंगी।

## वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये की वृद्धि



▸▸ घरेलू एलपीजी मूल्य में नहीं हुआ कोई बदलाव

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को बजट भाषण से पहले तेल-विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये बढ़ाने की घोषणा की। देश की तीन तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने के पहले दिन रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। तेल-विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। बढ़ी हुई कीमतें आज से ही प्रभावी होंगी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 14 रुपये बढ़कर 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले कीमत प्रति सिलेंडर 1,755.5 रुपये थी। तेल कंपनियां हर महीने अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से संशोधन करती हैं।

## कासगंज में भाजपाई भिड़े, फायरिंग के आरोप, पूर्व विधायक पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ पूर्व विधायक और समर्थकों के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य में रिपोर्ट

▸▸ डिबाई की पूर्व विधायक ने एसपी को दी तहरीर में फायरिंग का लगाया आरोप

> भाजपा के कुछ नेताओं के बीच विवाद हुआ। अमांपुर चांडी रोड पर यह घटना हुई। दोनों ओर से फायरिंग का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों से जानकारी की जा रही है। इसमें जो भी सच्चाई होगी, उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **जितेंद्र दुबे**, एएसपी

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार को भाजपा नेताओं के बीच इतना टकराव बढ़ा कि दो गुटों के नेता आमने-सामने आ गए। एक तरफ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के समर्थकों पर डिबाई की पूर्व विधायक ने फायरिंग करने का आरोप लगाया है। वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधि के समर्थक ने पूर्व विधायक पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने देर रात अखिलेश वर्मा की तहरीर पर पूर्व विधायक अनीता लोधी, समर्थक संतोष गोस्वामी, मोहित शर्मा समेत चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि पूर्व विधायक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। घटना गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे की है। बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से टिकट के लिए आवेदन किया है। गुरुवार को वह समर्थकों के साथ कासगंज के अमापुर रोड पर एक गेस्ट हाउस में बैठक कर रही थीं। आरोप है कि वे बैठक से बाहर निकलीं, तभी स्थानीय जनप्रतिनिधि के कई समर्थक वहां पहुंचे और काफिले पर हमला कर दिया। उन्होंने अपनी तहरीर में लिखा है कि एपीएस लिखी हुई एक स्कॉर्पियो गाड़ी से निकले लोगों ने फायरिंग भी की थी। दूसरी तहरीर अखिलेश वर्मा ने दी है। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि शाम 4 बजे चांडी रोड होते हुए सहावर से कासगंज आ रहे थे। रवि गेस्ट हाउस चांडी रोड पर भाजपा के झंडे-बैनर देख मैंने भी कार्यक्रम में सहभाग करना चाहा। अचानक से कार्यक्रम स्थल पर नारेबाजी होने लगी तो मैं अपनी गाड़ी लेकर चल दिया। अनीता लोधी ने यह समझा कि मैं उनकी जासूसी करने आया हूं, इसलिए कुछ दूर चलते ही मेरी गाड़ी को वाहनों से रोक लिया। अनीता लोधी ने मेरी गाड़ी पर फायरिंग करा दी। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। मैं हमले में बाल-बाल बच गया।

## अदालत ने निर्धारित की अब्दुल्ला आजम की उम्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ जिला अदालत ने 1 जनवरी 1993 मानी जन्म तिथि

**अमृत विचार :** सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की आयु निर्धारण का मामला निस्तारित हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अजय कुमार ने साक्ष्यों के आधार पर अब्दुल्ला आजम की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को खारिज करते हुए उनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 मानी है। अब सर्वोच्च न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और नगर निगम की ओर से आयु निर्धारण के संबंध में जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को ही सही माना है। जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन गुप्ता ने बताया कि इस तरह करीब 16 साल पहले छजलैट में हुए मामले में अब्दुल्ला नाबालिग माने गए हैं। इस मामले में पूर्व सांसद आजम खां और अब्दुल्ला आजम को दो-दो साल की सजा मिली थी। अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि जिस समय केस दर्ज किया गया था, वे नाबालिग थे। ऐसे में किशोर न्यायालय में सुनवाई होनी चाहिए थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने जिला न्यायालय को मामला निस्तारित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में रामपुर जिले के गंज थाने में मामला दर्ज कराया था।

## योगी ने नेताओं को दिया प्रसाद, बुलाया अयोध्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्य विधानमंडल का बजट सत्र आज से, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण

▸▸ 2024-25 का बजट 5 फरवरी को होगा पेश 12 फरवरी तक चलेगा सदन

**अमृत विचार :** शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी राम मंदिर की चर्चा रही। विधानभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं के बीच राम मंदिर का प्रसाद अपने हाथ से बांटा और सभी को एकसाथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का प्रस्ताव भी रखा। दलीय नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए दर्शन का कार्यक्रम तय करने की बात कही। बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वह सदन के संचालन में पूरा सहयोग करेंगे।



राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल विधायकगण।

इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की कार्यवाही तारीख के साथ तय की गई। 2 फरवरी को सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोनों सदनों को एकसाथ संबोधित करने से होगी। उसी दिन औपचारिक कार्यों समेत अध्यादेशों, अधिसूचनाओं को पटल पर रखने के साथ-साथ विधेयकों के पुरःस्थापन की कार्यवाही चलेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी जो 3 फरवरी शनिवार को भी जारी रहेगी। सरकार 2024-25 का बजट 5 फरवरी को पेश करेगी। यह उप्र. का अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बजट का आकार लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये होना संभव है। आगे के दिनों में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट पर भी चर्चा चलेगी। 12 फरवरी तक सदन चलाने का कार्यक्रम तय हुआ है।

## शिष्या से दुष्कर्म मामले में चिन्मयानंद दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ वर्ष 2011 में मुमुक्षु आश्रम में कई बार दुष्कर्म करने का था आरोप

▸▸ एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद गुरुवार को आया फैसला



**अमृत विचार :** शिष्या से दुष्कर्म करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दोषमुक्त कर दिया है। 30 नवंबर, 2011 को चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने चौक कोतवाली में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर में उसे बंधक बनाया और कई बार दुष्कर्म किया था। उस वक्त यह प्रकरण सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित रहा था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना के उपरांत स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद से मुकदमा विचाराधीन था। गुरुवार को एडीजे तृतीय एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश एहसान हुसैन ने निर्णय सुनाते हुए स्वामी चिन्मयानंद को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

# मिला कुछ खास नहीं पर उम्मीद कायम

## बजट पर उद्यमी और व्यापारी समुदाय में अलग-अलग प्रतिक्रिया

लोकसभा चुनाव से पहले पेश किए गए केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर उद्यमियों और व्यापारियों की कोई स्पष्ट राय निकलकर सामने नहीं आई। बजट को राजनीतिक नजरिए से देखा जाना ही शायद वजह ही कि कुछ उद्यमियों ने इसे निराशाजनक करार दिया तो कुछ ने इसे विकसित भारत की राह पर एक कदम बताया। कुछ उद्यमियों ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मध्य और निम्न वर्ग की चिंता भी दिखाई। जीएसटी की दरों में राहत की उम्मीद कर रहे व्यापारियों के रुख से झलका कि उनकी मांग को नजरंदाज कर कॉरपोरेट टैक्स में 22 फीसदी छूट दिया जाना उन्हें भी कुछ खला है।

बजट में मध्य और गरीब वर्ग के लिए कुछ नहीं है। ऐसे प्रावधान भी किए जाने चाहिए थे जिससे मध्यम वर्ग के उद्यमियों को लाभ अर्जित हो सके। स्टार्टअप को बढ़ावा देने वाला बजट होना चाहिए। उद्योग के लिहाज से कोई विशेष प्रावधान नहीं है। – **अजय शुक्ला**, अध्यक्ष भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एरिया

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में किसी बड़ी घोषणा या राहत की न उम्मीद थी, न की जानी चाहिए। यदि की जाती तो भी चुनावी बजट कहलाता। केंद्र का संपूर्ण बजट जुलाई में पेश होगा। हर वर्ग को साधने के लिए सरकार निश्चित कई तरह की छूट देगी। –**सुरेश सुंदरानी**, उद्यमी

इस बजट से इंडस्ट्री, ट्रेड या मध्यम वर्ग का कोई भला नहीं होने वाला है। केंद्र में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतरिम बजट था। इस साल लोकसभा चुनाव भी होने है। इसकी वजह से बजट पेश करने में केवल खानापूरी की गई। –**राजेश गुप्ता**, उद्यमी

वित्त मंत्री ने गरीब, किसान, युवा एवं महिला कल्याण पर पूरा जोर दिया है। जीडीपी और एफडीआई को नई तरह से गवर्नेंस, डेवलपमेंट, परफॉरमेंस के रूप में परिभाषित कर देश के सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी और समावेशी विकास की बात की गई है। – **सुनीत मूना**, विशिष्ट सदस्य, आईआईए

बजट विकसित भारत की ओर ले जाने के संकल्प को दोहराना है। एमएसएमई स्टार्ट अप, टूरिज्म पर प्रावधान सराहनीय हैं। आयकर स्लैब में बढ़ने की उम्मीद थी लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। बजट में महिलाओं पर फोकस किया जाना सरहनीय है। –**रजत महरोत्रा**, उद्यमी

जीएसटी के रूप में भारी राशि सरकार को मिली है जो तरक्की का मार्ग बनाती है। इसमें व्यापारी की ही भागीदारी है। यह चुनावी साल है, सरकार को व्यापारी हितों की सुरक्षा के लिए नीति बनानी चाहिए थी। –**जफर बेग**, संरक्षक, बरेली मर्चेन्ट एसोसिएशन

बजट में हर वर्ग को साधने की कोशिश की गई। इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जोर दिया गया। उत्पादकता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग और जनसंख्या कंट्रोल से संबंधित चुनौतियों पर ध्यान दिया है। हालांकि आयकर दरों और स्लैब में किसी तरह का बदलाव नहीं किया। – **शुचि**, सीए

कर्मचारियों के लिहाज से कुछ नहीं किया। महंगाई केसे कम होगी, रोजगार केसे बढ़ेंगे, इसका कोई जिक्र तक नहीं किया। कारपोरेट दोस्तों का टैक्स कम करना समझ से परे है। बजट में बताने लायक कुछ नहीं। –**गीता शांत**, महामंत्री बीमा कर्मचारी संघ बरेली डिविजन

कोई बड़ी उम्मीद नहीं थी क्योंकि वित्तमंत्री पहले ही कह चुकी थीं। व्यापारियों को मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। अर्थव्यवस्था को सुधारने का प्रयास है, इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया है। स्टार्टअप पर टैक्स में छूट दी है। –**विशाल मेहरोत्रा**, अध्यक्ष, राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल

सरकार ने कुछ चीजों के दाम कर आम लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया है। लोगों को बजट से जिस तरह की उम्मीदें थी, उन पर यह बजट खरा नहीं उतरा है। बजट में आयकर टैक्स स्लैब में बदलाव न किया जाना निराशाजनक है। –**परमेंद्र पाल सिंह**, जिला कोषाध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

सरकार ने आम आदमी को इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी है। पुरानी टैक्स रिजीम चुनने पर अब भी 2.5 लाख रुपये तक की ही इनकम टैक्स फ्री रहेगी। नौकरीपेशा समेत अन्य वर्ग के लिए टैक्स छूट की सीमा में बढ़ोतरी न करने थोड़ा निराशानजक है।– **हर्षित**, सीए

किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं थी। संपूर्ण बजट जुलाई में आएगा। अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर फोकस किया गया है। महिलाओं-गरीबों के लिए कई घोषणाएं हैं। टूरिज्म के लिए की गई घोषणा से जिले का भी विकास होगा। – **राजेंद्र गुप्ता**, प्रांतीय महामंत्री, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

## विशेषज्ञों का नजरिया..

### अंतरिम बजट इसलिए दिख रहीं कमियां

बजट में भारतीय अर्थव्यवस्था की समृद्धि और समावेशी विकास का लक्ष्य इंगित है। बजट में नौकरी, किसान, मध्यम वर्ग और गृहिणियों के लिए कई योजनाएं हैं, लेकिन कुछ वर्गों को इसलिए कमियां महसूस हो रही हैं क्योंकि अंतरिम होने के कारण सरकार ने बजट को सीमित रखा है। बजट में नौकरियों, उद्यमिता और इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के उदाहरण हैं, जो अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं। उम्मीद है कि इस साल बहुत सारे स्टार्टअप सार्वजनिक होंगे और उनसे ज्यादा रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी। – **प्रो. आशुतोष प्रिय**, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष रुहेलखंड विश्वविद्यालय

### प्रत्यक्ष लाभ नहीं, आत्मनिर्भरता की प्रेरणा

अंतरिम बजट वृहद योजनाओं का बजट नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता कदम है। लुभावने बजट की परिकल्पना से दूर इस बजट में सरकार का संतोष और आत्मविश्वास झलकता है। इसमें मध्यम वर्ग, किसानों, औद्योगिक क्षेत्र को प्रत्यक्ष रूप से कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ है लेकिन पर्यटन, तीन रेल कॉरिडोर, नई बोगियों, लखपति दीदी जैसी योजनाएं पूंजी निर्माण और अर्थव्यवस्था में तरलता को बढ़ाएंगी। मनरेगा और स्टार्टअप्स से रोजगार सृजन की व्यवस्था की गई है। रक्षा में अधिक खर्च होना ही चाहिए लेकिन अभी स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। – **प्रो. रीना अग्रवाल**, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र बरेली कॉलेज

### आम लोग सरकार की प्राथमिकता में नहीं

पिछले एक साल में बढ़ी मंहगाई, ब्याज दर, मूल्यवृद्धि के बाद अब सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान न देकर यह साबित कर दिया है कि आम लोग उसकी प्राथमिकता में नहीं हैं। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं है, सीनियर सिटीजन के लिए कोई घोषणा नहीं, कारपोरेट को फायदा पहुंचाया गया है। आम आदमी की उम्मीद टूटी है और सरकार की साख गिरी है।– **मुहम्मद खालिद जीलानी**, उपभोक्ता मामलों के वकील एवं आरटीआई एक्टिविस्ट

अंतरिम बजट है इसलिए लोकलुभावनी घोषणाएं नहीं की गई हैं, लेकिन यह तरक्की के नए रास्ते वाले खोलने वाला बजट है। जागरूक किसानों के लिए भी बेहतर है। शेयर बाजार में रुझान रखने वालों को समय-समय पर मुनाफा वसूली कराएगा। जब अच्छे स्टॉक नीचे आएंगे, उन्हें खरीदने का समय होगा। – **गौरव कुमार**, शेयर बाजार के जानकार

यह बजट नहीं औपचारिकता थी। अब तक के इतिहास में पहले कभी 45 मिनट का बजट भाषण नहीं हुआ। असली बजट जून जुलाई में आएगा। सोलर एनर्जी पर सब्सिडी की घोषणा की गई है, वह पहले से घोषित है। लेकिन कोई सब्सिडी मिलती कहां है। आम लोगों को बजट में इनकम टैक्स छूट की उम्मीद होती है, वह मिली नहीं। – **राजीव सिंघल**, शेयर बाजार जानकार

बजट दिवस



शहर के सिविल लाइंस बाजार में इतना सन्नाटा कभी नहीं दिखता लेकिन बजट दिवस पर यह सुनसान दिखाई दिया, वजह था मौसम। ● अमृत विचार

## रेल बजटः रामपुर-बरेली रूट पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग

**बरेली, अमृत विचार :** बजट में उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल की झोली में कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं आई हैं। इनमें सबसे अहम रामपुर-बरेली के बीच के स्टेशनों का इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल प्रणाली के जरिए उन्नतिकरण शामिल है। कई सेक्शनों में ट्रैक रिन्युवल जैसे कामों के लिए भी प्रावधान किया गया है।

**▸▸ अलग-अलग सेक्शनों में होगा अतिरिक्त लूप लाइन का निर्माण**

रामपुर-बरेली के बीच फिलहाल इलेक्ट्रोमैकेनिकल इंटरलॉकिंग सिग्नल प्रणाली है। इसकी जगह इस रेल खंड में सभी स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से लैस करने से सिग्नल प्रणाली पहले से ज्यादा फुल प्रूफ हो जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए बजट में 37.48 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा मुरादाबाद रेल मंडल के पांच स्टेशनों पर अतिरिक्त लूप लाइन के लिए 28.38 करोड़ दिए जाएंगे। मुगलसराय-लखनऊ-मुरादाबाद-अंबाला-जालंधर-अमृतसर रूट पर 1150 किमी लंबे लूप का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए तीन सौ करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### ट्रैक रिन्युवल से बढ़ेगी रफ्तार

बरेली से लखनऊ के बीच छोटे-छोटे सेक्शनों में ट्रैक रिन्युवल के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पिछले साल हुए कामों का लेखाजोखा भी पिंक बुक में दिया गया है। लखनऊ से बरेली के बीच स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट ठीक करने के लिए करीब छह करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इससे ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद है।

## टैक्स दरों में राहत नहीं, व्यापारी निराश



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय पर बैठक में बजट पर चर्चा करते व्यापारी।

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में टैक्स दरों में कोई राहत न दिए जाने पर निराशा जताई गई। हालांकि टैक्स प्रोसेसिंग अवधि 93 दिन से घटाकर 10 दिन करने का स्वागत किया गया। व्यापार मंडल के सिविल लाइंस स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित बजट पर चर्चा कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि टैक्स प्रोसेसिंग अवधि घटना से व्यापारी आसानी से रिफंड हासिल कर सकेगा। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस साल लोकसभा चुनाव होने के कारण व्यापारियों को उम्मीद थी कि जीएसटी कलेक्शन दोगुना होने के बाद सरकार उन्हें टैक्स की दरों में कुछ राहत जरूर देगी लेकिन ऐसा न किए जाने से व्यापारी वर्ग खासा निराश है। जिला महामंत्री अमित अग्रवाल ने जीएसटी के नोटिसों के माध्यम से लगातार हो रही परेशानी का उल्लेख किया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण करने बात कही। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष परविंदर पाल सिंह, जिला युवा अध्यक्ष अनुज गुप्ता, देवेंद्र पाल सिंह, धीरेंद्र गंगवार, आलोक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, विपिन गुप्ता, नवरत्न यादव, असीम जौहरी, पारस अग्रवाल, नरेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## राजनीति की नजर से...

### भाजपा ने कहा, विकसित भारत का बजट विपक्ष बोला-पूंजीपतियों को और अमीर करने की मंशा

**बरेली, अमृत विचार : मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट को भाजपा ने विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बताया तो वहीं विपक्षी दलों ने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स में कटौती का सीधा मतलब है कि सरकार पूंजीपतियों को और अमीर बनाना चाहती है। महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से निपटने के लिए इस बजट में कोई विजन नहीं है।**

सरकार लगातार युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम जनता के लिए काम कर रही है। यह बजट देश में आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने वाला है और इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी गई है। यह बजट 'विकसित भारत' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। – **पवन शर्मा**, जिलाध्यक्ष भाजपा

सिर्फ पूंजीपतियों के फायदे का बजट रहा। हर साल बजट में घोषणाएं होती हैं लेकिन सरकार यह नहीं बताती कि पिछले बजट की घोषणाएं पूरी क्यों नहीं हुई। तीन सौ यूनिट फ्री बिजली का एलान हर भारतीय को 15 लाख रुपये देने जैसा जुमला है। – **मिर्जा अशफाक सकलैनी**, कांग्रेस जिलाध्यक्ष

केंद्र सरकार का यह विदाई बजट है। कैग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले बजट की 22 प्रतिशत धनराशि का अब तक उपयोग नही हुआ है। राष्ट्रीय कर्ज बढ़ा है। 2014 में 55 लाख करोड़ था, अब 175 लाख करोड़ हो चुका है। प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरा नहीं किया। – **मयंक शुक्ला**, प्रदेश प्रवक्ता सपा

चुनावी बजट होने के बावजूद पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यकों के लिए कुछ भी नहीं है। यह बजट देश के पूंजीपतियों को और अमीर बनाने के लिए है, कमजोर और गरीबों के लिए चुनावी जुमला है। –**राजीव कुमार**, जिलाध्यक्ष बसपा

### नारी शक्ति उत्थान में मील का पत्थर

यह उम्मीदों से भरा बजट है जो नारी शक्ति के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। नौ से 14 साल की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण की सुविधा देने के लिए वित्त मंत्री बधाई की पात्र हैं। एक करोड़ घरों में सोलर संयंत्र लगाने की योजना ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम है। बजट महिलाओं के जीवन में भी क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा। प्रधानमंत्री सर्वहितैषी और सर्वस्पर्शी कार्यों के लिए सभी विभागों पर ध्यान देते हैं। बजट गरीब, युवा, किसान और नारी कल्याण पर केंद्रित है। आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान योजना के लाभ की लंबे समय से जरूरत थी। – **धर्मेंद्र कश्यप**, आंवला सांसद







सस्ता राशन भी हर किसी को मयस्सर कहां। ● अमृत विचार

## महंगाई कम न होने से नाउम्मीद हुई आधी आबादी

**बरेली, अमृत विचार :** महिलाओं को बजट ने निराश किया। ज्यादातर महिलाओं का कहना है कि चुनाव से पहले का बजट होने के कारण उन्हें उम्मीद थी कि सरकार उनकी रसोई में महंगाई कम करने के लिए कुछ करेगी लेकिन इस पर चर्चा ही नहीं हुई। आम लोगों की घटती आय और मुश्किल होते रोजगार के अवसर का मुद्दा भी अछूता रह गया। कुछ महिलाओं ने कहा कि यही गनीमत रही कि सरकार कुछ और महंगा नहीं किया।

महिलाएं आधी आबादी हैं। महंगाई का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर ही पड़ता है। हम लोग ही रसोई हम संभालते हैं। हमें बेहतर पता है कि रसोई की चीजों पर महंगाई मानसिक रूप से कितना परेशान करती है। इस बजट में हमारी रसोई संबंधी जरूरतों के बारे में नहीं सोचा गया। – **अंजना सिंह**, प्रेमनगर

इस बजट में रसोई गैस, राशन और रसोई में इस्तेमाल होने वाली दूसरी चीजों पर छाई महंगाई की कोई चर्चा नहीं हुई। कोरोना के बाद से जरूरत की चीजों पर दिन प्रति दिन महंगाई बढ़ रही है। लोगों के पास आमदनी और रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। – **दीक्षा सक्सेना**, सृजन वेल्फेयर सोसाइटी

महिलाओं के दिन की शुरुआत रसोई से ही होती है। रसोई की चीजों की कीमतों में अगर कमी नहीं की गई तो उनके लिए बजट का कोई औचित्य ही नहीं है। रसोई ही सबसे पहले है क्योंकि वही पेट भरती है। यहां महंगाई में कम न होना निराशाजनक है। – **राशि पाराशरी**, शशि वेलफेयर सोसाइटी

हालांकि इस बजट में रसोई की किसी वस्तु के दाम नहीं घटे लेकिन पिछले कई सालों से लगातार जो सिलसिला रहा है, उसे देखते हुए अच्छी बात यह है कि दाम बढ़े भी नहीं। इसके अलावा देखा जाए तो महिलाओं के लिए ठीक ही रहा बजट। – **नीलू मिश्रा**, इनरव्हील बरेली साउथ ग्लोरी

पिछले आठ सालों में देश के लगभग 88 हजार किसान आत्महत्या कर चुके हैं, फिर भी भाजपा सरकार उन्हें किसान सम्मान निधि का झुनझुना थमाकर अपनी पीठ ठपथपा रही है। इस बजट में न महंगाई की चिंता दिख रही है और न बेरोजगारों की। यह बजट पूरी तरह निराशाजनक है। – **शमीम खां सुल्तानी**, महानगर अध्यक्ष सपा

केंद्र सरकार के आखिरी बजट में हर वर्ग को साधने की कोशिश की गई है। डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास और कई क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ब्याजमुक्त ऋण की घोषणा से निश्चित फायदा मिलेगा। – **मेहताब सिद्दीकी**, एमडी होटल रेडिसन

**बजट और बरेली** हवाई सेवा की उपलब्धता के साथ रामनगर का जैन मंदिर धार्मिक पर्यटन के लिए सकारात्मक पहलू

## धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मतलब नाथ नगरी में भी खुलेंगे कमाई के नए रास्ते

**सुरेश पांडेय, बरेली**

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के बजट में उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की घोषणा का लाभ नाथ नगरी में बदलने जा रही बरेली को भी मिलेगा। इसके पीछे अयोध्या का उदाहरण दिया जा रहा है, जहां पिछले दस दिनों में ही 20 लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंच चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि नाथ नगरी का कुछ समय बाद प्रदेश के धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर प्रमुख स्थल के तौर पर उभरना तय है, हर व्यावसायिक वर्ग के साथ सरकार का भी लाभ इससे बढ़ेगा। बजट में धार्मिक पर्यटन पर जोर देते हुए 149 नए हवाई अड्डे बनाने की घोषणा से कई सेक्टरों को लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है। बरेली में लगभग 235 करोड़ रुपये से तैयार हो रही नाथ नगरी भी इसी कतार में है। चूंकि बरेली से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरू जैसे बड़े शहरों के लिए हवाई यात्रा की शुरुआत हो चुकी है, इसलिए माना जा रहा है कि यहां भी पर्यटकों के आने का रास्ता खुलेगा। रेल-सड़क की अच्छी कनेक्टिविटी भी इसमें सहायक होगी। धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से जिले में प्राचीन जैन मंदिर बरेली से डेढ़ सौ किमी ही दूर नैनीताल भी सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। नाथ नगरी में धार्मिक पर्यटन बढ़ने से बरेली में रेहड़ी, ऑटो रिक्शा, होटल, रेस्त्रां से लेकर स्ट्रीट फूड वालों की आमदनी बढ़ेगी। रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।





### जितना बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन, उतना ही भरेगा सरकार का खजाना

नाथ नगरी में धार्मिक पर्यटन शुरू होने के बाद सरकार का खजाना भी भरने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में अनुमान जताया गया था कि अगले साल तक काशी में आठ, मथुरा में 11 और अयोध्या में 12 से 15 करोड़ तक लोग धार्मिक पर्यटन के लिए आ सकते हैं। वित्तीय मामलों के जानकार पंकज श्रीवास्तव कहते हैं कि सरकार का आकलन है कि कोई धार्मिक पर्यटक अगर एक हजार रुपये भी खर्च करेगा तो उसका एक हिस्सा सरकार के खजाने में भी जाएगा। पंकज के मुताबिक वाराणसी और अयोध्या में इंटरनेशनल हवाई अड्डा है और इलाहाबाद में राष्ट्रीय, इसलिए वहां ज्यादा पर्यटक पहुंचते हैं। बरेली के लिए भी हवाई सेवा उपलब्ध होने का लाभ मिलेगा।




# स्मार्ट सिटी को बारिश ने फिर दिया तगड़ा झटका

## बिजली की लाइनों में ताबड़तोड़ फाल्ट, हाईवोल्टेज से घरों में फुंके उपकरण, सड़कों पर कीचड़ ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक लाख से ज्यादा कनेक्शन हुए प्रभावित, दोपहर के बाद ठीक हो सके लाइनों के फाल्ट

**अमृत विचार :** बुधवार देर शाम शुरू हुई बारिश बृहस्पतिवार को दोपहर बाद तक जारी रही और इस बारिश ने एक बार फिर स्मार्ट सिटी की गत बना दी। शहर की सड़कों पर जहां-तहां पानी तो भरा ही, बिजली की लाइनों में हुए ताबड़तोड़ फाल्ट ने एक लाख से ज्यादा कनेक्शनों पर बिजली भी गुल कर दी। इस बीच नवादा शेखान और सुभाषनगर में कई घरों में तेज वोल्टेज आने से उपकरण फुंक गए। देहात में भी पूरे दिन बिजली संकट छाया रहा।

बारिश से सबसे ज्यादा बिजली की सप्लाई को प्रभावित किया। कई उपकेंद्रों पर फाल्ट होने से बिजली गुल हो गई। रामपुर गार्डन, कुतुबखाना उपकेंद्र के बलावा सिविल लाइंस, सुभाषनगर, शहदाना, पुराना शहर, महानगर, नकटिया और कांधरपुर में रात 12 बजे से गुरुवार की शाम तक बिजली का संकट बना रहा। रामपुर गार्डन, कुतुबखाना उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में भी पूरा दिन बिजली गुल रही। शाम पांच बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

सुभाषनगर, नवादा शेखान, कटरा चांद खां में आपूर्ति बहाल हुई तो तेज वोल्टेज से घरों में लगे कई उपकरण फुंक गए। सुभाषनगर के जितेन्द्र आंनद, राजकुमार टंडन ने बताया कि तेज वोल्टेज आने से टयूबलाइट और दो सीएफएल फुंक गई। शिकायत करने के बाद भी कोई कर्मचारी देखने के लिए नहीं आया। रेशव वाजपेई ने बताया कि दुकान पर रखे दो फ्रिज फुंक गए। समरसेबिल के साथ चार- पांच सीएफएल भी फुंक गई।

**ग्रामीण क्षेत्र में भी रहा बिजली का संकट :** ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली का संकट रहा। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि बारिश के चलते सिरौली, चुनुआ, मीरगंज ग्रामीण, सिरौली आदि क्षेत्रों में बिजली गुल रही। दोपहर तक बारिश होने से फाल्ट ठीक करने में समय लगा। बारिश रुकने के बाद कर्मचारियों को भेजकर फाल्ट ठीक कराए गए।

### मोबाइल कर लिए बंद

लंबे समय तक बिजली गुल होने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। लोगों ने जब कर्मचारियों और अधिकारियों को फोन किया तो उनके नंबर ही बंद जाने लगे। यह भी पता नहीं लग सका कि बिजली कितनी देर में बहाल होगी।

बारिश की वजह से कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बारिश रुकने के बाद फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति बहाल कराई गई।
–अम्बा प्रसाद, अधीक्षण अभियंता शहरी


प्रेमनगर रोड पर बिजली के तारों पर गिरी पेड़ की टहनी। ● अमृत विचार


स्मार्ट सिटी के ऑडिटोरियम की दशा।

### ...फिर भी जलभराव से नहीं बची सुभाषनगर पुलिया



**बरेली, अमृत विचार :** शहर में नालों में भरी पॉलीथिन और गंदगी ने जरा सी बारिश में हाल बेहाल कर दिया। शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। कुछ ही समय पहले दो सप्ताह बंद रखकर सुभाषनगर पुलिया पर काम कराया गया था लेकिन वहां भी हर बार की तरह घुटनों तक पानी भर गया। राजेन्द्र नगर के पॉश इलाकों में भी जलभराव से लोग परेशान रहे। बुधवार रात से गुरुवार दोपहर तक हुई बारिश ने स्मार्ट सिटी की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। कई इलाकों में जलभराव के चलते लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। नालों में सिल्ट और पॉलीथिन के चलते पानी सड़कों पर भरा रहा। सुभाषनगर पुलिया के नीचे पानी न भरे, इसके लिए कोई योजना कारगर साबित नहीं हो पाई है। जरा सी बारिश के बाद लोगों को घुटनों तक पानी से होकर निकलना पड़ा। राजेन्द्रनगर में झूलेलाल द्वार के पास डा. गोस्वामी वाले पार्क के चारों ओर बने घरों के आगे पानी भर गया। लोगों ने बताया कि जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में यही हाल होता है। बागबिगटान में भी जलभराव से लोग परेशान हुए। पुराने शहर में मदीना वाली मस्जिद के पीछे सड़क पर वैसे भी पानी भरा रहता है, बारिश ने हाल और खराब कर दिया। जीआईसी गेट के पास जल निकासी की सुविधा नहीं होने से यहां भी पानी भरा है। धर्मकांटे के पास पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के आवास के सामने सड़क पर जलभराव से दिक्कतें हुईं। यही हाल ईंट पजाया चौराहे के पास रहा।

# बरेली में प्रदेश का सबसे ठंडा दिन, 4 और 5 को भी बारिश का पूर्वानुमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- जिले में 14.7 मिमी हुई बारिश, शहर की अपेक्षा बहेड़ी, नवाबगंज और फरीदपुर में ज्यादा बरसात
- सामान्य से 1742 प्रतिशत अधिक हुई बारिश, अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री लुढ़का

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ के कारण जिले में बुधवार रात से शुरू हुई बारिश गुरुवार दोपहर तक जारी रही। मौसम विभाग ने 6 और 5 फरवरी को भी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। जिले में 14.7 मिमी बारिश रिकार्ड की गई, जो सामान्य 0.8 मिमी से 1742 फीसदी अधिक है। बहेड़ी, नवाबगंज और फरीदपुर में करीब 20 मिमी और शहर में 10 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री कम 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसकी वजह से दिन प्रदेश में सबसे ठंडा रहा।

हालांकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 13 डिग्री सेल्सियस रहा। 1 जनवरी से 1 फरवरी तक सामान्य 16.8 से 12 प्रतिशत कम बारिश हुई है। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 3 फरवरी से 5 फरवरी तक जिले में फिर बारिश के आसार हैं। वर्तमान सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मध्य क्षोभमंडलीय पछुवा हवाओं की निम्न क्षोभमंडलीय पुरवा हवाओं के साथ संभावित प्रतिक्रिया के दृष्टिगत 31 जनवरी से 1 फरवरी के दौरान जिले में तेज झोंकेदार हवाओं 30-40 किमी प्रति घंटा के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। 2 फरवरी को इस पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के कारण आगामी 48 घंटों के दौरान सतही स्तर पर हवाओं का रुख दोबारा पछुवा हो जाने और रात में विकिरणीय शीतलन बढ़ने से न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की अस्थायी गिरावट होगी। इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 3-5 फरवरी के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी।

## आरोपों से घिरे रहे अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह का मुरादाबाद तबादला

**बरेली, अमृत विचार :** अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार सिंह का तबादला मुरादाबाद नगर निगम में हो गया है। उनकी जगह पर शाहजहांपुर नगर निगम से एसके सिंह के आने की चर्चा है। राजस्व प्रभारी, डोर टू डोर, विज्ञापन सहित कई महत्वपूर्ण प्रभार अपर नगर आयुक्त पर रहे। इस दौरान उनपर कई आरोप भी लगे। दो दिन पहले नगर निगम बोर्ड बैठक में पार्षदों ने कई मामले उठाए, जो उन्हीं से संबंधित थे। हालांकि, वह सदन में मौजूद नहीं थे। इससे पहले डूडा का कार्यवाहक पीओ रहते हुए भी उन पर कई आरोप लगे थे। गुरुवार दोपहर में तबादला संबंधी आदेश निगम को मिला। उनका कार्यकाल तीन साल से अधिक रहा। शाहजहांपुर के अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने बताया कि अभी उनके पास कोई आदेश नहीं आया है।

# शार्ट सर्किट के बाद अब अलाव के भी नहीं मिले साक्ष्य

संवाददाता, बरेली/ फरीदपुर

- बिजली विभाग ने भी शार्ट सर्किट की कहानी को नकारा
- अग्निशमन विभाग की टीम पांचवे दिन दोबारा घटना स्थल पर पहुंची

**अमृत विचार :** फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में कमरे में आग से जलकर पांच लोगों की मौत के मामले में अब तक जो भी साक्ष्य मिले हैं, वह हादसा नहीं बल्कि हत्या की ओर ही इशारा कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि कमरे में अलाव जलने वाला कोई भी सामान नहीं मिला है। शार्ट सर्किट की बात विद्युत सुरक्षा टीम भी नकार चुकी है। हालांकि पांचवे दिन फायर विभाग की टीम ने दोबारा कमरे में जाकर जांच की।

फर्रखपुर मोहल्ले में अजय गुप्ता, उनकी पत्नी अनीता गुप्ता, दो बेटों और एक बेटी समेत पांच लोगों की 28 जनवरी को एक कमरे में जलकर मौत हो गई थी। इस घटना को पुलिस शुरू से ही हादसा बता रही है। हादसा की वजह बताने के लिए पुलिस के पास मात्र एक ही तर्क है कि कमरे में अंदर से बंद करने के लिए न तो कुंडी थी और न ही सिटकनी, इसलिए बाहर अजय या अनीता कमरे में बाहर से ताला डालकर सो जाते होंगे, जबकि अब तक मिले सभी साक्ष्य हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। बिजली विभाग की टीम ने शार्ट सर्किट से आग लगने की बात को नकार दिया है। टीम को मौके पर शार्ट सर्किट जैसा कोई सबूत नहीं मिला है। वहीं अग्निशमन विभाग की टीम भी अब तक घटना स्थल पर आग लगने का कारण पता नहीं कर सकी है। घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाले राजेन्द्र गुप्ता के अनुसार कमरे में अलाव के लिए न तो तसला था या न ही अंगीठी। पुलिस को भी अलाव जलने का कोई सुबूत नहीं मिला है।

फरीदपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को फर्रखपुर मोहल्ले में कई लोगों से पूछताछ की, हालांकि पुलिस को अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। इंस्पेक्टर रामसेवक ने बताया कि वह संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। पता कर रहे हैं कि अजय के घर पर उनके साथ के कौन कौन लोग आते थे। जो लोग आते जाते थे, उनसे भी पूछताछ की जाएगी। उन्हें अब तक अनीता का नंबर नहीं मिला है, जबकि राजेन्द्र और अजय के परिजनों के अनुसार दो महीने से अजय का एक नंबर अनीता अपने मोबाइल में चला रही थी।


घटना स्थल का निरीक्षण करते सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा। ● अमृत विचार

### लखनऊ की फॉरेंसिक टीम करेगी जांच

बरेली पुलिस ने जांच के लिए घटना स्थल के वीडियो, फोटो समेत अन्य साक्ष्य लखनऊ और गाजियाबाद फोरेंसिक टीम को भेज दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि साक्ष्यों के अलावा अन्य जानकारी जुटानी होगी तो लखनऊ या फिर गाजियाबाद से फॉरेंसिक टीम यहां पहुंचकर मामले की जांच कर सकती है।

हादसा किन कारणों से हुआ है इसकी जानकारी की जा रही है। अग्निशमन विभाग की टीम भी दोबारा जांच के लिए घटना स्थल पर पहुंची। बिजली विभाग की टीम ने तारों की जांच की है लेकिन यंत्रों की जांच नहीं की है। जो भी साक्ष्य मिले हैं उन्हें फॉरेंसिक लैब में भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर फॉरेंसिक टीम लखनऊ से घटना स्थल पर आ सकती है।
–घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

### दोबारा फायर टीम ने गहनता से की जांच

जांच के लिए घटना के पांचवे दिन दोबारा अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कमरे का क्षेत्रफल, दरवाजों की लंबाई, चौड़ाई, समेत पूरे घर का क्षेत्रफल की माप ली। सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि अभी वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। गुरुवार को टीम ने घर का नक्शा और मकान, कमरे और दरवाजों व खिड़कियों की लंबाई चौड़ाई की नापजोख की है। उन्होंने बताया कि पांच दिन के अंदर वह जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप देंगे। बताया कि इतनी जल्दी कुछ भी कहना सही नहीं होगा।

### एक घंटे तक उठता रहा धुंआ चुप रहा पड़ोसी

राजेन्द्र ने बताया कि अजय गुप्ता जिस मकान में रहते थे, उसके पड़ोस में गुड्डूलाल का मकान है। अजय के मकान का दरवाजा न खुलने पर जब वह गुड्डू लाल के मकान में गए तो गुड्डू लाल की पत्नी ने उनसे कहा कि घर से करीब एक घंटे से धुंआ उठ रहा है।

### डॉक्टरों ने भी मान लिया हादसा, सुरक्षित नहीं किया विसरा

पुलिस की जांच के आधार पर ही डॉक्टरों ने भी घटना को हादसा मान लिया और मृतकों का विसरा सुरक्षित नहीं किया। लोगों का कहना है कि हो सकता है कि घटना से पहले मृतकों को खाने में कुछ दे दिया गया हो। बेहोश होने के बाद कमरे में आग लगा दी गई हो, लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें मृतकों के पेट से कोई ऐसा तथ्य नहीं मिला, जिससे वे विसरा सुरक्षित करते।

### प्रमाणित कर सकते हैं कि शार्ट सर्किट से नहीं लगी आग

विद्युत सुरक्षा अधिकारी एके चौधरी ने बताया कि घटना स्थल का मुआयना करने पर पता चला कि हादसा शार्ट सर्किट से नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जब शार्ट सर्किट से आग लगती है तो तार चिपक जाते हैं और बेकार हो जाते हैं, जबकि बाहर से आग लगने पर प्लास्टिक पिघल जाती है। जांच में शार्ट सर्किट जैसे कोई निशान नहीं मिले। कमरे में कोई ब्लोअर भी नहीं मिला। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बिजली विभाग ने तारों की जांच की है, जबकि अन्य बिजली उपकरणों की जांच नहीं की है। एके चौधरी ने बताया कि वह प्रमाणित कर सकते हैं कि किसी यंत्र या बिजली लाइन में शार्ट सर्किट नहीं हुआ है। कमरे के बाहर किसी तरह से ताला नहीं लगाया जा सकता है।

# सांड़ से टकराकर कार में लगी आग

## फरीदपुर जा रहे बैंककर्मी ने जैसे-तैसे बाहर कूदकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बड़ा बाईपास पर नवदिया झादा के पास अचानक सांड़ आने से उससे बैंक कैशियर की कार टकरा गई। कैशियर ने बचने के लिए तेजी से ब्रेक लगाए तो स्पार्किंग से कार में आग लग गई। कैशियर ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।

सुभाषनगर निवासी रविकांत ने बताया कि वह फरीदपुर में ग्रामीण बैंक शाखा में कैशियर हैं। वह बृहस्पतिवार सुबह बैंक के लिए निकले थे। बड़ा बाईपास पर नवदिया झादा के आगे पुल के पास अचानक उनकी कार के सामने सांड़ आ गया और कार उससे टकरा गई। उन्होंने अचानक ब्रेक लगाए तो स्पार्किंग से कार में आग लग गई। उन्होंने तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। घटना के बाद बड़ा बाईपास की एक लेन पर यातायात थम गया। फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। बिथरी पुलिस ने यातायात सुचारू रूप से चालू किया।


बड़ा बाईपास पर सांड़ से टक्कर के बाद जलती कार। ● अमृत विचार

### खंभों में उतरा करंट, सांड़ और गाय की मौत

बारिश के दौरान सुभाषनगर के रामनारायण डेयरी वाली गली में बिजली के पोल में करंट उतर आया। उसकी एक सांड़ की मौत हो गई। किला उपकेंद्र से जुड़े गुलाबनगर में शक्ति धाम मंदिर के पास पोल में करंट आने से तीन गाय चपेट में आ गईं, जिसमें एक गाय की मौत हो गई। इसके बाद आपूर्ति ठीक हुई तो फेस नहीं आने की दिक्कत से लोग परेशान होते रहे।

## अवैध कब्जे मामले में डॉक्टर दंपती पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** अवैध कब्जा व धमकाने के मामले में डाक्टर दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सिविल लाइंस निवासी राजकरन पुरी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि 29 जनवरी को आरोपी डॉ. महिपाल सिंह पुरी व हरमीत पुरी सुरक्षा गार्ड को धमकाते हुए प्लाट में घुस आए। कैमरों में तोड़फोड़ कर प्लाट पर कब्जा शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि संबंधित संपत्ति का विवाद न्यायालय में लंबित है।

## गरीबरथ एक्सप्रेस के ब्रेक जाम, तीन घंटे भिटौरा स्टेशन पर खड़ी रही

- ट्रेन लेट होने पर यात्रियों ने एक्स पर की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** ब्रेक जाम होने के कारण 12212 मुजफ्फरपुर गरीबरथ एक्सप्रेस करीब तीन घंटे तक भिटौरा स्टेशन पर खड़ी रही। यात्रियों को परेशानी हुई। वहीं, कई यात्रियों ने ट्रेन के लेट होने पर रेल अधिकारियों से एक्स पर शिकायत भी की।

यश नाम के एक यात्री ने शिकायत कर बताया कि उसकी पुलिस संबंधी परीक्षा छूट गई है। दरअसल, यह ट्रेन बुधवार देर रात करीब ढाई बजे भिटौरा स्टेशन पर पहुंची। यहां पता चला कि ट्रेन के ब्रेक जाम हो गए हैं। गार्ड और लोको पायलट ने चेक किया तो स्लीपर कोच के ब्रेक जाम थे। दोनों उसे ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली तो टीएक्सआर स्टाफ पहुंचा। गुरुवार तड़के 5:15 बजे ब्रेक ठीक हो सके। करीब साढ़े चार घंटे की देरी से ट्रेन बरेली जंक्शन पर पहुंची।

# किताब में दूसरा चैप्टर खोलने पर छात्र का सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छात्र के पिता ने थाना कोतवाली में दिया शिकायती पत्र
- प्रधानाचार्य ने दिया शिक्षक पर कार्रवाई का भरोसा

**अमृत विचार :** छात्र ने गलती से किताब में दूसरा चैप्टर खोल दिया तो गुस्साये शिक्षक ने डंडे से छात्र का सिर फोड़ दिया। छात्र के पिता ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्कूल पहुंचकर भी नाराजगी जताई।प्रधानाचार्य ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

आलमगिरीगंज निवासी मोहित शर्मा का बेटा अविरल शर्मा रामपुर गार्डन स्थित एक कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ता है। अविरल की मां माला शर्मा ने बताया कि बुधवार को अविरल स्कूल गया था। गणित के शिक्षक ने छात्रों से किताब में एक पाठ खोलने को कहा। गलती से अविरल ने दूसरा चैप्टर खोल लिया। इससे नाराज होकर शिक्षक ने अविरल को पीटना शुरू कर दिया। पहले हाथों पर मारा। बाद में उसके सिर पर डंडा मार दिया जिससे सिर फट गया। आरोप है कि शिक्षक पहले भी कई छात्रों को बेरहमी से पीट चुका है। गुरुवार को छात्र के परिजन स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्य से शिकायत की। प्रधानाचार्य ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस प्रकरण में बात करने के लिए प्रधानाचार्य को कई बार फोन किया लेकिन उनका फोन उठा नहीं। परिजनों ने थाना कोतवाली में शिक्षक के खिलाफ शिकायती पत्र देने की बात कही। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें शिकायती पत्र नहीं मिला है। शिकायती पत्र मिलेगा तो शिक्षक पर कार्रवाई की जाएगी।


घायल छात्र अविरल शर्मा।

# वीसी बीडीए ने संभाला चार्ज अवैध निर्माण पर करेंगे सख्ती

**बरेली, अमृत विचार :** आगरा के सीडीओ रहे मनिकनंदन ए ने गुरुवार को बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का चार्ज संभाल लिया। उन्होंने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही है। प्राधिकरण के अफसरों और कर्मचारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

चार्ज संभालने के बाद संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण कराने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य में किसी तरह की रुकावट नहीं आने दी जाएगी। वीसी ने कर्मचारियों से किसी भी तरह के गलत कार्यों से दूर रहने को कहा।

मनिकनंदन ए ने बताया कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। सरकार की मंशा के विपरीत कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। शहर में अवैध निर्माण पर नजर रखी जाएगी और पहले चेतावनी फिर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन भवनों के मालिक स्वीकृत नक्शे की कॉपी निर्माण स्थल पर जरूर रखें ताकि निरीक्षण करने पर किसी तरह की परेशानी नहीं हो।


मनिकनंदन ए ने संभाला चार्ज।

- कर्मचारियों को भी गलत कामों से दूर रहने की हिदायत दी

## अब सिटी बसें 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से चलेंगी

**बरेली, अमृत विचार :** अब सिटी बसों से अपनी मंजिल तक और जल्दी यात्री पहुंच सकेंगे, क्योंकि सिटी बसों की स्पीड बढ़ाई जाएगी। अब तक 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक चलने वाली बसें 60 की स्पीड में दौड़ेंगी। स्मार्ट सिटी के तहत चलने वाली अधिकांश सिटी बसें शहर के अलावा अब देहात के रूटों पर दौड़ रही हैं। अभी आंवला, अलीगंज, मनौना धाम, शाही, शेरगढ़, शीगढ़ के साथ फरीदपुर रूट पर चलने वाली बसों की लिमिट 40 किलोमीटर प्रति घंटे की है। इसकी वजह से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लगता है। इसकी वजह से कई यात्री अन्य साधनों से जाते हैं। डिपो में गति बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है। दो बसों की स्पीड भी बढ़ गई है, हालांकि डिपो मैनेजर सुमन सिंह ने बताया कि अभी लिखित में आदेश नहीं आया है। आदेश मिला तो स्पीड बढ़ा दी जाएगी।

# पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र का निर्वस्त्र शव पेड़ से लटका मिला

संवाददाता, बरेली/हाफिजगंज

- परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का लगाया आरोप
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाना कारण, सुसाइड नोट भी मिला

**अमृत विचार :** पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र का हाफिजगंज के गांव परेवा कुर्मियान के बाहर शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फंदा लगाने से मौत सामने आया है।

गांव परेवा कुर्मियान निवासी चंद्रपाल उर्फ पप्पू का बेटा लक्ष्मण (24) स्नातक के बाद दिल्ली के दृष्टि आईएस सेंटर में पीसीएस की तैयारी कर रहा था। चंद्रपाल ने बताया कि बुधवार को लक्ष्मण का फोन आया कि वह घर आ रहा है। उसके पास किराए के लिए रुपये नहीं है। इस पर उन्होंने पहले 15 सौ और फिर एक हजार रुपये ऑनलाइन भिजवाए। लक्ष्मण रोडवेज बस से घर आ रहा था और उसने रात नौ बजे सिथरा बस अड्डे पर आने को कहा। वह अपनी पत्नी चंद्रकली के साथ बेटे को लेने के लिए सिथरा बस अड्डे पर पहुंचे। यहां पर पहुंचकर उन्होंने बेटे को फोन किया तो उसने बताया कि वह रामपुर आ गया है। उसके बाद फोन बंद हो गया। वह रात करीब 8.30 बजे तक बेटे के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन वह नहीं आया। गुरुवार सुबह राहगीरों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी कि गांव के पास एक खेत में पेड़ पर एक युवक का निर्वस्त्र शव लटका हुआ है। वह मौके पर पहुंचे जहां पर बेटे को फंदे से लटका देखा। मौके पर पुलिस को एक शराब की बोतल मिली है। उसका मोबाइल फोन भी खेत में भरे पानी में मिला। बैग और कपड़े भी मिले हैं।

निर्वस्त्र छात्र का शव पेड़ से लटका मिला। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
–हर्ष मोदी, सीओ नवाबगंज

### माता-पिता मुझे माफ कर देना

घटना स्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। जिसमें लिखा है कि आज मुझे बहुत कुछ पता चल गया। जीवन का सच भी पता चल गया है। माता-पिता मुझे माफ करें। मैं आत्महत्या करने का जिम्मेदार खुद हूं। पुलिस सुसाइड नोट से राइटिंग का भी मिलान कराएगी।

### पापा मेरे पास सिर्फ पांच मिनट का समय

पिता चंद्रपाल ने बताया कि रात नौ बजे के करीब बेटे का दोबारा से फोन आया और उसने कहा कि पापा मेरे पास सिर्फ पांच मिनट का समय है और मेरे कपड़े भी निकल रहे हैं। मेरी भाई और बहनों से बात करा दीजिए। इस दौरान लक्ष्मण ने अपने भाई-बहनों समेत परिवार वालों से बात की। इस दौरान उसने पिता से कहा कि अब वह उन्हें दोबारा नहीं मिलेगा और यह कहकर फोन काट दिया। जिसके बाद कई बार फोन किया लेकिन फोन बंद हो गया। उनके बेटे लक्ष्मण ने फोन पर बात करते समय यह भी कहा था कि उसे कुछ लोगों ने पकड़ लिया है। उसके हाथ-पैर बांधकर फंदे से लटका रहे हैं। इसके बाद कॉल कट गई। चंद्रपाल ने ग्राम प्रधान को पूरा मामला बताया और परिजन सुबह दिल्ली जाने वाले थे।

# फर्जीवाड़ा: कमिश्नर के पत्र के बाद हरकत में आए अधिकारी

- विधवा पेंशन के मामले में डीएम को लिखा पत्र, डीपीओ ने अपात्रों से वसूली के लिए भेजा रिमांइडर

**बरेली, अमृत विचार :** रामनगर ब्लॉक के गोठा खंडुआ गांव में 46 विवाहिताओं के पतियों को कागजों में मारकर विधवा पेंशन का लाभ देने के मामले में वसूली की रफ्तार काफी सुस्त है। एफआईआर के बाद सभी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने डीएम को पत्र लिखकर कार्यवाही की प्रगति पूछी है। इस पत्र के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने वसूली के लिए रिमांइडर भेजा है। सितंबर में गोठा खंडुआ में अपात्र महिलाओं को विधवा पेंशन देने का मामला सामने आया था।

तीन दलालों पर एफआईआर के बाद डीएम रविंद्र कुमार की सख्ती से कई जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है। सभी अपात्र महिलाओं से विधवा पेंशन की रकम की वसूली के आदेश दिए गए थे लेकिन अभी तक सिर्फ दो महिलाओं से ही वसूली हो सकी है। पिछले दिनों कमिश्नर ने कार्रवाई की जानकारी के लिए डीएम को पत्र लिखा था। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने बताया कि कमिश्नर का पत्र आया है। सभी अपात्र महिलाओं से वसूली के लिए रिमाइंडर भेजा गया है। कार्रवाई के लिए भी पत्र लिखा गया है।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# रक्षा बजट में 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी से मजबूत होगा भारत

▸▸ पूर्व सैनिक बोले- रक्षा बजट में वृद्धि वैश्विक जरूरतों के मुताबिक

**बरेली, अमृत विचार:** रक्षा क्षेत्र के बजट पर केंद्र सरकार ने 3.4 वृद्धि की है जिसके बाद कुल बजट में रक्षा क्षेत्र की हिस्सेदारी आठ प्रतिशत हो गई है। इस पर पूर्व सैनिकों का कहना है कि सरकार ने वैश्विक जरूरत के मुताबिक यह कदम उठाया है। हालांकि यह वृद्धि हर साल के रक्षा बजट के अनुसार ही है।



रक्षा विभाग को सर्वाधिक बजट दिया जाना वैश्विक परिवेश को देखते हुए बेहद आवश्यक था। सरकार के बजट में भविष्य की परिस्थितियों का आकलन किया गया है।
– **सूबेदार केके दीक्षित**, पूर्व सैनिक



भारत हथियार आयात करने के मामले में दुनिया में पहले नंबर पर है। रक्षा बजट बढ़ोतरी के कदम से साफ है कि अब आयात कम करने पर जोर दिया जा रहा है।
– **सूबेदार अनिल सक्सेना**, पूर्व सैनिक



बजट में डिफेंस रिसर्च पर फोकस करने का सुझाव दिया गया है। हालांकि इसके लिए स्वदेशी हथियार बनाने के संबंध में विचारशील सोच अपनाई गई है।
– **कैप्टन नजाकत हुसैन**, पूर्व सैनिक



हथियारों के लिए पिछले साल की तुलना में आंकड़ों के अनुसार करीब 10 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी है, जो अच्छा संकेत है।
– **जसंवत सिंह भाकुनी**, प्रदेश अध्यक्ष एक्ससर्विसमैन कोऑर्डिनेशन कमेटी

## आईआईए पदाधिकारियों ने बिथरी विधायक के साथ देखा सीधा प्रसारण

# इस बजट में विकसित भारत का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शहर के एक होटल में विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के साथ बजट का लाइव प्रसारण देखते आईआईए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईआईए के पदाधिकारियों ने शहर के एक होटल में भाजपा विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के साथ बजट का सीधा प्रसारण देखा। बाद में हुई बैठक में इस पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले 10 बरसों में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। इस बार भी देश की उन्नति को केंद्र में रखते हुए बजट तैयार किया गया है।

आईआईए के चैप्टर चेयरमैन तनुज भसीन ने कहा कि केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट को संतुलित रखा है। इसे चुनावी बजट नहीं कहा जा सकता। इसमें पहले ही बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं थी। बजट के प्रावधान विकसित भारत के संकल्प को दोहराना जैसा है। उद्यमी उन्मुक्त संभव शील ने कहा कि अंतरिम बजट में मोदी सरकार ने सभी का ख्याल रखा है और केंद्रीय योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया है। कोषाध्यक्ष रजत मेहरोत्रा ने रेलवे की माल और यात्री गाड़ी की लाइन अलग-अलग करने को अच्छा कदम बताया। मयूर धीरवानी ने बजट को देश की दिशा और दशा को सुदृढ़ करने वाला बताते हुए कहा कि भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनामिक कॉरिडोर एक परिवर्तनकारी पहल है। उन्होंने कहा कि चार करोड़ किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को मदद मिली है। स्किल इंडिया मिशन में 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेंड करने की पहल भी अच्छी है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव दिनेश गोयल, डिविजनल चेयरमैन विमल रेवाड़ी, नीरज गोयल, एसके सिंह, मनोहर लाल, मनोज पंजाबी, आशुतोष शर्मा , सतीश अग्रवाल, अल्पित अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, राजीव आनंद भी उपस्थित रहे।

## डॉक्टरों ने कहा- बेहतर बजट

**बरेली, अमृत विचार:** डॉक्टरों का कहना है कि केंद्र सरकार के बृहस्पतिवार को पेश किए गए अंतरिम बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को महत्वपूर्ण मानते हुए प्राथमिकता में रखा गया है। सरकार का यह कदम सराहनीय है।



सर्वाइकल कैंसर ब्रेस्ट कैंसर के बाद महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है। सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण बढ़ाने के फैसले को एक चिकित्सक होने के नाते स्वागत योग्य मानता हूं। इस वैक्सीन का कोर्स करीब 20 हजार रुपये का है। – **डॉ. राजेश कुमार**



बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला है। नए मेडिकल कॉलेज, किशोरियों के मुफ्त टीकाकरण, आयुष्मान में आशा कार्यकर्ताओं को शामिल करने से स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। आम लोगों को ज्यादा फायदा मिलेगा।
– **आदित्य मूर्ति, सचिव एसआरएमएस ट्रस्ट**



केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बहुत ही नपातुला बजट पेश किया है। इस बजट को सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसमें सबका साथ सबका विश्वास की झलक दिखाई दे रही है जिसकी वजह से यह सराहनीय है। – **डॉ. राजीव गोयल, आईएमए अध्यक्ष**

# आशाएं बोलीं...केंद्र का आभार प्रदेश सरकार भी पूरी करे हमारी मांगें

**बरेली, अमृत विचार:** आशा कार्यकर्ता काफी समय से स्वास्थ्य कर्मी के दर्जे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। केंद्र सरकार के बजट में उनके साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान योजना में शामिल किए जाने को उनका गुस्सा शांत करने की कोशिश माना जा रहा है। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश सरकार को भी अब उनका मानदेय बढ़ाने के साथ दूसरी मांगें पूरी करनी चाहिए।

### आयुष्मान योजना से मिलेगी बड़ी राहत



केंद्र सरकार की ओर से आयुष्मान योजना से लाभान्वित कराने पर आभार व्यक्त करते हैं। यह भी ध्यान देना चाहिए कि हम लोग बेहद कम मानदेय पर स्वास्थ्य सेवाओं में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।
– **मंजू पटेल**



आर्थिक रूप से कमजोर होने से आपातकालीन स्थिति में सरकारी व्यवस्था पर ही निर्भर थे। गंभीर बीमार होने पर भी निजी अस्पतालों में जाने से बचते थे। आयुष्मान योजना से लाभ होगा।
– शिववती साहू



सरकार ने आशाओं को आयुष्मान योजना के तहत कवर करके उनका भविष्य सुरक्षित किया है। आर्थिक कमजोर होने के कारण आपातकालीन स्थिति में हमें किसी का मुंह नहीं देखना पड़ेगा।
– **जय श्री गंगवार**



उम्मीद नहीं थी केंद्र सरकार आशाओं को भी कुछ लाभ देगी। अस्पतालों में सस्ते इलाज का लाभ मिलेगा और आशाओं पर आर्थिक दबाव भी नहीं आएगा। इससे हम लोगों को काफी राहत मिलेगी।
– **लक्ष्मी देवी**

# कर्मचारी बोले- सरकार ने हमारा ख्याल नहीं रखा

**बरेली, अमृत विचार :** आयकर सीमा में छूट और रेल किराए में रियायत बहाल होने की उम्मीद लगाए बैठे सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी बजट को अपने लिए निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि चुनावी साल होने की वजह से उम्मीद थी कि सरकार पिघलेगी लेकिन बजट में उनका कोई ख्याल नहीं रखा गया।



इस बजट से सरकारी कर्मचारियों में अफसोस का माहौल है। सरकारी कर्मियों को आयकर सीमा में राहत की उम्मीद थी लेकिन सरकार की ओर से कोई छूट नहीं दी गई है।
– **नईम अहमद**, खेल प्रशिक्षक



उम्मीद थी कि सरकारी कर्मियों के लिए तय आयकर सीमा में कटौती होगी लेकिन न मानक कटौती बढ़ी, न बचत सीमा बढ़ाई गई। न आने वाले समय में होम लोन का फायदा होगा।
– **छोटे लाल**, प्रवक्ता



वरिष्ठ नागरिकों को आयकर सीमा में छूट की आशा थी लेकिन उनके लिए कोई भी घोषणा नहीं की गई। बजट वरिष्ठ नागरिकों के लिए काफी निराशाजनक रहा है।
– **प्रवीण कालरा, सेवानिवृत्त कर्मचारी**



बजट से निराशा हाथ लगी। हमारे वेतन का बड़ा हिस्सा ईएमआई, बच्चों की फीस और चिकित्सा सुविधाओं में चला जाता है। निशुल्क चिकित्सा सुविधा की मांग नहीं सुनी गई।
– **सीमा कश्यप**, सहायक अध्यापक



आयकर सीमा में छूट के साथ वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में 40 फीसदी रियायत और बैंक से लोन की सुविधा की जरूरत थी लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। – **सुरेश बाबू मिश्रा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य**



वरिष्ठ नागरिकों को फिर निराशा हाथ लगी है। उम्मीद थी की कोरोना काल में जो रेल रियायत छीन ली गई थी, उसकी बहाली होगी लेकिन ऐसा न कर सरकार ने निराश किया है।
– **दिनेश सक्सेना**, सेवानिवृत कर्मचारी

# गलत इलाज से प्रसूता और शिशु की मौत, रिपोर्ट दर्ज

▸▸ प्रसूता की मौत के बाद आरोपी झोलाछाप शटर गिराकर फरार

▸▸ परिजनों का आरोप, प्रसव के दौरान पेट दबाने से टूटी चारपाई

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** प्रसव कराते समय प्रसूता और गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि झोलाछाप ने प्रसव कराने के लिए प्रसूता के पेट को इतनी जोर से दबाया कि चारपाई ही टूट गई। उन्होंने इसकी वीडियो पुलिस को सौंपी है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी मौके से फरार हो गया।



सुमन (फाइल फोटो)

नन्ही देवी पत्नी गयादीन निवासी मोहल्ला दुधराजपुर कस्बाबाद थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर ने तहरीर दी कि उनकी पुत्री सुमन ( 35 ) को रात दो बजे प्रसव पीड़ा हुई। वह उसे प्रसव के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जा रही थीं, तभी पड़ोसी अमरपाल सिंह निवासी लाइन पार मठिया कस्बा व थाना फरीदपुर उनके घर आया और खुद को प्रशिक्षित डॉक्टर होने के साथ-साथ सुरक्षित प्रसव करने की भी जिम्मेदारी ले ली। बताया कि उनके यहां एक प्रशिक्षित महिला डॉक्टर भी प्रसव कराने के लिए आती है। झोलाछाप की बातों में आकर सुमन के परिजनों ने 10 हजार रुपये भी डॉक्टर के पास जमा कर दिए। जब महिला डॉक्टर को बुलाने को कहा तो उसने बताया कि उन्होंने महिला डॉक्टर को फोन कर दिया है, कुछ देर में ही वह आने वाली हैं। इसी बीच झोलाछाप अमरपाल ने प्रसूता को कई इंजेक्शन लगा दिए, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर में प्रसूता के पेट में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद अमरपाल ने उसके परिजनों को अस्पताल से निकाल दिया।

जब परिजनों को जानकारी हुई डॉक्टर बिना डिग्री और प्रशिक्षण के स्वयं महिलाओं के प्रसव करता है। उसके गलत इंजेक्शन लगाने से उनकी बेटी के पेट में पल रहे गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। कुछ ही देर में ही उनकी बेटी की भी मौत हो गई। इसके बाद झोलाछाप दुकान बंद कर फरार हो गया ।

# अपार्टमेंट में सिलिंडर में आग लगने से मची अफरातफरी

**बरेली, अमृत विचार :** डीडीपुरम में बृहस्पतिवार सुबह सेवन स्टार अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल के एक फ्लैट के किचन में खाना बनाते समय सिलिंडर में आग लग गई। जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई। लोग तुरंत नीचे उतरकर आ गए। हालांकि आग से कोई नुकसान नहीं हुआ।

फ्लैट मालिक सनी साहनी ने बताया कि किचन में खाना बनाने के दौरान सिलिंडर में आग लग गई थी। इसके बाद पूरा परिवार दहशत में आ गया। आसपास के फ्लैट के लोग भी घबरा गए और नीचे उतरकर आ गए। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और फोम आदि का इस्तेमाल कर आग को बुझाया।

**इलेक्ट्रिक पैनल में लगी आग :** वहीं सिविल लाइंस में अक्षय बिहार के पास लेक व्यू अपार्टमेंट में दोपहर करीब 12:30 बजे ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रिक पैनल में आग लग गई थी। आग फैलने के डर से वहां रहने वाले लोग निकलकर सड़क पर आ गए। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने तत्काल बिजली सप्लाई बंद करने के बाद आग पर काबू पा लिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइविटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## सार-संक्षेप

### जिलाध्यक्ष के आवास में बैठक में नहीं पहुंचे कई पदाधिकारी



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर गुरुवार को जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला के गोल्डन ग्रीन पार्क स्थित आवास पर बैठक हुई। लेकिन इसमें कई पदाधिकारी शामिल नहीं हुए। दरअसल, पुरानी जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को ससम्मान संगठन में शामिल करने और सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई थी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बैठक में कई नव नियुक्त पदाधिकारी नहीं पहुंचे। आरोप है कि बैठक का विरोध भी किया गया। फिलहाल, जिलाध्यक्ष ने इसकी सूचना प्रदेश अध्यक्ष को दे दी है। मिनेश मिश्र, राजेश्वरी देवी, वंदना पांडेय, मीनाक्षी मौजूद रहीं।

### अयोध्या में हितु मिश्रा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार :** अयोध्या में चल रहे रामोत्सव समारोह में बरेली की शास्त्रीय गायिका डॉ. हितु मिश्रा ने कबीर के राम विषय पर रचित भजनों का गायन किया। श्रोता भक्तिभावना में सराबोर हो गए। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से पर्यटन, संस्कृति विभाग एवं संत कबीर अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में रामोत्सव मनाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर अभिषेक मिश्रा, सांस्कृतिक संकुल मंच के नोडल एवं कबीर अकेडमी के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी, समन्वयक अभय निर्भीक और रामायण धर ने डॉ. हितु मिश्रा को स्मृति चिन्ह के रूप में राम दरबार भेंट किया। उनके साथ अनुकृति और अनुश्रुति ने गायन में, पंडित विजय चंद्रा ने कीबोर्ड पर और अजय बनर्जी ने तबले पर संगत की।

### परीक्षा का तनाव दूर करने को करें भ्रामरी प्राणायाम

**बरेली, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने में करीब दो सप्ताह रह गए हैं। छात्रों पर परीक्षा को लेकर तनाव होना स्वाभाविक है। पांच से दस मिनट योग करके छात्र स्वयं को तनाव से मुक्त रख सकते हैं। योग गुरु विजय गुप्ता ने बताया कि परीक्षा का नाम ही ऐसा है कि कोई भी व्यक्ति तनाव में आ जाए। विद्यार्थियों को एकाग्रता के लिए अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पढाई से ब्रेक के दौरान, सोने से पहले या सोकर उठने के बाद छात्र भ्रामरी प्राणायाम करें। इससे नकारात्मक विचारों को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। भ्रामरी प्राणायाम के तहत कमर सीधी रखकर दोनों हाथों की उंगलियों को आंखों पर रखकर स्वांस अन्दर-बाहर करें। अनुलोम विलोम भी दिमाग को शांत रखने में मदद करता है। इसके अलावा कमर सीधी रखकर आंख बंद कर बैठें और केवल अपनी सांसों पर पांच मिनट के लिए ध्यान दें। इससे नकारात्मक विचार दूर रहते हैं, एकाग्रता भी बढ़ती है। बाकी मेडिटेशन, संगीत भी सुन सकते हैं।

### किसानों को वितरित किए शाकभाजी के बीज



**बरेली, अमृत विचार :** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत संकर शाकभाजी, मसाला, पुष्प क्षेत्र विस्तार व एससीपी के लिए किसानों को शाकभाजी के बीज निशुल्क वितरित किए गए। योजना के तहत गांव सिंगतरा उदरा, भीकमपुर, मंगतपुर, कर्दरा, मोहनपुर, भुड़वा, अनंदीपुर, पतरासी, वहापुर, भिलइया व ऐंठपुरा के किसान नोनी राम, मनोहर लाल, उमाशंकर, महेंद्र पाल, सत्यपाल, गनेशी देवी, शाहिद रजा, नसीम खां, खेमकरन, बाबूराम, मान सिंह, जगदीश कुमार को लौकी, तुरई, खीरा, टमाटर, शिमला मिर्च, करेला, प्याज, गेंदा के बीजों का वितरण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि योजना के तहत किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। उद्यान निरीक्षक नीरज कुमार, धवल कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## दो विषय चयन करने वाले छात्र देखें सूची

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक पंचम सेमेस्टर के छात्रों को सूची देखकर परीक्षा देने के निर्देश दिए गए हैं।

कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि जिन छात्रों ने जिन दो विषयों को चुना हैं उनसे संबंधित विभाग में जाकर नोटिस बोर्ड पर चस्पा सूची में देख लें कि उन्हें किस विषय में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग (11111) का प्रोजेक्ट जमा करना है। यह सूची सभी विभागों में चस्पा है। दोनों विषयों में से किसी एक ही विषय में ये प्रोजेक्ट सभी विभाग में 5 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर 1:30 बजे तक जमा किए जाएंगे।





## एलएलबी और बीएएलएलबी की परीक्षा शुरू, खिड़कियों में छिपाई नकल मिली

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी और बीएएलएलबी की विषम सेमेस्टर की परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। बरेली कॉलेज में स्वकेंद्र समेत दो अन्य कॉलेजों का केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के दौरान कॉलेज में काफी सख्ती की गई। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि दोपहर 2:30 से 5:30 बजे की पाली में बृहस्पतिवार को प्रथम और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा से पहले छात्रों की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद परीक्षा के दौरान भी चार बार मास चेकिंग की गई। प्राचार्य ने भी सचल दल के साथ चेकिंग की। हालांकि इस दौरान किसी छात्र को नकल सामग्री के साथ नहीं पकड़ा गया, हालांकि कक्षों की खिड़कियों पर छिपाई नकल को शिक्षकों ने बरामद किया।

## बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए बस सेवा शुरू करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ग्रामीण क्षेत्र के रूटों पर बसों का कराया जाएगा संचालन
- माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पत्र भेजकर विभाग को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षार्थियों को समय पर केंद्रों तक पहुंचने के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस बार दूर दराज के क्षेत्रों से छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए बस सेवा का संचालन किया जाएगा। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने डीआईओएस को पत्र भेजा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इस व्यवस्था को शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

दसवीं और 12 वीं के छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा के दौरान रास्ते में जाम की समस्या के अलावा आवागमन के पर्याप्त साधनों न होने के कारण छात्र-छात्राओं को केंद्रों तक पहुंचने में दिक्कत होती है। देरी के चलते कई बार पेपर छूट जाता है। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि छात्रों को सहूलियत देने के लिए परीक्षा अवधि तक ग्रामीण बस सेवा शुरू की जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर बसों का संचालन सभी रूटों पर शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवहन अधिकारियों को परीक्षार्थियों की संभावित संख्या भी उपलब्ध कराई जाएगी। बताया जाएगा किन क्षेत्रों में परिवहन संबंधी समस्या है, ताकि संबंधित रूट पर बस का संचालन कराया जा सके।

# स्कूलों की स्मार्ट क्लास में जल्द लगवाएं टीवी, खराब तीन दिन में ठीक कराएं

## डीएम ने ली बैठक, अफसरों को स्मार्ट क्लास की व्यवस्थाएं बेहतर बनाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डीएम रविंद्र कुमार ने स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्थाएं बेहतर बनाने पर जोर दिया। कहा कि टीवी नहीं हैं तो निर्धारित फंड से खरीदारी की जाए। टीवी घूमने वाले स्टैंड पर लगाया जाए जिससे एक कक्षा से दूसरी में ले जाने में आसानी हो और सभी छात्रों को फायदा मिले। टीवी खराब हैं तो अगले तीन दिन में सही करा दिए जाएं।

विकास भवन में आयोजित बैठक में डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि विद्यालय परिसर में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीवी पर ही हेल्थ और न्यूट्रीशियन, पर्सनल हाईजिन से संबंधित वीडियो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, धात्री महिलाओं को अनिवार्य रूप से दिखाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें।



विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से कहा कि दिशा एप का लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दें। उन्हें स्क्रीन शेयर के माध्यम से एप का वीडियो देखने के बारे में बताएं।

दूध निकालकर पालतू पशुओं को छोड़ने वालों पर डीएम के तेवर तल्ख रहे। उन्होंने कहा कि पहली बार चेतावनी नोटिस दें। इसके बाद भी लोग नहीं मानते हैं तो पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज कराएं। सांड़ों को पकड़कर नंदीशाला में संरक्षित करने में तेजी लाई जाए। डीएम ने कहा कि गोशालाएं बनाने के लिए प्रधान और एडीओ पंचायत सरकारी जमीन की जानकारी दें। सड़क और बिजली की सुविधा भी हो। सीडीओ जग प्रवेश, आईएएस दिशा जोशी, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, सभी बीडीओ, एबीएसए, सीडीपीओ, एडीओ पंचायत मौजूद रहे।

- कहा, चेतावनी के बाद भी दूध निकालकर पशुओं को छोड़ने वालों पर कराएं पशु क्रूरता में केस

### आगाह किया, सप्ताह भर बाद लेंगे प्रमाण पत्र

जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत से कहा कि विद्यालयों में टीवी पर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं, उनकी पात्रता, साफ-सफाई, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों, प्रधानमंत्री की ओर से विशेष अवसरों पर दिए जाने वाले उद्बोधनों को दिखाया जाए, इससे लोग प्रेरणा ले सकेंगे। एक सप्ताह बाद सभी से प्रमाण पत्र लेंगे कि गतिविधियां शुरू हुई हैं या नहीं।

## एआरपी मामले में दो महीने तक टालते रहे हाईकोर्ट का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीएसए ने अब पूजा रानी को दोबारा एआरपी पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिए निर्देश
- आरोप- खंड शिक्षा अधिकारियों ने बिना जांच किए पद से हटाने की कर दी थी संस्तुति

**अमृत विचार :** एआरपी प्रकरण में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन करने में बेसिक शिक्षा विभाग को दो महीने लग गए। अब जाकर पूजा रानी सिंह को विभाग ने दोबारा से एआरपी का कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

बीते दिनों फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर पूजा रानी सिंह को एआरपी के पद से हटाते हुए आलमपुर जाफराबाद के गौसगंज स्थित प्राथमिक स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर भेज दिया गया था। इस मामले को लेकर वह इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गई थीं। प्रकरण में कोर्ट ने दो महीने पहले विभाग को पूजा रानी सिंह को एआरपी के पद ज्वाइनिंग कराने के आदेश दिए थे, अब बीएसए ने उन्हें दोबारा आलमपुरा जाफराबार में ही हिंदी विषय के एआरपी पद पर कार्यभार ग्रहण करने आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी और कुछ अन्य लोगों ने जन प्रतिनिधियों के लेटर पैड का अनुचित उपयोग कर झूठे आरोप लगाकर उनकी शिकायत कर दी थी।

आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी ने उनके खिलाफ फर्जी रिपोर्ट तैयार की थी। एआरपी पद से हटाने की संस्तुति की गई थी। इस संबंध में बीएसए संजय सिंह ने बताया कि पूजा रानी सिंह को एआरपी के पद पर दोबारा से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए हैं।

## सड़क सुरक्षा पर अवंतीबाई कॉलेज में नुक्कड़ नाटक

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता हुई। प्रश्नोत्तरी में सलौनी ने प्रथम, रेनू कुमारी ने द्वितीय और शीतल श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नुक्कड़ नाटक में सलोनी की टीम ने छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर प्रो. संध्या सक्सेना, सुरभि श्रीवास्तव, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास पटेल मौजूद रहे।

## फाइलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए 10 से चलेगा विशेष अभियान

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलेगा। इसके तहत लोगों को फाइलेरियारोधी दवा आइवरमेक्टिन, डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि अभियान जिले में चलेगा।

आशा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाएंगे। यह दवा दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को खानी है। यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। आईडीए अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है।

## नए कॉलेज या पाठ्यक्रम खोलने के लिए पांच तक करना होगा आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन के आदेश पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने जारी किए निर्देश

**अमृत विचार :** शासन के आदेश पर रुहेलखंड विश्वविद्याल ने नए कॉलेज या पाठ्यक्रम शुरू करने संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। कॉलेजों को इसके लिए 5 फरवरी तक आवेदन करना होगा। 18 मई तक विश्वविद्यालय को संबद्धता प्रदान करनी होगी।

कुलसचिव की ओर से जारी पत्र के मुताबिक शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए नए महाविद्यालयों या संस्थानों को खोलने और महाविद्यालयों में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त पाठ्यक्रमों या विषयों को शुरू करने के लिए शासन ने 15 सितंबर 2023 को जारी समय सारिणी के आदेश में संशोधन किया है। इसके तहत 5 फरवरी तक विश्वविद्यालय में अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करना होगा। 20 फरवरी तक प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। अनापत्ति आदेश 29 फरवरी तक ऑनलाइन जारी किया जाएगा। अनापत्ति पर 10 मार्च तक शासन में अपील कर सकते हैं। शासन से 20 मार्च तक अपील निस्तारित की जाएगी। निरीक्षण मंडल का गठन 5 अप्रैल तक करना होगा। निरीक्षण मंडल को 30 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी और 18 मई तक विश्वविद्यालय को संबद्धता प्रदान करनी होगी। संबद्धता के संबंध में 31 मई तक शासन में अपील कर सकेंगे और शासन स्तर से 20 जून तक अपील का निस्तारण किया जाएगा।

## टेनिस बॉल से खेलकर सीधे सीनियर वीमेंस क्रिकेट तक पहुंच गई मुस्कान

मोनिस खान, बरेली

- घरेलू सीनियर प्रतियोगिताओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट को बनाया लक्ष्य

**अमृत विचार:** लगन और जज्बा मुश्किल से मुश्किल सफर को आसान कर देता है। खेतों में टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलने वाली 17 साल की मुस्कान सिंह भी ऐसे ही सफर पर निकल पड़ीं। चार साल के अंदर सीधे सीनियर वीमेंस क्रिकेट में पहचान बनाने की उनकी कोशिश ध्यान खींचती है। अखा गांव की रहने वाली मुस्कान हाल ही में महिलाओं की रणजी ट्रॉफी कही जाने वाली सीनियर वीमेंस क्रिकेट लीग खेलकर आई हैं। उनकी नजरें अन्य घरेलू सीनियर प्रतियोगिताओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट पर है।

बड़ी संख्या में लड़कियां सीनियर स्तर पर क्रिकेट खेल रही हैं। मुस्कान की कामयाबी उनमें से बहुतों से अलग इसलिये है क्योंकि उन्होंने बिना जूनियर टूर्नामेंट खेले सीधे सीनियर तक का सफर तय किया है।

मुस्कान बताती हैं कि उनके पिता अरविंद सिंह भदौरिया को क्रिकेट का काफी शौक है। पिता ने ही उनके अंदर भी रुचि जगाई। पिता व गांव के अन्य लड़कों के साथ वह खेतों में टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलती थीं। कभी लेदर बॉल देखी तक नहीं। उनके कदमों की मूवमेंट और शॉट मारने के तरीके की सभी तारीफ करते थे। करीब चार साल पहले कोरोना की शुरुआत हुई। उसी समय उनके पिता को क्रिकेट कोच महफूज खान की मुफ्त कोचिंग के बारे में पता चला। पिता उन्हें सीबीगंज स्थित खलीफा क्रिकेट एकेडमी में भेजने लगे। वहां करीब चार साल क्रिकेट की तकनीक सीखी। वह राइट हैंड बैट्समैन व मध्यम गति की तेज गेंदबाज हैं।



नेट प्रैक्टिस के दौरान कोच के साथ मुस्कान सिंह। ● अमृत विचार



पूर्व भारतीय महिला गेंदबाज झूलन गोस्वामी के साथ मुस्कान सिंह।

### ऐसे हुआ अरुणाचल प्रदेश की टीम में चयन

अरुणाचल प्रदेश की टीम में मुस्कान का चुनाव बल्लेबाजी के दम पर हुआ। ट्रायल मैच में उन्होंने सबसे ज्यादा 78 रन बनाये। सिलेक्टर्स बहुत प्रभावित हुए और अरुणाचल प्रदेश की सीनियर वीमेंस टीम में शामिल कर लिया। उन्हें बतौर ओपनर जगह दी गई। उन्होंने दिल्ली में सीनियर वीमेंस क्रिकेट लीग खेली। हालांकि दूसरे मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गईं और बाकी के चार मैचों में बाहर बैठना पड़ा।

### झूलन गोस्वामी से मिली तारीफ

मुस्कान बताती हैं कि लीग के दौरान भारतीय टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी से उनकी मुलाकात हुई। वह बंगाल की टीम को कोच कर रही थीं। झूलन ने उन्हें खेलते देखा तो खूब तारीफ की और कई टिप्स दिये। झूलन गोस्वामी ने क्रिकेट में तकनीक के जरिये ही खुद को इंप्रूव करने की सलाह दी। मुस्कान भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर हार्दिक पंड्या को अपना आदर्श मानती हैं। उनका अगला लक्ष्य टीम इंडिया होगा।

## बारिश और ठंड के बीच हेड मास्टर की भूख हड़ताल जारी

**बरेली, अमृत विचार :** बीईओ पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने और एक महीन तक निलंबित रहे हेड मास्टर राम गोपाल वर्मा ठंड और बारिश के बीच बीएसए कार्यालय के बाहर दूसरे दिन गुरुवार को भी भूख हड़ताल पर बैठे रहे। उनका आरोप है कि बहाली के बाद उन्हें मूल विद्यालय से 50 किमी दूर तैनाती दी गई है। वहीं, बीएसए ने शिक्षण कार्य न करने पर शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की बात कही है।



भूख हड़तपाल पर बैठे हेड मास्टर राम गोपाल वर्मा।

सहासा प्राथमिक स्कूल के हेड मास्टर ने बताया कि उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी की अभद्रता और कमीशनखोरी की शिकायत बीएसए से की थी। इस वजह से उन्हें निलंबित कर दिया गया था। वह आलपुर जाफराबाद बीआरसी और बीएसए दफ्तर पर भूख हड़ताल कर चुके हैं। उस वक्त एडी बेसिक विनय कुमार और प्रभारी बीएसए भानु शंकर गंगवार ने खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था, मगर अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में बीएसए संजय सिंह का कहना है कि हेड मास्टर का रवैया उचित नहीं है। उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत चयनित विद्यालय में भेजा गया है। जल्द उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बै-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोडों का दर्द






GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा.शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# नकली शराब बनाने वाले तीन गिरफ्तार

## ट्रैक्टर-ट्राली भी चोरी कर बेचते थे आरोपी

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा



छानबीन करने पहुंचे एसपी देहात।

▸▸ एक ट्रैक्टर, तीन ट्रालियां, शराब बनाने का सामान बरामद

**अमृत विचार :** भोजीपुरा पुलिस ने गांव अभयपुर के पास एक मकान से नकली शराब बनाने और ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दोहना पीतमराय निवासी सूरज शर्मा, अमरपाल और सर्वेश के रूप में हुई है। मौके से शराब, एक ट्रैक्टर और तीन ट्रालियां, खाली पव्वे और केमिकल बरामद हुआ है।

जनवरी में भोजीपुरा के गांव जनक जागीर, बुद्धसेन मझौआ गंगापुर, पड़ी हलवा, विद्यापुर कायस्थान, शेरगढ़ के गांव जामुनिया जागीर, बसुधरन जागीर से कई किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और रोटावेटर चोरी हुए थे। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि अभयपुर गांव से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन के पास गुरुवार देर शाम एक कच्चे मकान में दबिश दी। यहां तीन लोग सोल्जर नाम से नकली शराब केमिकल से बना रहे थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पौन पेटी नकली शराब और एक हजार खाली पव्वे, एक हजार ढक्कन, 80 रेपर और एक्टिफाइड स्प्रिट, एक ट्रैक्टर और तीन ट्रालियां और बैट्री बरामद हुईं।

आरोपियों ने बताया कि कुछ ट्रालियों को काटकर बेच दिया गया है। जिस स्थान पर शराब बन रही थी। वह प्लांट बारादरी इलाके के संजय नगर निवासी नरेश कश्यप उर्फ चीमा का है। वहीं सरगना है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पूछताछ के बाद शुक्रवार को आरोपियों को जेल भेज दिया जाएगा।

## व्यापारी की कार पर फायरिंग मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** सतीपुर चौराहा के पास व्यापारी की कार पर फायरिंग के मामले में बारादरी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से फायरिंग करने वालों की तलाश कर रही है। रामपुर गार्डन निवासी वरुण सूरी के मुताबिक उनका नवाबगंज में पेट्रोल पंप है। वह बुधवार रात मैनेजर अमित मौर्या के साथ घर वापस आ रहे थे। सतीपुर चौराहा पर जैसी ही उनकी थार कार पहुंची, वैसे ही कुछ युवकों ने उनकी कार पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से वह बाल बाल बच गए और कार की खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आरोपी भाग गए। मौके से कारतूस का खोखा भी बरामद हुआ है। बारादरी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## हिस्ट्रीशीटर भाइयों पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट

**बरेली।** सेलेक्शन प्वाइंट के पास युवक को गोली मारने वाले हिस्ट्रीशीटर भाइयों के खिलाफ प्रेमनगर थाना पुलिस ने हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तुलाशेरपुर, इज्जतनगर निवासी ज्योति ने बताया कि उनके पति मिथुन सागर ने हिस्ट्रीशीटर सोनू लवेड़ा और उसके भाई मोनू लवेड़ा से 10 हजार रुपये उधार लिए थे। किसी वजह से रुपये नहीं लौटा पाए। उनके पति अपने एक दोस्त के घर रुपये लेने जा रहे थे। सेलेक्शन प्वाइंट के पास दोनों भाइयों ने उन्हें गोली मार दी। गोली पेट में लगी। मिथुन पर गोली चलाने वाले दोनों भाई बारादरी थाना के हिस्ट्रीशीटर हैं। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, मारपीट, जानलेवा हमला समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है। सीओ प्रथम संदीप कुमार ने बताया कि दोनों हिस्ट्रीशीटर भाइयों के खिलाफ हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## रिश्वत लेने के आरोपी कानूनगो को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली :** खेत में तूदाबंदी के लिए किसान से 5 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी कानूनगो की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील मनोज बाजपेई ने बताया कि हबीब अहमद ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली इकाई में पत्र दिया था कि ग्राम नौसना तहसील मीरगंज स्थित कृषि भूमि की तूदाबंदी के लिए 21 नवम्बर 2023 को एसडीएम मीरगंज को अर्जी दी थी। कार्यवाही के लिए फाइल ग्राम सेंधा भमौरा निवासी कानूनगो श्याम लाल के पास पहुंची। कानूनगो ने कहा कि सारा काम कर दूंगा, 5 हजार रुपये देने होंगे। रुपये नहीं दोगे तो काम नहीं होगा। एंटी करप्शन टीम ने 23 दिसम्बर को कानूनगो को रिश्वत लेते दबोच लिया था।

## कटरी ट्रिपल मर्डर मामले में विवेचकों की गवाही पूरी

**विधि संवाददाता, बरेली :** अपर सत्र न्यायाधीश कुमार गौरव की अदालत में विचाराधीन फरीदपुर कटरी के तिहरे मर्डर के दो मुकदमों में परमवीर गुट के विरुद्ध दर्ज मामले के विवेचक रहे वर्तमान में थाना कांठ में इंस्पेक्टर क्राइम सत्य सिंह से गुरुवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता की जिरह पूरी हो गयी। अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी। वहीं सुरेश प्रधान गुट पर दर्ज मामले में विवेचक रहे दयाशंकर की गवाही भी पूरी हो चुकी है। अगली सुनवाई 5 फरवरी को होनी है। सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि 11 जनवरी 2023 को कटरी में जमीन पर कब्जे को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष हुआ था। परमवीर गुट के देवेंद्र सिंह व परमिंदर व सुरेश गुट के गुलमोहम्मद पंखिया की मौके पर ही मौत हो गयी थी। दोनों पक्षों की ओर से हत्या का क्रास केस दर्ज कराया गया था।

## जमीन को फर्जी तरीके से जालसाजों ने बेचा

**बरेली, अमृत विचार :** चार भाइयों की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के सहसवानी टोला निवासी आबिद हुसैन ने बताया कि नवादा शेखान में उनकी और भाई गुलाम हुसैन, हामिद हुसैन और जाबिद हुसैन की जमीन है। बताया कि सूफी टोला निवासी अफसर हुसैन ने जमीन का फर्जी तरीके से अपने मोहल्ले के सदाकत हुसैन को बैनामा कर दिया। वर्ष 2016 में सदाकत हुसैन ने यह जमीन जादौपुर थाना भोजीपुरा निवासी मोहम्मद असलम को बेच दी। आरोपी उनकी जमीन पर कब्जा की कोशिश कर रहे हैं। बारादरी पुलिस ने अफसर हुसैन, मोहम्मद असलम और सदाकत हुसैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# युवती के हाथ पर है राजू नाम का टैटू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ सीबीगंज में मिले युवती के शव की तीसरे दिन भी नहीं हो सकी पहचान

**अमृत विचार :** सीबीगंज इलाके में बड़ा बाईपास के पास हत्या कर फेंके गए युवती के शव की तीसरे दिन भी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शुक्रवार को युवती का अंतिम संस्कार कर सकती है। युवती के बाएं हाथ में राजू नाम का टैटू और दाएं हाथ में फूल बना हुआ है। पुलिस सोशल मीडिया के जरिए भी युवती की पहचान की कोशिश कर रही है। पुलिस होटलों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

बड़ा बाईपास पर ट्यूलिया और परधौली गांव के बीच सड़क किनारे सरसों के खेत में मंगलवार सुबह 24 वर्षीय युवती का शव पड़ा मिला था। युवती के हाथ-पैर एक सफेद चादर को फाड़कर बांधे गए थे। होटलों में इस्तेमाल होने वाली चादर होने के कारण पुलिस को शक है कि किसी होटल से ही युवती के बारे में सुराग मिल सकता है। इसी वजह से सेक्स रैकेट के एंगल पर भी जांच की जा रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमें बरेली, रामपुर और मुरादाबाद के होटलों और फार्महाउस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रही है। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि युवती की पहचान नहीं हो सकी है। शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

## दिव्यांग बेटी का नाम छिपाए जाने पर पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** दिव्यांग बेटी का नाम छिपाने पर पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया।

सदर तहसील के राजेंद्रनगर निवासी माया देवी ने पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन में बताया था कि उनके पति की मौत हो चुकी है। दो पुत्रों और दो विवाहित पुत्रियों का जिक्र किया। इन्हीं के नाम शामिल करते हुए 24 जून 2023 को पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सदर तहसील से जारी हो गया था। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव के अनुसार लेखपाल की जांच में सामने आया कि माया देवी की एक दिव्यांग बेटी भी है। सामाजिक प्रतिष्ठा खराब होने और अज्ञानता की वजह से आवेदन पत्र में दिव्यांग बेटी का जिक्र नहीं किया गया था। इसके बाद माया देवी के बेटे कमल कुमार वाधवानी की ओर से प्रमाण पत्र को निरस्त करने के लिए शपथ पत्र दिया गया। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया है। इसका प्रयोग किया जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यालय के आदेश के बाद एसडीओ पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**▸▸ रिश्वत प्रकरण : मुख्य अभियंता ने मुख्यालय भेजी एसडीओ के खिलाफ रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** रिश्वत के मामले में एसडीओ का नाम सामने आने के बाद उनके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मुख्य अभियंता ने एसडीओ की रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी है। अब मुख्यालय स्तर से ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पिछले दिनों सुभाषनगर उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता सूरज लाल गुप्ता, लाइनमैन नरेंद्र सिंह रावत को एंटी करप्शन की टीम ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। एसडीओ आरजे वर्मा के कहने पर रिश्वत लेने की बात कही गई थी। इसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने एसडीओ के खिलाफ भी सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रकरण में अवर अभियंता और लाइनमैन को निलंबित किया जा चुका है। इस संबंध में मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि एसडीओ के खिलाफ रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है। मुख्यालय स्तर से ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, वहीं इस प्रकरण को लेकर अफसरों में खलबली मची हुई है।

# कृष्ण ने वध कर किया पूतना का उद्धार

### सिंधु नगर में झूलेलाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में व्योम त्रिपाठी ने सुनाई कथा

**बरेली, अमृत विचार :** सिंधु नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को कथाव्यास व्योम त्रिपाठी ने बताया कि पूतना जैसी राक्षसी श्रीकृष्ण को जहर पिलाने के लिए आई थी, लेकिन प्रभु ने उसका भी उद्धार कर अपने धाम पहुंचा दिया। कोई किसी भी भाव से प्रभु के पास जाए, मगर प्रभु उसपर भी दया करते हैं। उनका तो स्वभाव ही कृपा करने का है। बताया कि श्री कृष्ण ने गोपियों का माखन चुराने के बहाने उनके मन को ही चुरा लिया। उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के साथ गोवर्धन पूजा का प्रसंग भी सुनाया। गिरिराजजी को छप्पन भोग लगाया गया। श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते रहे। नानकराम, जय किशन, गोपाल काकानी, प्रभु दास, पुनीत अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, नेहा, भावना, कशिश, काजल आदि मौजूद रहे।


कथा व्यास व्योम त्रिपाठी।


झूलेलाल मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।


आनंद आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा सुनते श्रद्धालु।

## राम नाम ही सुख, समृद्धि और शांति का सर्वोत्तम मार्ग

**बरेली, अमृत विचार:** आनंद आश्रम में भक्तमाल कथा के चौथे दिन गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व का वर्णन व राम नाम की महिमा का बखान किया गया।

कथा व्यास गौरदास महाराज ने कहा कि राम नाम का सुमिरन करने से मन की शुद्धता और शांति प्राप्त होती है। कलयुग में राम नाम ही सुख, समृद्धि और शांति का सर्वोत्तम मार्ग है। बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस की रचना कर पूरे ब्रह्मांड को अलंकृत किया है। तुलसी महाराज वाल्मीकि के ही अवतार हैं। कहा कि जो भी मनुष्य प्रभु का सौ करोड़ बार नाम लेता है उसका पुनर्जन्म नहीं होगा और प्रभु की शरण प्राप्त होगी। कथा में नरसिंह मोदी, अनिल गुप्ता, अनिल अग्रवाल मौजूद रहे।


कथाव्यास गौरदास महाराज।

## अकुशल संविदा कर्मी हाईटेंशन लाइन पर नहीं करेंगे काम

**बरेली, अमृत विचार :** अकुशल संविदा कर्मचारी 11 और 33 केवी की लाइन पर काम नहीं करेंगे। एमडी ने ऐसे कर्मचारियों से काम नहीं कराने को लेकर अधिकारियों को पत्र लिखा है। इसके बाद संविदा कर्मचारी मुहैया कराने वाली कंपनी ने अपने कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया है।

लाइनों पर लगातार हादसों में कर्मचारियों की मौत के बाद अब हाईटेंशन लाइन पर अकुशल कर्मचारियों के काम करने पर रोक लगा दी गई है। पावर कॉरपोरेशन के एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने बरेली जोन के दोनों मुख्य अभियंताओं को भेजे पत्र में कहा है कि हाईटेंशन लाइन पर अकुशल कर्मचारियों से काम नहीं कराया जाए। संविदा कर्मचारी मुहैया कराने वाली कंपनी ने भी अपने कर्मचारियों को पत्र लिखकर कहा कि अकुशल कर्मचारी हाईटेंशन लाइन पर काम नहीं करें।

# दावा: कुतुबखाना पुल पर इसी महीने रफ्तार भरने लगेंगे वाहन

**▸▸ मेयर उमेश गौतम ने पुल का निरीक्षण करने के बाद कहा समय से पहले हो गया निर्माण**

**▸▸ कोतवाली से पुल पर चढ़कर कोहाड़ापीर तक किया निरीक्षण अतिक्रमण हटाने के निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कुतुबखाना-कोहाड़ापीर पुल पर इसी माह से वाहन दौड़ने लगेंगे। अंतिम सप्ताह तक उद्घाटन किया जाएगा। यह बात मेयर डॉ. उमेश गौतम ने गुरुवार दोपहर को कोतवाली से कोहाड़ापीर तक पुल का निरीक्षण करने के बाद कही। जो कमी रह गईं उसे जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अतिक्रमण पर नाराजगी जताई और जल्द हटाने के आदेश दिए।

मेयर डा. उमेश गौतम गुरुवार को कोतवाली के पास से पुल पर चढ़े। निरीक्षण के दौरान घंटाघर के बाद एक जगह दीवार पर एंगिल बंधे दिखे। वहीं पुल के एक सिरे से दूसरे सिरे तक बिजली की केबल दिखीं। इस केबल में जोड़ भी लगा था। उन्होंने इसे हटवाने को कहा। व्यू कटर शीघ्र लगाने को कहा तो सेतु निगम के अफसरों ने बताया कि बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ है। इसे दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। मेयर ने पुल के ऊपरी हिस्से का काम छह फरवरी तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिये।


निर्माणाधीन कुतुबखाना पुल का निरीक्षण करते मेयर डॉ. उमेश गौतम।

### पुल पर न हो जलभराव, रखें ध्यान

कोहाड़ापीर पर पुल के पास भरे पानी के बारे में जलकल अभियंता ने बताया कि अभी पाइप पड़ना है। वहीं स्मार्ट सिटी के सहायक अभियंता ने कहा कि नाली पर कवर लगने हैं लेकिन निर्माणदायी संस्था ने इसे नहीं बनवाया है। सहायक अभियंता सुशील सक्सेना ने निर्देश दिये कि कवर को प्लांट पर ही ढलवाकर लगाएं। मेयर ने कहा कि नाली की पहले पूरी तरह सफाई कराई जाए ताकि बाद में पानी का जमाव नहीं होने पाए।

### अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

मेयर ने अभियंता से पुल से नीचे उतरने के रास्ते को बेहतर बनाने के लिए कहा। सबवे की जगह बनी दुकान के अलावा एक अन्य दुकानदार के अतिक्रमण की वजह से काम में कई बार रुकावट आने की बात पता चली। उन्होंने टीम भेजकर अतिक्रमण हटाने की बात कही। मेयर ने कहा कि यह पुल 18 के बजाए करीब 15 माह में बनकर तैयार हो रहा है। इस माह के अंत तक पुल पर यातायात चालू हो जाएगा।

### अक्टूबर 2022 में पहली पाइलिंग हुई थी

मेयर ने बताया कि 14 सितंबर 2022 को बांड बना। कंपनी से एग्रीमेंट हुआ था। इसके बाद पुल की डिजाइन बनने में समय लगा। पुल की पहली पाइलिंग 3 अक्टूबर 22 को की गई थी। इसके बाद पुल का वास्तविक काम शुरु हुआ। इसमें वह समय शामिल नहीं किया गया जिसमें बीच में तीन माह डिजाइन बनने की वजह से कार्य बंद रहा।

# कंपनी के आग्रह के बाद लोगों ने लौटाए तीन लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**▸▸ सुभाषनगर स्थित एटीएम में अधिक पैसे निकलने का मामला**

**अमृत विचार:** सुभाष नगर में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से सौ के बदले पांच सौ रुपये के नोट निकलने के मामले में सीएमएस कंपनी की ओर से फोन करके लोगों से आग्रह किया गया। इसके बाद तीन लाख रुपये की वापसी हुई।

कंपनी के लीगल एडवाइजर बीपी सिंह ने बताया कि करगैना की बीडीए कॉलोनी में रहने वाली एक युवती से रुपये वापस करने को लेकर बात की गई। पहले तो उसने आनाकानी की फिर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी तो युवती ने कॉलोनी में ही 8-10 लोगों से रुपये इकट्ठा कर लौटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। सर्वाधिक 16 हजार रुपये निकालने वाले युवक की ओर से भी रुपये वापस करने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया है। कंपनी के प्रबंधक धर्मपाल सिंह ने बताया कि लोगों की ओर से भूलवश अधिक निकाले गए पैसे लौटने की प्रक्रिया जारी है। संपर्क करने के दौरान फ्रॉड समझते हुए कुछ लोगों ने फोन काट भी दिया लेकिन बाद में बैंक में आकर संपर्क करने पर सहमति जताई। कई लोगों ने रुपये उनके खाते से काटने का अनुरोध किया।

## सार-संक्षेप

### 4.30 करोड़ के लंबित भुगतान पर की गई सुनवाई

**बरेली, अमृत विचार :** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को मंडलीय फैसीलिटेशन काउंसिल की बैठक में लंबित भुगतान पर सुनवाई की गई। काउंसिल के सामने आर्बिट्रेशन के 16 मामलों में 3,58,30927 रुपये और कॉन्सिलिएशन के छह मामलों के लंबित 71,82,736 रुपये भुगतान पर सुनवाई की गई। आर्बिट्रेशन के 16 मामलों में पांच को अवार्ड के लिए रक्षित किया गया। एक मामले की सुनवाई वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। दो मामलों में प्रतिवादी बैठक से गैरहाजिर रहे। वहीं, कॉन्सिलिएशन के छह मामलों में एक की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई। एक मामले को निरस्त किया गया। चार मामलों में प्रतिवादियों के अनुपस्थित रहने पर नोटिस तामील कराने व अगली बैठक में प्रकरण रखे जाने का निर्णय लिया गया। कमिश्नर ने कहा कि आगामी बैठक में सुनवाई के लिए एसएसपी की ओर से नोटिस भेजी जाए। संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला, लीड बैंक अधिकारी वीके अरोरा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष एसके सिंह, आईआईए के सदस्य दिनेश गोयल, फैसीलिटेशन काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे।



### पशु कल्याण के लिए 21 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पशु पोषण विभाग की ओर से गुरुवार को पशुधन उत्पादन, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए नवीन फीड संसाधन विषय पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। इसमें प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा समेत कई प्रदेशों के 22 वैज्ञानिक और प्राध्यापक भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि पशुओं के चारे के लिए भूमि कम होती जा रही है। इसका असर पशु उत्पादकता एवं प्रजनन पर देखने को मिला है। आज चुनौती है कि किस प्रकार हम पशुओं के चारे की समस्या का निदान कर सकते हैं। बताया कि प्रशिक्षण में 47 व्याख्यान और 10 प्रैक्टिकल कराए जाएंगे। प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान के मुक्तेश्वर परिसर और गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय पंतनगर का भ्रमण कराया जाएगा। वैज्ञानिक डा. अंजू काला, डॉ. एस के साह, डॉ. एस.के. मेंदीरत्ता, डॉ. एके वर्मा, डॉ. असित दास, डॉ. विश्वबन्धु चतुर्वेदी, डा. नारायण दत, डॉ. सुनील जाधव, डा. ज्ञानेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### हजरत अमीन मियां की दरगाह पर उर्स शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** मलूकपुर लाल मस्जिद स्थित दरगाह हजरत सैयद अमीन मियां भल्ले शाह मियां का 100 वां उर्स मनाया जा रहा है। गुरुवार सुबह कार्यक्रम का आगाज कुरान की तिलावत से हुआ। अकीदतमंदों ने मजार पर हाजिरी देकर गुलपोशी और चादरपोशी की। इस बार दरगाह का गुंबद ख्वाजा गरीब नवाज के गुंबद की तरह बनाया गया है, जिसे जायरीन देखने आ रहे हैं। दरगाह के सज्जादा अब्दुल कय्यूम मियां ने बताया कि जुमे को इशा की नमाज के बाद महफिल ए समां का आयोजन होगा। इस दौरान जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी, रजी अनवर, हाजी अजमी शकील सीटू, फाहद जीशान, फैजान रजा, शमीम खान, ज़फर अनवर, आशी, मुन्ना, चंदा आदि ने चादरपोशी की।

### काट रहीं चक्कर पर नहीं मिला प्रधानमंत्री आवास

**बरेली, अमृत विचार :** जजेज कॉलोनी में रहने वाली 60 वर्षीय बुजुर्ग अनीता देवी कश्यप पांच साल से प्रधानमंत्री आवास के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही हैं लेकिन अभी तक उन्हें आवास नहीं मिला है। अभी सत्यापन की वजह से फाइल अटकी हुई है। अनीता कॉलोनी के बाहर ठेला लगाती हैं। कुछ दिनों पहले अतिक्रमण की वजह से उनका ठेला भी हटा दिया गया। अब वह घर-घर जाकर खाना बनाकर पेट भरती हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साल 2018 में अपना पंजीकरण कराया था। डूडा दफ्तर में आवास मिलने वालों की सूची में भी उनका नाम आ चुका है लेकिन आवास नहीं मिला। उन्होंने इससे पहले साल 2016 और 2017 में भी आवेदन किया था। वह 23 जनवरी को अपने कागज लेकर तहसील पहुंची तो उन्हें दूसरे दिन सत्यापन के लिए आने को कहा गया लेकिन अभी तक सत्यापन ही नहीं हो सका है।

### धार्मिक स्थल पर लिखे अपशब्द, लोगों में आक्रोश

**आंवला, अमृत विचार :** शरारती तत्वों ने एक धार्मिक स्थल पर अपशब्द लिख दिए। जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही विभिन्न संगठनों के लोगों ने विरोध जताते हुए पुलिस से शिकायत की। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी दुर्गेश सक्सेना और आशीष हिंदू ने बताया कि रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे स्टेशन के समीप धार्मिक स्थल है, जहां किसी ने अपशब्द लिख दिए हैं। वहां एक संगठन का नाम दर्शाया गया है। क्षेत्राधिकारी आंवला नीलेश मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुण्य तिथि पर कल्पना चावला को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारतीय महिला कल्पना चावला की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ने गुरुवार को मढ़ीनाथ स्थित शिव मंदिर परिसर में कार्यक्रम कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वक्ताओं ने उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया। संस्था के नरेंद्रपाल, राकेश मौर्य, रामकिशोर, जेआर गुप्ता, रश्मि व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से एडीएम ई का अर्दली और बाबू घायल

**बरेली, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी प्रशासन के अर्दली व क्लर्क की बाइक को आयकर विभाग के निरीक्षक की कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


घटनास्थल पर मौजूद लोग

**▸▸ दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती किया**

एडीएम ई के अर्दली अनिल कुमार और क्लर्क मुकुल कुमार विभागीय कार्य निपटा कर बाइक से घर जा रहे थे। गुरुवार रात करीब 10 बजे पीछे से तेज गति से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। कार में सवार आयकर निरीक्षक पुलिस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल ले गए। वहां से परिजनों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई।

जड़ से इलाज
तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 9412898953

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
RMCH
BAREILLY
Excellence towards profession
रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Jaheeruddin दर्ज हो गया है जो कि गलत है, अब मैंने अपना नाम बदलकर Zaheeruddin रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। **जहीरउद्दीन पुत्र अलाउद्दीन, निवासी-ग्राम मल्हपुर, पो. फैजनगर, तह. फरीदपुर, जिला बरेली**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया किया जाता है कि मेरा नाम अहमदी था। मैंने अपना नाम अहमदी बेगम रख लिया है। मुझे भविष्य में अहमदी बेगम के नाम से जाना और पहचाना जाये। अहमदी बेगम पत्नी अजमल खां निवासिनी ग्राम गनेशपुर पोस्ट महेशपुर, थाना हैदराबाद तहसील गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर खीरी ।

आवश्यकता है
एक्सपोर्ट लाइन स्कूल ड्रेस के कारीगर की।
पता
मढ़ीनाथ रोड सनईया-सिठौरा बरेली
7817003402
7817003404

विद्याश्री पार्थ महाविद्यालय
चठिया फैजू, बरेली
आवश्यकता है
प्राचार्य, स्नातक स्तर पर कला संकाय में समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, चित्रकला शिक्षण हेतु यू.जी.सी. मानकानुसार शिक्षक मिलें। इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों के साथ 7 दिनों में मिलें।
कैंप कार्यालय स्टेशन रोड, फरीदपुर
प्रबंधक-9452003519

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ॥

जो व्यक्ति अनावश्यक कर्म करता है, सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है, आवश्यक और शीघ्र करने वाले कार्यों को विलंब से करता है, वह मूर्ख कहलाता है।

## संपादकीय

# समावेशी विकास की राह

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया। वित्तमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार चुनाव में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा मोदी सरकार अपने उपलब्धियों के आधार पर जुलाई में पूर्ण बजट पेश करने के लिए वापस आएगी और उसे चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में रियायतों की घोषणा की जरूरत नहीं है। वास्तव में बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। अंतरिम बजट से साफ हो गया है कि आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों से जुड़ी पूर्व की नीतियां जारी रखी जाएंगी। वित्तमंत्री का लगभग दो तिहाई भाषण सरकार की 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित था। बजट में राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प घोषणाओं में से एक प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में एक करोड़ घरों को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदान करने का कार्यक्रम था। यह विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली की कई गारंटी के जवाब के रूप में आया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख वर्गों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सशक्तिकरण और कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। उधर विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। विपक्षी दलों के मुताबिक महंगाई रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं कहा गया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब को पहले की तरह ही रखा है। हालांकि वित्तमंत्री ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के दस हजार रुपये तक के प्रत्यक्ष कर डिमांड को वापस ले लिया है। इससे लगभग एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट भारत को जन-केंद्रित, समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा।

# सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को सशक्त एमएसएमई आवश्यक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। औद्योगिक उत्पादन का तीस प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं 48 प्रतिशत निर्यात में इनका योगदान है। रोजगार की दृष्टि से देखें तो कृषि के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करता है। इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। वस्तुतः कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर ही बड़े उद्योगों को मजबूत बनाया जा सकता है, मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्योग के पास संसाधनों का आभाव है।

एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों कि तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें संरचनात्मक सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क पानी आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम अगर अपने आप को आज के दौर की उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है, लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है और जिसके फलस्वरूप इनके उत्पाद की गुणवत्ता गिरती है तथा इनकी आपूर्ति श्रंखला भी प्रभावित होती है।

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते। लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ। विशेषकर धातुओं में इसके कारण लागत बढ़ गई। छोटे उद्यमियों के सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते और इस वजह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है।

सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार की ओर से एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई उद्योगों से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें अपने उद्यम को बहुत आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है। इसके तहत संकटग्रस्त एमएसएमई को कच्चे माल की खरीद के लिए वित्तीय ऋण प्रदान किया जाता है। उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ एमएसएमई मंत्रालय ने सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र के तहत इन उद्यमों की प्रमुख समस्याओं को कम करके प्रौद्योगिकी बाजार तक पहुंच, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने और उसकी रफ़्तार बढ़ने के लिए सशक्त और आत्मनिर्भर एमएसएमई का होना बहुत आवश्यक है। अनेक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं के बावजूद अभी यह क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए समुचित प्रयास सुनिश्चित किए जाने चाहिए। किसी भी उद्यम को शुरू करने के लिए कुछ बुनियादी जरूरतों का होना बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। अच्छे उत्पादन के लिए बिजली की आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। उद्योगों के विकास के लिए अच्छी सड़कें और परिवहन व्यवस्था सही होना भी जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र में मुख्य समस्या कुशल श्रमिकों की आती है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्रो की स्थापना करनी चाहिए ताकि विभिन्न कार्यों के जानकार और कुशल कारीगर अधिक संख्या में उपलब्ध हो सकें। कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। छोटे उद्यमियों के सामने एक प्रमुख समस्या विलंबित भुगतान की आती है। सरकार की खरीददारी काफी बड़ी मात्रा में है और जब तक सरकारी संस्थाओं से बेचे गए सामान का भुगतान नहीं होता, तब तक पूरी आपूर्ति श्रंखला धीमी हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिए अधिक पूंजी और आधारभूत ढांचे की जरूरत है जिसमें सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। सरकार को एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक पैकेज भी देना चाहिए। साथ ही रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देने और नई राष्ट्रीय रोजगार नीति तैयार करने की आवश्यकता है। अब विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी समुचित प्रयास किए जाने चाहिए।

## प्रसंगवश

# सामाजिक न्याय के पुरोधा



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सभी समाजवादी दल, कम्युनिस्ट, राजद, जेडीयू और भाजपा उनकी राजनीतिक विरासत साधने में कहां पीछे है? कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक व राजनीतिक संघर्ष के साथी जगदेव प्रसाद कुशवाहा थे। कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी 1922 को बिहार में जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहरी गांव में हुआ। जब भी वंचितों के हक की बात होगी, तब वह बात बाबू जगदेव प्रसाद के बिना पूरी नहीं होगी और बिहार में तो कतई नहीं होगी। लेकिन जगदेव बाबू बहुत कठिन व्यक्तित्व हैं, समाजवादी सोच की लीडरशिप तो उनकी राजनीतिक विरासत पर दावा ठोंक सकती है पर भाजपा नहीं, उनकी जो लड़ाई थी शोषितों के लिए शोषकों के खिलाफ थी। राजनीति में जगदेव बाबू की दिलचस्पी पटना में अध्ययन के दौरान बढ़ी। जब वे समाजवादी चन्द्र देव के संपर्क में आए और सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए। पार्टी का मुख्यपत्र 'जनता' का संपादन किया। 1955 में अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र 'सिटीजन' का भी संपादन किया। प्रकाशक से मनमुटाव होने पर पटना लौट आए, पर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके बिहार के घर-घर पहुंचाया। 1967 में कुर्था से विधानसभा पहुंचे, पहली संविद व गैर कांग्रेसी सरकार उनके व कर्पूरी ठाकुर के प्रयासों से बनीं जिसमें महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने। पार्टी की नीतियों व विचार धारा पर लोहिया जी से अनबन हुई, उनके नारे एकदम जनवादी होते थे। यह कहकर संशोपा छोड़ दी कि 'कमाए धोती वाला, खाए टोपी वाला'। जगदेव प्रसाद ने 25 अगस्त 1967 को शोषित दल बनाई फिर राम स्वरूप वर्मा के अर्जक संघ से जुड़े। 1968 में रामस्वरूप वर्मा की पार्टी समाज दल का विलय हुआ और पार्टी को शोषित समाज दल नाम दिया गया। दार्शनिक व क्रांतिकारी संगम से पार्टी में नया संचार हुआ। गजब के भाषण कर्ता व नारे गढ़ने में निपुण, जहानाबाद की सभा मे उन्होंने एक नारा दिया, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा। लगता है उनकी लड़ाई आगे बढ़ रही है। बिहार जाति जनगणना कर 75 प्रतिशत आरक्षण वाला राज्य बन गया है, जिसमें गरीब सवर्ण भी हैं। क्या कर्पूरी ठाकुर की तरह उनको भी सम्मान मिलेगा।

# समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से आगाज



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है।

किसी भी राष्ट्र की समग्र मजबूती के लिए उसके सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान नियम होने चाहिए। जब तक जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में 370, 35 ए नहीं हटी थी तब तक भारत के अन्य प्रदेशों में मिलने वाले नागरिक अधिकार जम्मू कश्मीर भूभाग के लोगों को नहीं मिलते थे। जैसे ही 370, 35 ए जम्मू कश्मीर और लद्दाख भूभाग से हटा, वहां के लोगों को भारतीय संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के मिलने की शुरुआत हो गई। समान नागरिक संहिता के साथ भी कुछ मिथ्या नैरेटिव विपक्षी दलों द्वारा बनाया जाता रहा है कि यह धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप है, जबकि न्यायालय कई बार इसके लिए सरकार को निर्देशित कर चुका है।

1981 में उच्चतम न्यायालय में दायर शाहबानो वाद का फैसला कांग्रेसी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में आया था। इस फैसले में न्यायालय का कहना था कि 'इस वाद में हालांकि संवैधानिक महत्व का कोई प्रश्न नहीं जुड़ा है, किंतु सामान्य नागरिक एवं आपराधिक कानून के तहत कुछ प्रश्न ऐसे पैदा होते हैं जिनका समाज के उस बड़े वर्ग पर जो परंपरागत रूप से अन्यायपूर्ण व्यवहार से पीड़ित हैं, दूरगामी महत्व होता है। महिलाएं भी एक ऐसा ही वर्ग हैं।' इसी फैसले में आगे खंडपीठ का कहना था कि 'हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत प्रायः हो गया है। यह प्रावधान कहता है कि राज्य (स्टेट) भारत के समूचे क्षेत्र के नागरिकों के हेतु एक समान नागरिक संहिता बनाने को प्रोत्साहन देगा'। इतना ही नहीं 1995 में सरला मुदगल वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव को निर्देशित किया था कि वह अनु. 44 पर एक बार नए दृष्टिकोण से विचार करें। उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता को देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से कहा था कि आप न्यायालय को बताएं कि सरकार ने इस तरफ कौन-कौन से कदम उठाए हैं। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव इतनी इच्छा शक्ति नहीं जुटा सके कि राष्ट्रहित में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर फैसला कर सकें। तीन तलाक के समय जब न्यायालय ने तीन तलाक पर सरकार से दृष्टिकोण मांगा तो मोदी सरकार का निर्णय मुस्लिम महिलाओं के हित में रहा। उसी समय यह बात स्पष्ट हो गई थी कि समान नागरिक संहिता का विषय भी एक दिन पूरा होकर रहेगा।

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो भारत के संविधान का अनु. 14 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु. 15 धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अनु. 21 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु.25 हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता से किसी भी धर्म के व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का प्रश्न ही खारिज हो जाता है। मुस्लिम महिला को भारतीय संविधान दोयम दर्जे का नहीं मानता। एक बात तो तय है कि धर्म के ठेकेदार अपनी दुकान चलाने के लिए इसका विकृत स्वरूप प्रदर्शित करते रहे हैं और शायद आगे भी करेंगे। धर्म के अंदर आडंबर और कुप्रथाओं का चलन बेहद पुराना है। हिंदू धर्म के अंदर भी कई कुप्रथाएं रीति-रिवाजों के भेष में पनप चुकी थी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहू विवाह जैसी प्रथाएं समाज में विघटन पैदा करने वाली थी। 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने तेजसिंह वाद में सती के लिए उकसाने वाले को पांच साल के कठोर कारावास की सजा देने का प्रावधान किया। सरकार ने सती (निरोधक) कानून, 1987 बनाकर इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

इसी तरह हिंदू धर्म में बाल विवाह और बहुविवाह प्रचलन में थे। 1956 में फैमिली एक्ट के अंतर्गत आधा दर्जन कानून भारत की संवैधानिक व्यवस्था ने पारित किए और इन दोनों कुप्रथाओं पर रोक लगा दी। इन कुप्रथाओं का अंत हिंदू धर्म से जुड़े पंडित, पुजारियों या धर्म के ठेकेदारों ने नहीं किया, बल्कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बने कानूनों ने किया। कुछ समय के लिए ठेकेदारों के छद्म स्वाभिमान को ठेस तो पहुंची, किंतु जनता ने इसे खुले दिल से स्वीकारा। कानून और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। पहले कानून समाज में सुधार करता है और फिर परिपक्व समाज आवश्यकतानुसार कानून में सुधार करता है। समय के साथ यही लचीलापन व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता है। यही भारत है। यही भारतीय संस्कृति है।

## सोशल फोरम

# निगल ली गई दिमाग की खुराक



हफीज किदवई
लेखक

बस एक मोटी किताब लिखनी है। जिस पर दस्तरख्वान लगाकर बैठ जाएं और उसी पर अकबरी गेट के लज्जतदार खाने भी खा सकें। वह खाने, जो हमारी जहनी खुराक को निगल गए। वह खुशबूदार खाने, जो किताबों की दुकानों को निगल गए। इत्ती मोटी किताब लिखेंगे हम, जिस पर कवाब पराठे बिछा दें, तब भी चाय भर की जगह रह जाए। वह कवाब पराठे, जो पेट को तो अपनी चपेट में ले ही गए, साथ ही जहन को भी जंग आलूदा कर गए।

मैं लखनऊ के पुराने बाजारों को देखता हूं। रात की झिलमिल रोशनी में तंदूरों से उठते धुएं और गलियों में बिछी मुगलई खुशबू को महसूस करता हूं। एक पल को लगता है, जन्नत तो यही है, मगर मुझे मेरे सामने किताबों की दुकानें दिखने लगती हैं। मेरे देखते-देखते या कहिए, पुराने लोगों से सुनते-सुनते या कहिए किताबों की दर्दनाक सिसकियों को महसूस करते-करते लगता है कि बताओ, जो गलियां किताबों की, इल्म की शिनाख्त देती थीं, वह जबान के चटखारे का पता देती हैं। किताबों की एक दुकान मरती है और उसमें कोई जायका राल बहाते हुए बाहर आ जाता है। जहां कल तक इल्म का खजाना बिखरा पड़ा था, वहां अब पानी के बताशे-चाट-कबाब और कॉफी के गोते लगने लगते हैं।

लखनऊ के पुराने हिस्से में हम तमाम छोटी-बड़ी किताबों की दुकान जानते थे, सब अब मशहूर खानों की दुकान हो गईं। अकबरी गेट हो या विक्टोरिया स्ट्रीट या फिर चौक हो या हुसैनाबाद, नादान महल हो या फिर रकाबगंज, गौसनगर हो या मौलवीगंज, अमीनाबाद हो, गुइन रोड हो या नजीराबाद हो या कैसरबाग, लालबाग हो या फिर हजरतगंज। यहां कितनी ही किताबों की दुनिया बिरयानी-कवाब-नहारी-कॉफी में जज़्ब हो गईं। पेट और जबान के जायके ने दिमाग के हिस्से की खुराक निगल ली और हम अपनी चमचमाती गलियों से इठला के बोले, हमारे यहां आइए, आपको क्या ही जायकेदार खाना खिलवाते हैं। हम किसे बताएं कि हमने यह पहचान मिटाकर जायके की पहचान ओढ़कर, एक बहुत ही सस्ता सौदा किया है।

-फेसबुक वॉल से

# रास्ता बताने से चोखा काम और कोई नहीं



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछ कर भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

जानते हैं आप, दुनिया की सबसे बड़ी दिक्कत क्या है? हमें पते का पता नहीं है। कहां से आए थे? कहां जाना है? किसके पास जाना है? क्यों जाना है? कब जाना है? आने जाने के बीच क्या करना है? कुछ अता-पता ही नहीं। अकल की दाढ़ उगने के बाद आदमी जिंदगीभर इसी उहापोह में फंसा रहता है। अक्लमंद तलाशता है, जो उसके इन सवालों का जवाब दे सके। सही सच्चा रास्ता दिखा सके और मजे की बात देखिए, उसे हर गली चौराहे नुक्कड़ पर अपनी खटिया बिछाए ऐसे खुदाई खिदमतगार मिल भी जाते हैं।

ये अक्लमंद दिखते कैसे हैं? आमतौर पर सर के बाल, दाढ़ी बढ़ी होती है उनकी। खाया पिया आदमी। चोगा टोपी के साथ तरह-तरह की मालाएं पहनी हुई हो उसने तो कोई ताज्जुब नहीं। उसके माथे पर भभूत तिलक जैसा भी कुछ हो सकता है। उसने या तो धोती पहनी होगी या पायजामा। आपपास जाते हैं उसके। उसे उम्मीदों से तकते हैं। पर अक्लमंद मुफ्त में आपके सवालों का जवाब दे दे तो वो खाक अक्लमंद हुआ। ऐसे में वो आपकी जेब टटोलता है। झोले की तलाशी लेता है। उसके ऐसा करते वक्त आप गाफिल रहें इसके लिए वो लच्छेदार बातों में उलझाता है आपको। डराता है। सब्जबाग दिखाता है। भरोसा दिलाता है। उसके आप बातों में आ ही जाते हैं। चल पड़ते है उसकी दिखाई दिशा में, पर उसके बताए घुमावदार रास्ते आपको कहीं नहीं ले जाते। भटकते हैं, आप। थकते हैं और फिर कोई और मिल जाता है आपको। वो जांचता परखता है आपको। तसल्ली देता है। सही रास्ता बताने का दावा करता है। अपने बताए रास्ते को ही सही ठहरता है। खुद ठग होता है और दूसरों को लुटेरा साबित करता है। आप फिर बातों मे आते हैं। फिर कहीं न पहुंचने वाला सफर आपके हिस्से आता है। पूछने भटकने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है और रास्ता बताने वाले मालदार होते जाते हैं। रास्ता बताने से चोखा काम और कुछ नहीं। हींग लगे न फिटकिरी वाला मामला। रास्ता पूछने वाला आमतौर पर हैरान परेशान होता है। डूब रहा होता है और तिनके का सहारा ढूंढता है। बहुत से रास्ता पूछने वाले शार्ट कट के चक्कर में भी होते हैं। ऐसे में रास्ता बताने वाला उम्मीद सा दिखता है उन्हें और वो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार बने रहते हैं। मजे की बात यह कि रास्ता बताने वाला खुद कहीं नहीं जाता। खुद अपने बताए रास्ते पर नहीं चलता। उसे खूब पता होता है कि उसका रास्ता




बताना बस जबानी जमा खर्च है। उसके बताए रास्ते को कहीं पहुंचना ही नहीं है, पर यह धंधा है उसका। इसलिए वो बताता है रास्ता और इसके एवज में सामने वाले से दाम वसूल करता है।

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भवः। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछकर भी मंजिल हासिल की जा सकती है और ऐसा न करना चाहे आप तो गूगल मैप किस मर्ज की दवा है कहां जाएं? कैसे जाएं? किस तरफ जाएं जैसे सवालों बाबत वह आपकी बाबा बैरागियों के बनिस्बत बेहतर मदद कर सकता है।

# कैसा होगा आने वाला रामराज्य



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उनका राज्य आदर्श था, जिसे मुहाविरे की तरह प्रयुक्त किया जाता है। राम ने निकृष्ट माने जाने वाले कुत्ते की प्रार्थना पर समाज में सबसे श्रेष्ठ मान्य ब्राह्मण को भी दंड दे दिया था। राम 'सत्य संध' यानी सत्य का संधान करने वाले कहे गए हैं। उनके कुल की रीति थी 'प्राण जाइं पर वचन न जाई'। इधर अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा गाजे-बाजे के साथ राम की नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित कर देने के बाद अब 'रामराज्य' आने की बात कही जा रही है। इसकी आहट हफ्ते भर के अंदर ही आना शुरू हो गई है। हालांकि यह त्रेता नहीं, कलियुग है, अतः उस और इस रामराज्य में गुणात्मक संशोधन किए गए हैं। दो उदाहरण प्रस्तुत हैं।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव की राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। कुछ समय पहले वे भाजपा से मिलकर सत्तारूढ़ थे। जब अंतर्विरोधों के चलते भाजपा और नीतीश अलग हुए तो भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर कर्ता-धर्ता गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'अब नीतीश के लिए भाजपा/एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यही नहीं नीतीश ने भी कहा था कि 'अब हम मरना पसंद करेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे'। इसके बावजूद दोनों ने अपने-अपने वचन भंग कर दिए और मिलकर सरकार बना ली। यानी अब जो रामराज्य स्थापित होगा, उसमें वचन पालन वाला अनुच्छेद डिलीट कर दिया जाएगा और सत्ता पर काबिज होना ही ध्येय होगा। दूसरा उदाहरण चंडीगढ़ का है, जो केंद्र शासित क्षेत्र है, यानी यहां शासन केंद्र का सत्तारूढ़ दल प्रशासक के माध्यम से शासन चलाता है। यहां मेयर का चुनाव हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह नियुक्त किए गए, उपायुक्त द्वारा नामांकित नगर निगम सदस्य हैं और भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े रह चुके हैं। मेयर का चुनाव यहां जनता से नहीं पार्षदों द्वारा होता है। पार्षदों की संख्या 35 है। एक वोट सांसद का भी होता है, जो भाजपा की किरन खेर हैं। भाजपा के 14 पार्षद हैं और उन्हें अकाली दल के एकमात्र सदस्य का समर्थन प्राप्त था। इस तरह उनके मेयर प्रत्याशी को ईमानदारी से 16 मत मिल सकते थे। शेष 20 कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के थे, जो मिलकर यह चुनाव लड़े थे।

इस स्पष्ट गणित के होते हुए भी भाजपा के मेयर प्रत्याशी मनोज सोनकर विजयी घोषित हो गए। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस+आप गठबंधन के आठ वोट अवैध घोषित कर दिए। कहा गया कि इन मत पत्रों में निशान लगे हैं जिससे ये वैध नहीं रहे। पराजित गठबंधन का आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने ही ये निशान लगा दिए और एक ऐसा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें अनिल मसीह कुछ लिखते हुए दिख रहे हैं। विवाद जारी है, किंतु प्रथम दृष्ट्या अन्याय हुआ साफ प्रतीत हो रहा है। खास तौर पर तब जब पीठासीन अधिकारी वह बने, जो एक प्रत्याशी की पार्टी का ही हो। इन नमूनों से आने वाले रामराज्य के स्वरूप की पदचाप स्पष्ट सुनाई दे रही है।

## एक नजर

### रिमझिम बारिश से किसानों को मिली राहत

**दुनका, अमृत विचार** : लंबे समय बाद दिसंबर और जनवरी में बारिश नहीं हुई, लेकिन फरवरी की शुरूआत ही रिमझिम फुहारों से हुई। इस वर्षा से किसानों को तो काफी राहत मिलेगी, हालांकि ठंड में भी इजाफ की आशंका जताई जा रही हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार यह बारिश किसानों के लिए अमृत की बूंदों के समान है, सबसे ज्यादा फायदा गेहूं की फसल को होगा, किसानों को एक सिंचाई कम करनी होगी। वहीं और सरसों की फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही हैं। क्योंकि इन दिनों सरसों में फूल आ रहे हैं, जो गिर जाएंगे। वहीं यदि फसल गिरेगी तो सड़ने की आशंका जताई जा रही हैं।

### नानी के घर आए युवक ने की युवती से छेड़छाड़

**रिठौरा, अमृत विचार** : थाना हाफिजगंज के एक गांव में एक फौजी का बेटा ननिहाल आया था। उसने गांव की एक युवती से छेड़छाड़ कर दी। उसे लोगों ने युवती के साथ पकड़ लिया। मामला सजातीय होने के चलते लड़के पर शादी करने का दबाव बनाया गया। पहले मना किया फिर उसके परिजन मान भी गए। लेकिन शादी के लिए समय मांगा तो लड़की पक्ष ने समय देने से इन्कार करते हुए पुलिस से शिकायत कर दी। खबर लिखे जाने तक दोनों ओर से समझौते की कोशिश हो रही थी। पुलिस आरोपी को थाने में बैठा लिया हैं।

### बैंक का अलार्म बजने से मची अफरा-तफरी

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : नगर की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में लगा अलार्म बजने से हड़कंप मच गया। गुरुवार सुबह करीब छह बजे स्टेशन रोड पर स्थित सेंट्रल बैंक में स्मोक अलार्म बजने लगा जिससे यहां लोग एकत्र हो गए। अलार्म की कॉल कंट्रोल रूम पहुंचने पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सूचना पर बैंक के स्थानीय कर्मचारी भी पहुंच गए। सेंट्रल बैंक के मैनेजर मोहित ने बताया कि बैंक में स्मोक अलार्म लगे हैं जो धुआं निकलने पर बोलने लगते हैं। किसी कारण सुबह अचानक ही अलार्म बजने लगे जिसकी सूचना हमारे पास आई हमने स्थानीय कर्मचारियों को बैंक का ताला खोलकर देखने को कहा लेकिन किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं था।

### पुलिस ने पांच फरार आरोपियों को पकड़ा

**मीरगंज, अमृत विचार** : मीरगंज पुलिस ने गुरुवार को सखावत, ज्ञानी, भगवान दास, परवेज, गुलफाम को विगत बुधवार को सभी के घरों से गिरफ्तार किया था।पांचों लंबे समय से गैर जमानती वारंट में आरोपित थे। पांचों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह, उप निरीक्षक संजीव कुमार शर्मा, जयप्रकाश,विजय पाल सिंह, जितेंद्र धामा,हेड कांस्टेबल धीर सिंह, कांस्टेबल मोहम्मद उमर, हेड कांस्टेबल शमीम अल्वी और कांस्टेबल कुमार सौरभ का विशेष सहयोग रहा।

### छात्रा को बहकाकर ले गया पीलीभीत का युवक

**नवाबगंज, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक गांव की छात्रा 31 जनवरी को प्रात: 9 पर वह घर से कॉलेज पढ़ने आई थी। आरोप है कि पीलीभीत के माधोटांडा गजरौला के ग्राम लालपुर शिवनगर का सुरेन्द्र उसे रास्ते से बहकाकर कर ले गया, वह अपने साथ 22 हजार रुपए और सोने के जेवर भी साथ ले गई। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज तलाश शुरू कर दी है।

# जर्जर सड़क पर कीचड़ से पैदल निकलना तक मुश्किल

## बारिश के चलते राहगीरों को हुई मुश्किल, कीचड़ में फिसलकर कई बाइक सवार हुए घायल

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार** : रिमझिम बारिश की वजह से बरेली-बदायूं मार्ग के चांदपुर से अलीगंज-रमपुरा मार्ग के बेहटा वाली पुलिया तक कीचड़ फैल गया, इस वजह से पैदल चलना तक मुश्किल हो गया,वहीं कई बाइक चालक फिसलकर गिर पड़े जिससे वह घायल हो गए। नगर के मुख्य मार्ग की लगभग 1 किलोमीटर सड़क बीते दो माह से टूटी पड़ी है ,बाकी रोड बन गई है। इधर नगर में जल निगम की ओर से पानी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

इस वजह से नगर की गलियों से लेकर मुख्य मार्ग को खोदा गया है और पाइपलाइन डालकर उसकी खोदाई को ठीक से नहीं दबाया गया है, जिस कारण आए दिन कोई न कोई वाहन फंस जाता है। बुधवार रात से गुरुवार दिन में





कीचड़ से निकलते बच्चे और पानी निकासी के लिए जगह बनाता युवक।

हुई रिमझिम बारिश से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर फैले कीचड़ से चलने में लोगों को काफी परेशानी हुई। कस्बेवासी शिवराज यादव, इकबाल अंसारी, आसिफ, धर्मपाल ,भानू साहू, कुंदन वीरेश रिशिपाल सहित दर्जनों लोगों ने बुधवार को अधिकारियों ठेकेदार और चेयरमेन से शिकायतें की। लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की। इस विषय में पीडब्ल्यूडी के जेई अजय कुमार ने बताया कि जल निगम ने मेन रोड पर कार्य पूरा नहीं हो पाने के कारण सड़क बनाने का कार्य रोका गया है। इधर जल निगम के जेई पिंटू ने बताया कि वह कल से नगर के मुख्य मार्ग से कनेक्शन का काम शुरू कराएंगे और गलियों में हुई खुदाई को सीसी व इंटरलॉकिंग लगाकर दुरुस्त कराएंगे।

### सोशल मीडिया पर खस्ताहाल सड़कों के फोटो वायरल



पीडब्लूडी और जल निगम की घोर लापरवाही के चलते मामूली सी बारिश में ही कस्बा तालाब बन गया, लोग गिरते रहे चोटिल होते रहे जिम्मेदार खामोश हो गए कस्बे की इतनी बड़ी दुर्दशा देख बेहद अफसोस हुआ।
**-गुलजार हुसैन**, पूर्व सभासद



जल निगम की लापरवाही की वजह से नगर के दुकानदार बेहद परेशान हैं, कई बार शिकायतें होने के बाद भी जल निगम अनदेखा किए हुए हैं। यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापार मंडल विरोध करेगा।
**-राम रतन साहू**, संरक्षक व्यापार मंडल



दो माह से टूटी पड़ी सड़क हल्की बारिश होने के कारण कीचड़ और गढ़ों में तब्दील हो गई जिस कारण दुकान पर ग्राहक भी नहीं आ पा रहे हैं।
**-गुड्डू** स्थानीय दुकानदार



जल निगम के ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा नगर वासी झेल रहे हैं। मेरे पास भारी संख्या में नगर वासियों की शिकायतें आई हैं लोग परेशान हैं। जल निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बात हुई है उन्होंने बहुत जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। **-मो. ताज उर्फ लाल मियां कुरेशी**, चेयरमैन

# विद्यालय के बाहर बनी पानी की टंकी में निकला मगरमच्छ

संवाददाता,बरेली

- वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को बाहर निकालकर नदी में छोड़ा

**अमृत विचार** : नवाबगंज के एक विद्यालय के बाहर बने वॉटर टैंक में एक मगरमच्छ वर्षों से रह रहा था जिसे काम करते कर्मचारी ने देख लिया। मगरमच्छ को देख कर्मचारी ने प्रिंसिपल को सूचना दी। मगरमच्छ होने की सूचना प्रिंसिपल ने वन विभाग को दी।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने बुधवार को रेस्क्यू कर मगरमच्छ को पास ही वह रही पनघैली नदी में छोड़ दिया। मगरमच्छ को नदी में छोड़ते वन कर्मियों को नगर के लोगों ने देख लिया जो चर्चा का विषय बना रहा। विद्यालय संचालक ने बताया कि विद्यालय के बाहर बने वॉटर टैंक पर दीवार का निर्माण तीन वर्ष पूर्व कराया गया था। इससे पूर्व पानी के सैलाब में कोई बच्चा टैक में आ गिरा होगा जो दीवार निर्माण के दौरान दिखाई नहीं दिया। बुधवार



मगरमच्छ को बाहर निकालती टीम।

को कर्मचारी को तीसरी मंजिल से नीचे देखा तो उसे मगरमच्छ दिखाई दिया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को नदी में छोड़ दिया। रेंजर केके मिश्रा ने बताया कि विद्यालय से सूचना मिलने पर टीम को भेजकर रेस्क्यू कराया गया था जिसे नदी में छोड़ दिया गया।

# युवती बोली, पिता वृद्ध से कराना चाहते थे विवाह, इसलिए भागी

**मीरगंज, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता के झूठे मुकदमे के विरोध में बेटी ने गुरुवार को एसएसपी ऑफिस में प्रार्थना पत्र दिया है।

युवती (24) ने बताया कि उसके पिता ने थाने में 16 जनवरी को झूठा मुकदमा लिखवाया है। जिसमें सुहेल खां नाम के युवक पर अपहरण की बात लिखाई, जबकि सच्चाई यह है कि उसके पिता धन के लालच में 60 साल के बुढ़े से उसकी शादी कराना चाहते थे। शादी न करने पर पिता ने उसे कई बार मारा-पीटा और घर में कैद कर लिया था। 30 दिसंबर को वह जान बचाकर घर से भाग गई और इधर-उधर रहकर जीवन यापन कर रही है, वह घर से जेवर या नकदी लेकर नहीं गई थी। उसे समाचार पत्रों से झूठे मुकदमे की जानकारी हुई तो उसने एसएसपी के यहां प्रार्थना पत्र दिया। इस मामले में सीओ मीरगंज दीपशिखा अहिवरन ने बताया कि युवती को बरेली से बरामद किया गया। वह अपने माता पिता के साथ जाने को इच्छुक है। मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराकर माता पिता को सौंप दिया जाएगा। वह पूरी तरह से सुरक्षित है उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। शुक्रवार को मजिस्ट्रेट के सामने बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर से लापता भाजपा नेता का नहर में मिला शव

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार** : पांच दिन से घर से गायब भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक विष्णुकांत अग्रवाल का शव नहर में मिला, इससे उनके घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात किसी का फोन आने पर वह बाइक से बहेड़ी जाने की बात कहकर घर से निकले तो लौटे ही नहीं।

गुरुवार शाम नगर की पूर्वी सीमा से सटे गांव आकराबाद की नहर में उनका शव पड़ा मिला। शाम को नहर किनारे गए कुछ बच्चों की नजर पानी में पड़े शव पर पड़ी तो उन्होंने गांव के लोगों



- पांच दिन पहले घर से लापता हुए थे शक्ति केंद्र संयोजक विष्णुकांत अग्रवाल

विष्णु कांत का शव नहर के पानी में औंधे मुंह पड़ा था। हाथों में दस्ताने और पैरों में जूते -मोजे थे। अलबत्ता बाइक का पता नहीं चला जिससे वे घर से लेकर गए थे। शव को पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। **-प्रवीण कुमार सोलंकी**, बहेड़ी

को जानकारी दी। सूचना पाकर कोतवाल प्रवीण कुमार सोलंकी टीम के साथ पहुंचे और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। शव मिलने की जानकारी होने पर नहर किनारे लोगों की भीड़ लग गई। विष्णु कांत अग्रवाल (55) जब देर रात तक घर नहीं लौटे तो परेशान परिजनों ने तलाश शुरू की इसके बाद सोमवार को गुमशुदगी दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी। गुरुवार शाम को शव मिलने की जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की मोबाइल उनकी जेब में मिली है, जबकि बाइक गायब है। वहीं घर वाले हत्या की आशंका जता रहे हैं।

# आवास तो मिला नहीं, सिर पर जो छत थी वह भी बारिश में ढह गई

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार** : शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत रोहिली निवासी शमीम बानो पत्नी रियासत ने सात वर्ष पहले प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया था। जो स्वीकृत तो हुआ लेकिन अब तक उसे आवास बनवाने राशि नहीं मिली। गुरुवार को हुई रिमझिम बारिश ने सिर छिपाने के लिए जो छत थी उसे भी ढहा दिया।

शमीम बानो के पति रियासत ने आरोप लगाया कि उसने पूर्व प्रधान को आवास के लिए 7000 की रिश्वत भी दी थी,इसके बाद भी अभी तक उसका आवास नहीं बना। मौजूदा प्रधान सीवी चौधरी ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द बन जाएगी, लेकिन नहीं बनीं। उसने आरोप लगाया कि उससे रिश्वत की मांग की गई। रियासत का आरोप है कि रोजगार सेवक ने भी आवास के नाम पर खर्चे की मांग की, नहीं देने की वजह से आवास नहीं मिला। गरीब परिवार जैसे -तैसे कच्चे घर में गुजारा कर रहा था बुधवार रात हुई बारिश ने उसे भी ढहा दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने कई बार अपने



रिमझिम बारिश में ढहा गरीब का आशियाना। ● अमृत विचार

मकान गिरने की खबर लेखपाल यादराम को, लेकिन देर शाम तक वह नहीं पहुंचे, वहीं लेखपाल ने बताया कि वह एसडीएम की बैठक में है। इस मामले में प्रधान सीवी चौधरी से संपर्क करना चाहा तो उनके ससुर चौधरी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें रियासत का मकान गिरने की जानकारी नहीं है। वह बरेली में रह रहे हैं, वहीं आवास स्वीकृत होने के बारे में बताया कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत अधिकारी सौरभ ने बताया कि शासन के स्तर से आवास मंजूर होते हैं । उनके स्तर से किसी प्रकार की कोई पैसे की मांग नहीं की गई है । रोजगार सेवक हेम प्रकाश ने बताया कि उसे केवल जिओ टैगिंग का काम दिया जाता है । बाकी किसका आवास आ रहा है, किसका नहीं आ रहा है उसे नहीं पता। उसने पैसे मांगने की बात को गलत बताया। वहीं इस मामले में खंड विकास अधिकारी सीपी पांडे ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। अगर पीड़ित उनसे मिलेगा तो उसकी समस्या का समाधान जल्द करा दिया। जाएगा और वह अपने स्तर से जांच भी कराएंगे कि आवास के नाम पर पैसे की मांग किसने की।

# 12वीं के छात्र को घेरकर पीटा, वीडियो वायरल

संवाददाता, फरीदपुर

- देर रात तक दोनों पक्ष में समझौते का चलता रहा प्रयास

**अमृत विचार** : कोचिंग पढ़कर आ रहे छात्र को दूसरे गुट के दबंग छात्रों ने दौड़ा -दौड़ाकर पीटा। इस दौरान गली में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, पीड़ित ने तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के लोग समझौते की कोशिश में जुटे थे।

नगर के मोहल्ला शांति नगर निवासी रणजीत सिंह चौहान ने दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा आशुतोष सिंह गुरुवार को दोपहर ढाई कोचिंग पढ़कर स्टेशन रोड से वापस घर आ रहा था। जब वह शांति नगर पहुंच ही था, तभी दूसरे गुट के पार्थ ठाकुर, विक्रम ठाकुर, देबू ठाकुर और विकास यादव निवासी नहर कोठी निवासी मोहल्ला प्रभांशु श्रीवास्तव बीसलपुर रोड पर एक राय होकर उसे रोककर उसकी बाइक की चाबी निकाल ली और घेरकर गाली गलौज करने लगे उसके



मारपीट का फोटो।(सीसीटीवी)

उसके विरोध करने पर उसे डंडों से मारने पीटने लगे। आरोप है कुछ लोगों के पास अवैध हथियार थे और शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए तो आरोपी वहां से भाग गए। मारपीट का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जो कि सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। घायल छात्र के पिता रणजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई शुरू की, वहीं दोनों पक्षों में समझौते की कोशिश जारी हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपियों पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप

### मंत्री दानिश ने जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन



**शीशगढ़, अमृत विचार** : नगर पंचायत में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से पूरे देश में जगह-जगह यह केंद्र खोले जा रहे हैं। जिससे कि देश की जनता को जेनरिक दवाएं कम दामों पर मिल सके। इस अवसर पर प्रमोद देवल, उजैर अहमद, भाजपा मीडिया प्रभारी गुलफाम अंसारी, तंजीव अंसारी, दिलशाद बॉस समेत अन्य लोग रहे।

### फैजनगर विद्यालय का मनाया वार्षिकोत्सव



**भुता, अमृत विचार** : विकासखंड भुता के ग्राम फैजनगर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक और वार्षिक उत्सव मनाया गया। गुरुवार को ग्राम प्रधान चंद्रकली देवी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू कराया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भानु शंकर खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बालक-बालिकाओं की 100 मीटर, 200 मीटर रिले दौड़ के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने विजेता छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत किया । इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों के साथ बच्चों की नियमित उपस्थिति डीबीटी एवं अन्य बिंदुओं के महत्व पर चर्चा की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अमीर चंद, अरविंद पटेल, रामनिवास शर्मा, जितेंद्र सिंह ,डॉक्टर वीरेश कुमार , रिचा, अंजू ,शालिनी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों की शिकायत पर प्रधान के खिलाफ बैठी जांच

**बहेड़ी, अमृत विचार** : शेरगढ़ ब्लॉक की गांव जुआ जवाहरपुर की प्रधान के खिलाफ अरसे से की जा रही शिकायतों को लेकर जिले से एक जांच टीम गांव पहुंचीं और ग्रामीणों के आरोपों के बारे में प्रधान से सवाल पूछे। मालूम हो कि गांव जुआ जवाहर पुर के मो. आरिफ़, सांसद प्रतिनिधि पाती राम, किशन लाल, वेद राम, बीरबल, शफीक, लक्ष्मण औरा कृपा शंकर सहित कई अन्य लोगों ने ग्राम प्रधान इशरतजहां पर लोगों से अभद्र व्यवहार करने, अक्सर गांव से गायब रहने, पंचायत की अब तक कोई बैठक न बुलाए जाने के अलावा प्रधानी का सारा कामकाज उनके जेठ की ओर से किए जाने की शिकायत प्रशासन से की थी। लोगों का आरोप था प्रधान के जेठ ने मुख्यमंत्री आवास उपलब्ध कराने के नाम पर 10 हजार रुपये वसूले। उन लोगों के अलावा गांव की सविता कुमारी पत्नी मुरारी लाल ने सक्षम अधिकारी के समक्ष शपथपत्र देकर प्रधान की शिकायत की। इसी मामले को लेकर गुरुवार को जांच अधिकारी के रूप में मत्स्य विभाग के एक अधिकारी टीम के साथ गांव पहुंचे और अपने काम को अंजाम दिया।

### जुनैद अहमद पसमांदा मंच के प्रदेश प्रवक्ता बने



**दुनका, अमृत विचार** : ग्राम पंचायत दुनका के पूर्व प्रधान जुनैद अहमद को भाजपा समर्थित संगठन भारतीय पसमांदा मंच के प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कमर सिद्दीकी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।

### नहीं मिला अधकटा वासियों को आवारा कुत्ते से छुटकारा

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नवाबगंज के ग्राम अधकटा रब्बानी बेगम में एक आवारा कुत्ते ने कई माह से आतंक मचा रखा है, ये कुत्ता अब तक दस से अधिक लोगों को काट चुका है। भयभीत ग्रामीण एसडीएम और कोतवाल से लेकर वनाधिकारी तक से फरियाद कर चुके हैं लेकिन ग्रामीणों को इसके आतंक से छुटकारा नहीं मिल सका है। गांव नत्थूलाल, कुंवरसेन की पत्नी, मुख्तयार शाह, मौला बख्श, गया प्रसाद और देवदत्त उर्फ छुटकन पंडित सहित कई लोगों को काट चुका है। दो दिन पहले भी इसने निजामुद्दीन के पुत्र मो. हनीफ और जयनगर के एक साइकिल से फेरी करने वाले को काट लिया। बुधवार को रईस अहमद को काट लिया।राजस्व व पुलिस ने मामला वन विभाग का बताकर टाल दिया तो वन विभाग ने इसे प्रधान की जिम्मेदारी बता कर पल्ला झाड़ लिया। जिस पर प्रधान मो. आबिद ने बीते सप्ताह ग्रामीणों के सहयोग से इस कुत्ते को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली

### प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को बांटे बैग




**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : नई शिक्षा नीति विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए आईआईटी कानपुर और यूनीसेफ की ओर से 'विशेष शैक्षिक डेस्क' स्कूल बैग का वितरण प्राथमिक विद्यालय,चिटौली , सिरसा जागीर, मनकरी,उनासी ,पट्टी,सत्तुइया खास,पट्वईया,औंध,रसुला चौधरी,खिरका, जगतपुर, भिटौरा में किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना मण्डल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, धीरेन्द्र सिंह, सौरभ पाठक, अशोक वाल्मीकि के साथ अन्य लोग रहें।

### बल्लिया विद्युत उपकेंद्र से आज सप्लाई रहेगी बाधित

**आंवला, अमृत विचार** : अधिशासी अभियंता विद्युत आंवला प्रेमप्रकाश पाल ने बताया कि एक फरवरी को भमोरा के बल्लिया विद्युत उपकेंद्र के स्वीच गियर एवं 33 केवी लाइन का अनुरक्षण संबंधी कार्य होना था। जो कि बारिश होने के कारण नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि अब शुक्रवार को बल्लिया विद्युत उपकेंद्र के समस्त पोषकों की बिजली सप्लाई प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी।

# स्कूल से सामान समेटने के बाद चोरों ने तहरी बनाकर खाई

संवाददाता, सेंथल

**अमृत विचार** : चोरों ने बुधवार रात पुलिस चौकी के समीपवर्ती दो परिषदीय स्कूलों और पंचायत घर को निशाना बनाया। सामान समेटने के बाद एक स्कूल में चोरों ने वहां रखे राशन से तहरी बनाकर खाई।

सेंथल कंपोजिट उत्तर प्राथमिक विद्यालय और सेंथल हाफिजगंज मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत लाड़पुर उस्मानपुर पुर के पंचायत घर और प्राथमिक विद्यालय से लाखों का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने सेंथल कंपोजिट उत्तर प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर पूरे स्कूल को खंगाला और ऑफिस में रखी सेफ के ताले तोड़ सारे दस्तावेज फैला दिए और उसमें रखे दो टैबलेट चोरी कर लिए। स्कूल इंचार्ज रीता सक्सेना ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा चोर लाड़पुर उस्मानपुर के पंचायत घर के ताले तोड़कर कम्प्यूटर, सीपीयू, दो बड़े बैटरे, आठ सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर और वीआईपी कुर्सियां चुराकर ले गए। चोरों ने पंचायत घर के समीप ही लाड़पुर उस्मानपुर प्राथमिक विद्यालय के भी ताले तोड़े यहां कुछ नहीं मिला तो चोरों ने वहां रखे राशन से तहरी बनाकर खाई। प्रधानपति तस्लीम फौजी ने चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### बाइक चोर को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंपा

**नवाबगंज, अमृत विचार** : दिल्ली से यहां मेहमानी में आया एक युवक नगर की मुस्लिम बस्ती से एक बाइक चुराकर भाग रहा था, जिसे लोगों ने बाइक सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। देर शाम तक किसी ओर से तहरीर नहीं दी गई। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोर को जेल भेजा जाएगा। वहीं मामले में समझौता की कोशिश जारी हैं, क्योंकि दिल्ली के महरौली वासी इस युवक का विवाह नगर की ही एक युवती से हुआ है जो कुछ दिन पूर्व ही यहां आया था।

# घर से लापता छात्र का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के अखा गांव से बुधवार दोपहर से लापता हुए छात्र का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा।



गुरुवार को छात्र के पिता ने बिशारतगंज पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी। अखा गांव निवासी मोहनलाल ने बताया कि उनका पुत्र वंश उर्फ अंशु (14) कादराबाद गांव के ब्रज गंगा पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 का छात्र है। बुधवार को 12:00 बजे स्कूल से वापस आने के बाद घर पर बैग रखकर बाहर चला गया उसके बाद वापस नहीं लौटा। बाद में वंश की तलाश की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी गई है। हल्का इंचार्ज एसआई विपिन शुक्ला ने बताया कि उक्त संदर्भ में प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के भारत वीर अध्यक्ष, विनोद बने मंत्री



नवनियुक्त पदाधिकारी जश्न मनाते हुए। ● अमृत विचार

**बहेड़ी, अमृत विचार** : प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध हुआ। अध्यक्ष पद के लिए भारत वीर, मंत्री विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश और वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार निर्विरोध चुने गए।

नवनियुक्त पदाधिकारियों से शिक्षकों के हित में संघर्षरत रहने की अपेक्षा की गई। मंडलीय मंत्री केसी पटेल ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देकर सभी से निष्पक्ष रूप से काम करने की अपेक्षा जताई। निर्वाचन कार्य कमलेश आर्य व तपन सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। इस अवसर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार, बलवीर सिंह, जूनियर शिक्षक संघ बहेड़ी के अध्यक्ष हरीश गंगवार, अफजाल अहमद, राजीव सिंह, जितेन्द्र तोमर, राजेन्द्र गंगवार, मो असद, डालचंद्र मौर्य, याचना शर्मा व प्रियंका मिश्रा सहित कई अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# स्कूटी में टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार** : स्कूटी में टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना सुभाष नगर के बदायूं रोड स्थित बीडीए कॉलोनी निवासी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि 26 अगस्त 2023 को वह स्कूटी से घर जा रहे थे। बरेली क्लब के पास बाइक सवार पवन कुमार शर्मा ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। इसके बावजूद आरोपी बाइक चालक ने उनके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। आरोप है कि पवन कुमार शर्मा दबंग प्रवृत्ति का है, उसके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। उसने कैंट थाने में फोन करके पुलिस को बुला लिया। पुलिस विभाग में पैठ होने की वजह से आरोपी ने भाई, पिता व उनके खिलाफ कैंट थाने में झूठी रिपोर्ट लिखा दी। पुलिस ने अभय प्रताप, उसके भाईऔर पिता का शांति भंग में चालान कर दिया। उन्होंने कैंट थाने में तहरीर दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## एक नजर

### दहेज के लिए गर्भवती बहू को पीटकर मार डाला

**शाहजहांपुर।** शहर के नवादा इंदेपुर में दहेज के लिए ससुराल वालों ने गर्भवती बहू को मारा पीटा। उसकी इलाज के दौरान बरेली में एक अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइया निवासी विवेक कुमार ने बताया कि उसने अपनी बेटी प्राची(26) की शादी पांच साले पहले ज्ञानेंद्र कुमार निवासी नवादा इंदेपुर चौक कोतवाली के साथ की थी। उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से उसकी बेटी की ससुराल वाले खुश नहीं थे। दहेज में कार व दो लाख रुपये की मांग करने थे। मांग पूरी न करने पर ससुराल वाले उसकी बेटी को मारा पीटा करते थे। उसकी बेटी तीन माह से गर्भवती थी। आरोप है कि 30 जनवरी को ससुराल वालों ने उसकी बेटी को मारा पीटा और जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया।

### वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में बुधवार को अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक हरदोई जिले का रहने वाला था। वहीं, सड़क हादसे में घायल युवक ने एक साल बाद दम तोड़ दिया। हरदोई के मझिला क्षेत्र के गांव ररीं निवासी पवन सिंह(25) चौक कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा में एक किराए के मकान में रहता था। वह शहर में एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। वह बुधवार को रात आठ बजे कैंट क्षेत्र में किसी कार्य से गया था। ग्लालटोली के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पवन घायल हो गया। सूचना पर सदर बाजार पुलिस पहुंची और उसे जिला अस्पताल भेज दिया। घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### छेड़छाड़ के आरोपी ने दी जान

**विजय नगला।** छेड़छाड़ के एक आरोपी की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने अपने पति पर रिपोर्ट दर्ज कराने वाले व्यक्ति के दबाव में पति के विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव पुठी निवासी राजेश पुत्र कृपाल सिंह के खिलाफ 29 जनवरी को छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। तहरीर देने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया था कि 27 जनवरी को पत्नी घर लौटकर आ रही थी। रास्ते में राजेश यादव ने उसे रोक लिया। उसका हाथ पकड़कर खींचा और खेत में ले जाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। धारा 164 के अंतर्गत पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए। जिसके बाद रात में राजेश यादव परिवार समेत रात में सो गए। गुरुवार सुबह उनकी पत्नी गुड्डी देवी जागी तो वह मृत मिले।

# आंवला चेयरमैन के खिलाफ लगाए गए मुर्दाबाद के नारे

## अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम, लोगों के विरोध के बाद बैरंग लौटी

संवाददाता, आंवला


नगर पालिका की टीम का विरोध करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तालाब की जगह पर कब्जा लेने गई नगरपालिका की टीम का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। स्थानीय लोगों ने चेयरमैन पर गम्भीर आरोप लगाकर मुर्दाबाद के नारे लगाए। लोगों के विरोध के चलते पालिका की टीम बैरंग लौट गई।

नगर के मोहब्बत गंज गौटिया निवासी धर्मेन्द्र ने बताया कि आंवला-अलीगंज रोड किनारे उसका खेत है। जिसमें गेहूं की फसल है। पास में ही चेयरमैन अपनी कॉलोनी काट रहे हैं। वह उसके खेत से रास्ता निकालने के लिए खेत खरीदना चाहते है। उसके मना करने पर उस पर दबाव बना रहे हैं। बुधवार को तहसील टीम ने पैमाइश की और खेत में सड़क किनारे वाले भाग में तालाब की जमीन होना बताया। धर्मेन्द्र की पत्नी कमला देवी ने बताया कि उसकी पांच बेटियां है। उसके परिवार का यहीं खेत सहारा है। परंतु चेयरमैन उसके इस सहारे को भी छीनना चाहते है। पालिका के सफाई कर्मी डंडे आदि लेकर आए थे। उन्होंने खड़ी फसल में जबरन कब्जा करने की कोशिश। वहीं चेयरमैन आंवला सय्यद आविद अली ने बताया कि मोहब्बत गंज गौटिया पहले नगरिया सतन गांव में था। पूर्व प्रधान गुड्डो देवी ने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह को दसवां स्थल बनवाने की मांग की थी। जिसे लेकर कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम व ईओ को जगह चिन्हित कर दसवां स्थल बनाने के निर्देश दिए थे। बुधवार को तहसील टीम ने जगह की पैमाइश करके चिन्हांकन किया था। गुरुवार को पालिका कर्मी जगह पर कब्जा करने गए थे। परंतु कुछ लोगों ने विरोध कर कब्जा नहीं करने दिया। चेयरमैन ने बताया कि कुछ भूमाफिया खेत मालिक को बरगलाकर कॉलोनी काटना चाहते है। इसलिए वह लोग सरकारी जमीन पर कब्जा करना चाहते है। उन्होंने बताया कि किसी भी सूरत में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि मोहब्बत गंज गौटिया में गाटा संख्या 461 राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है। पैमाइश कराकर जगह को चिन्हित कर दिया है। परंतु उक्त जगह में किसी भी तरह का निर्माण नही हो सकता है। तालाब की जमीन पीडब्ल्यूडी की जगह में होने की संभावना है। नगरपालिका की टीम से किसी भी तरह के निर्माण को न करने देने के निर्देश दिए है।

# बीस दिन पहले बनी सड़क उखड़ी एसडीएम ने जताई नाराजगी

संवाददाता, आंवला


सड़क से उखड़ी गिट्टी।

**अमृत विचार :** बीस दिन पहले बनाई गई सड़क टूट गई। जिसे लेकर एसडीएम ने नाराजगी जताई है। एसडीएम ने एक्सईएन को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।आंवला के गांव किसनपुर से कसूमरा तक हाल ही में सड़क की मरम्मत हुई है। सड़क 20 दिन नहीं चल सकी, जगह-जगह उखड़ गई। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने सड़क का निरीक्षण किया और नाराजगी जताकर पीडब्लूडी विभाग के अधिशासी अभियंता से कार्रवाई करने को कहा है।

**जर्जर सड़क को ठीक कराने एसडीएम ने भेजा पत्र :** एसडीएम ने अलीनगर गांव के रास्ते का निरीक्षण किया जो अत्यंत खराब पाया गया। एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र भेजकर मार्ग ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-1 लोकनिर्माण विभाग बरेली को पत्र भेजकर अवगत कराया कि ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गांव अलीनगर को आने जाने वाला मार्ग अत्यंत खराब है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन और छात्र-छात्राओं को स्कूल आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने इस रास्ते को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए हैं।

### जालसाजी कर किया चाचा-भतीजों की जमीन पर कब्जा

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाजों ने भरोसे में लेकर चाचा और भतीजों की जमीन पर कब्जा कर लिया। कुछ जमीन बेच दी। विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। आईजी के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने कथित सपा नेता समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रेमनगर के गुलाबनगर में रहने वाले हाजी मोहम्मद सोफियान ने बताया कि उनकी, उनके भाइयों व चाचा हाजी बशीर की 1500 वर्गमीटर जमीन इज्जतनगर के पीर बहोड़ा में है। मुंशीनगर निवासी सहखातेदार खलीक अहमद ने बताया कि वह अपनी जमीन बेच रहा है। तुम लोग भी जमीन बेच दो, अच्छा दाम मिल जाएगा। भरोसा करके उन लोगों ने खलीक अहमद के नाम वर्ष 2016 में मुख्त्यारनामा कर दिया। खलीक अहमद बताता रहा कि अभी सौदा नहीं हो सका है। बाद में पता चला कि आरोपी ने जमीन हड़पने के लिए मुख्त्यारनामा का फायदा उठाते हुए कथित सपा नेता अशफाक निवासी हजियापुर, शाहबुद्दीन निवासी पीर बहोड़ा के साथ मिलकर जमीन का बैनामा अपने भतीजे समीर निवासी बजरिया इनायतगंज और भांजे शोएब के हक में कर दिया। आरोपी अब अन्य लोगों को जमीन का बैनामा कर मोटी रकम कमाने की फिराक में हैं, कुछ लोगों को बैनामा कर भी दिया है। जमीन पर बाउंड्रीवॉल बना ली है। आरोपी ने चाचा के 51 वर्ग मीटर प्लॉट पर भी कब्जा कर लिया। वह उनके भाई इरफान, अब्दुल वसीम, सरताज जमीन देखने गए तो खलीक अहमद, मोहम्मद शोएब, समीर, अशफाक और शाहबुद्दीन ने मारपीट की। खलीक अहमद ने धमकी दी कि दोबारा दिखे तो जान से मार देंगे। इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### रात में कटवाए आम के पेड़, रिपोर्ट दर्ज



**रिठौरा, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर के ग्राम पंचायत अदलखिया के मजरा गुलड़िया वैशपुर की मढ़ी पर लगे आम के पेड़ प्रधान संजीव उर्फ़ टनटन ने कटवा दिए। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे एसआई दीपक शर्मा, शिवनेश, श्याम सिंह बोरा की टीम पहुंची तो वहां आम के पेड़ कटे हुए बरामद हुए। वन विभाग रिपोर्ट दर्ज कराई । ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी ने 29 मई 2021 में भी प्रधान बनते ही सरकारी पेड़ कटवा दिए थे। ग्राम प्रधान का कहना है मढ़ी की सफाई करते समय मजदूरों ने धोखे से पेड़ काट दिए हैं।

### अतरछेड़ी के सैनिक ने जीता रोइंग में स्वर्ण पदक



**आंवला, अमृत विचार :** बिशारतगंज के गांव अतरछेड़ी निवासी उज्जवल सिंह सेना में हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर रोइंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस सफलता पर ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देकर खुशियां मनाई। साधारण किसान के घर में जन्में उज्जवल सिंह ने जनपद, मंडल, प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्र स्तर पर गांव का नाम रोशन करने का काम किया है। उन्होंने बीते माह सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। उनके दो भाई भी सेना में कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक जय गोविंद सिंह, राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राकेश सिंह चौहान, श्रीनिवास शर्मा, मुनेश कुमार शर्मा, एम.पी.सिंह, जगदीश सिंह, अनिल कुमार सिंह, प्रवीन कुमार सिंह, हर गोविंद सिंह, रवि सिंह, प्रमेन्द्र पाल सिंह, वीर सिंह, केपी सिंह आदि ने बधाई दी है।

### समाजसेवी बृजनंदन का 120 वर्ष की उम्र में निधन



**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** समाजसेवी बृजनंदन प्रसाद मिश्रा का गुरुवार को 120 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्वतंत्रता काल से पहले जन्मे बृजनंदन प्रसाद ने अंग्रेजों का शासन भी बखूबी देखा था। निर्वाचन आयोग की ओर से सौ वर्ष पूरे करने वाले लोगों में उन्हें कई बार प्रशस्ति सौंपे थे। उनके बेटे रामनिवास मिश्रा ने मुखाग्नि दी। उनके निधन की सूचना पर पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक विजय पाल सिंह, पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, प्रधान बिलपुर सुधीर मिश्रा, पूर्व प्रधान दुर्गपाल कश्यप, नगर के प्रमुख समाजसेवी अरुण मिश्रा, डॉक्टर आरके मिश्रा, फारुख अहमद, मनोज मिश्रा, अजय गुप्ता समेत अन्य ने शोक जताया।

### बुरादे के नीचे दबा मिला मजदूर का शव, हंगामा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट रोड पर एक पेपर मिल में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव लकड़ी के बुरादे के नीचे दबा मिला। कर्मचारी परिवार वालों को बिना सूचना दिए शव को एंबुलेंस में रखवा रहे थे। परिवारवाले पेपर मिल गेट पर पहुंच गए और हंगामा कर जाम लगाने का प्रयास किया। एसडीएम सदर और सीओ सदर पहुंच गए और परिवार वालों को मुआवजे का आश्वासन देकर शांत कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट के कारण मौत की पुष्टि हुई है। कांट क्षेत्र के गांव पिपरौला बंजर निवासी उर्वेश वर्मा(21) पुत्र सालिगराम वर्मा कांट रोड पर स्थित पर एक जमौर में पेपर मिल में मजदूरी करता था। उसकी रात की डयूटी चल रही थी। बुधवार की रात आठ बजे वह पेपर मिल में गया। गुरुवार की सुबह सात बजे मिल परिसर में मजदूरों ने उर्वेश का शव बुरादे के नीचे दबा देखा। शव मिलने से मिल में अफरा-तफरी मच गई और मजदूरों की भीड़ लग गई।

# आठ ब्लॉकों में बनेंगे मॉडल हाउस डिप्टी सीएम करेंगे शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास के मॉडल के तौर पर ब्लॉक परिसरों में बनाए जाएंगे
- जिले के ब्लॉकों में से तीन में जगह की दिक्कत, चार जगह पर्याप्त बजट का अभाव

**अमृत विचार :** जिले के आठ ब्लॉक परिसरों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण के मॉडल हाउस बनाए जाएंगे। सभी बीडीओ को इसके लिए निर्देश दिए गए हैं।

डिप्टी सीएम अगले सप्ताह शिलान्यास कर सकते हैं। ग्रामीणों को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनवाए जा रहे हैं। इसी के तहत अब ब्लॉक परिसरों में मॉडल हाउस बनाए जाएंगे। इसमें योजना के बारे में जानकारी देने के साथ ही लोगों के जीवन में क्या बदलाव आया है, यह बताने की कोशिश रहेगी। पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह ने बताया कि भुता, आलमपुर जाफराबाद, फरीदपुर, नवाबगंज, रामनगर, मझगवां समेत आठ ब्लॉकों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के बाकी सात ब्लॉकों में से तीन में जगह की दिक्कत है और चार में पर्याप्त बजट का अभाव है। पीडी के अनुसार उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा 11-12 फरवरी को एक साथ पूरे प्रदेश के ब्लॉकों में बनने वाले मॉडल हाउस का शिलान्यास किया जाना प्रस्तावित है।

# 370 ग्राम चरस के साथ बरेली के तीन तस्कर गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** कादरचौक पुलिस ने बाइक सवार तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 370 ग्राम चरस बरामद हुई। वह बरेली के रहने वाले हैं। थाना कादरचौक पुलिस गुरुवार को बिचौला पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने दौड़कर तीन लोगों को पकड़ा। आरोपियों ने अपना नाम बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र में डेलापीर के पास एमईएस कॉलोनी निवासी अमन दिवाकर, थाना भोजीपुरा, नितिन गंगवार प्रेमनगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी निशांत श्रीवास्तव पुत्र जयप्रकाश श्रीवास्तव बताया। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज गया है।

### अधिवक्ताओं के विरोध के बाद हटाए गए तहसीलदार न्यायिक

**आंवला, अमृत विचार :** तीन दिन पूर्व अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायिक न्यायालय पर एक पत्रावली में आदेश करने को लेकर जमकर बवाल किया था, और उन्हें आंवला से हटाने की मांग की थी। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायिक को आंवला से हटाकर जिले से संबंध कर दिया है। आंवला बार एसोसिएशन संयुक्त प्रशासन सचिव कृष्ण पाल कश्यप ने बताया था कि एक विरासत का वाद तहसीलदार न्यायालय में चल रहा था। जिसको लेकर उन्होंने आपत्ति दर्ज की थी, तहसीलदार न्यायालय से 18 जनवरी को तारीख दी गई थी। जब वह 18 जनवरी को तहसीलदार न्यायालय में गए तो उन्हें पता चला कि उनके वाद को बगैर एप्लिकेशन और सूचना के तहसीलदार न्यायिक न्यायालय में स्थानांतरण कर दिया गया। तहसीलदार न्यायिक में उक्त वाद की पत्रावली की जानकारी मांगी गई तो पता चला कि उक्त वाद में 16 जनवरी को ही उनके पक्ष को सुने बगैर आदेश कर दिया गया है। इस मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायिक पर भ्रष्टाचार और नियम विरुद्ध कार्य करने समेत विभिन्न गम्भीर आरोप लगाए थे। अधिवक्ताओं ने एसडीएम से शिकायत कर तहसीलदार न्यायिक को हटाने की मांग की थी। एसडीएम गोविंद मौर्य ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार न्यायिक विशाल कुमार शर्मा को आंवला से हटाकर जिले से संबंध कर दिया गया है।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**
विकास ज्योति, प्रियदर्शिनी नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.)
Website : www.bdainfo.org, Email : bdabareilly@yahoo.com, blyda@up.nic.in
पत्रांक : 3191/का.ब.वि.प्रा./2023-24 दिनांक 01.02.2024
**ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के सेक्टर-1बी के संशोधित तलपट मानचित्र के सम्बन्ध में आपत्ति सम्बन्धी सूचना**
बरेली विकास प्राधिकरण की ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के सेक्टर-1बी में स्थित विभिन्न क्षेत्रफलों के आवासीय भूखण्डों हेतु ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन-पत्र दिनांक 06.11.2023 से 05.12.2023 तक आमंत्रित गये थे। उक्त सेक्टर के मध्य सिंचाई विभाग की नहर होने के कारण सेक्टर-1बी के पूर्व स्वीकृत तलपट मानचित्र को संशोधित किया गया है, जो प्राधिकरण की बेबसाइट www.bdainfo.org पर उपलब्ध है। सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वह प्राधिकरण की बेबसाइट पर सेक्टर-1बी के संशोधित तलपट मानचित्र का अवलोकन कर सकते हैं। यदि कोई आवेदक संशोधित तलपट मानचित्र के आधार पर नियोजित भूखण्ड प्राप्त करने की इच्छुक नहीं है तो दिनांक 09.02.2024 तक प्राधिकरण कार्यालय में ऑफलाइन या प्राधिकरण की ई-मेल आई.डी. bdaproperty19@gmail.com पर पूर्ण पंजीकरण धनराशि वापसी हेतु अपना प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।
उपाध्यक्ष

# पीड़िता ने एसएसपी से की शिकायत आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छेड़खानी और मारपीट के मामले को फर्जी बताने का आरोप

**अमृत विचार :** शिकायत पर पहुंचे जांच अधिकारी ने छेड़खानी और मारपीट के मामले को फर्जी बता दिया। पीड़िता का पक्ष भी नहीं सुना। शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीबीगंज क्षेत्र एक महिला ने बताया कि उसका पति पंजाब में नौकरी करता है। घर पर वह बच्चों के साथ रहती है। आरोप है कि 20 जनवरी को कॉलोनी में रहने वाले मिराज की पत्नी मुनीरा और बेटी रवीना घर पर आकर कहने लगीं कि उन्होंने बिजली के तार हिला दिए हैं। जब उन्होंने ऐसा न करने की बात कही तो मां बेटी उनके साथ मारपीट करने लगीं। शोर सुनकर मिराज का बेटा सरफराज उर्फ कल्लू और मिराज भी आ गए। सभी लोगों ने मारपीट की। आरोप है कि सरफराज ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और कपड़े फाड़ दिए। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। 21 जनवरी को पीड़िता ने थाना सीबीगंज में तहरीर दी। जांच करने पहुंचे पुलिस अधिकारी ने मामले को फर्जी बता दिया। उनके बयान भी दर्ज नहीं किए। मामले में सरफराज का 151 में चालान कर दिया गया। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने सरफराज, मिराज, मुनीरा और रवीना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसके कुंडल भी खींच ले गए।

# सामूहिक दुष्कर्म में दोषियों को उम्रकैद की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** किशोरी को फुसलाकर ले जाने और सामूहिक दुष्कर्म के पुरुष आरोपी को उम्रकैद व 65 हजार जुर्माना और महिला आरोपी को 10 साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। दोनों की सजा एक साथ शुरू होगी। तीसरे आरोपी की पत्रावली पृथक की गई हैं जबकि चौथे आरोपी की मुकदमा के दौरान मौत हो गई। कोर्ट ने जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। वादिनी मुकदमा ने 20 फरवरी 2015 को कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली ममता आपराधिक किस्म की महिला है। वह घर पर कच्ची शराब तोड़ती है। 19 फरवरी 2015 की रात लगभग 10 बजे ममता, शहर के मोहल्ला लालपुल निवासी पिंटू और अन्य दो लोग उनके घर में घुस आए थे।

# दूध में जहर देकर की पांच हत्याएं, कोर्ट में जुर्म नहीं हुआ साबित बरेली के तीन आरोपी दोषमुक्त

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर में 2019 में हुआ था सामूहिक हत्याकांड

**अमृत विचार :** जहानाबाद के बहुचर्चित सामूहिक हत्याकांड में नामजद बरेली जिले के तीन आरोपी ठोस व विश्वसनीय साक्ष्यों के अभाव में संदेह का लाभ मिलने पर कोर्ट से दोषमुक्त करार दे दिए गए। इन सभी पर बेनीपुर गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की दूध में जहर देकर हत्या करने का आरोप था। घर पर रखी नगदी लूटने के इरादे से हत्या करने की बात सामने आई थी।

बहुचर्चित हत्याकांड में बुधवार को न्यायालय में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। पुलिस कोर्ट में तीनों का जुर्म साबित करने में असफल रही। जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर निवासी वेगराज (60), उसकी पत्नी रामवती (55), बेटा नेमचंद (38), पुत्रवधु ममता (35) और विवाहित बेटी गायत्री (30) की दूध में जहर देकर हत्या कर दी गई थी। सभी के शव आठ जनवरी 2019 की सुबह मिले थे। एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिलने की सूचना पर पुलिस विभाग में खलबली मच गई थी। एसपी समेत कई अधिकारियों ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई थी। मृतक वेगराज के पुत्र नरेश चंद्र की ओर से जहानाबाद थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिसमें बताया था कि उसके भाई मृतक नेमचंद के साथ अक्सर घर आने वाले दो व्यक्तियों द्वारा दूध में जहर मिलाकर परिवार की हत्या की गई है। घटना पुलिस के लिए सिरदर्द बना रहा था। कई टीमें सुरागरसी को लगाई गईं। जिसके बाद 10 जनवरी 2019 को मुख्य आरोपी गुलशेर की धरपकड़ कर खुलासा किया था।

### आरोपी अभी जेल में हैं रिहा करने के आदेश

कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है कि तीनों आरोपी अभी न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार में निरुद्ध हैं। वे यदि किसी अन्य वाद में वांछित न हों तो उनको तत्काल जेल से रिहा कर दिया जाए। अधीक्षक जिला कारागार पीलीभीत को सूचना दी जाए। आरोपियों की रिहाई का परवाना अविलंब जेल भेजा जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बानगांव वि.खं. मिर्जापुर, शाहजहाँपुर**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बानगॉव में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा द्वारा खाघान्न भण्डारण भवन (मॉडल शाप) के निर्माण हेतु आवश्यक वस्तुओं ईट प्रथम श्रेणी,रोडी, गिट्टी,मौरग,सीमेंट, सरिया, देशी रेता इत्यादि वस्तुओं की आपूर्ति हेतु निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3.2.2024 समय अपराह्न 1बजे तक। तत्पश्चात निविदाएं खोली जाएंगी। नियम व शर्तें लागू।
प्रधान सचिव

**कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद-शाहजहाँपुर**
पत्रांक : 245/न.पं.ब./मु.न.स.यो./ई-निविदा/23-24 दिनांक : 31.01.2024
**ई-निविदा सूचना**
अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर पोर्टल पर दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।
1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 06.02.2024 समय प्रातः 10:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 15.02.2024 को 05:00 बजे तक।
03. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.02.2024 को 11:00 बजे पूर्वान्ह से।
04. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व ई-निविदा की शर्तो/नियमों के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लागइन करें, तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
(सत्येन्द्र प्रकाश) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बण्डा शाहजहांपुर
(मो. इसहाक) अध्यक्ष नगर पंचायत बण्डा शाहजहांपुर

## सुखद

### 10 से अधिक वैश्विक स्तर के पक्षियों की है मौजूदगी, यहां पाई जाती हैं पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां

# पीटीआर में बाघों के साथ पक्षियों का भी बसने लगा संसार

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जैव विविधता एवं बेहतर जलवायु बाघों के साथ अब परिंदों को भी रास आने लगी है। खास बात है कि यहां 10 से अधिक वैश्विक स्तर के पक्षियों की मौजूदगी देखी जा रही है। यह दीगर बात है कि इन सबके बावजूद पीटीआर में इन पक्षियों की संरक्षण के कोई माकूल इंतजाम नहीं हैं।

73 हजार हेक्टयर में फैले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यहां 70 से अधिक बाघ हैं। बाघों की संख्या को लेकर पीटीआर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड भी जीत चुका है। इधर अब पीटीआर की आबोहवा परिंदों को भी रास आने लगी है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में पीटीआर में पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस संसार में अब वैश्विक स्तर के पक्षियों ने भी अपनी आमद दर्ज कराई है।

**स्वाम्प फ्रानकोलिन व स्लेटी वुडपैकर समेत मौजूद है प्रजातियां :** टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के अख्तर मियां के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वैश्विक स्तर के कुछ ऐसे पक्षियों की प्रजातियां मौजूद है जो शेड्यूल वन से भी ऊपर हैं। इसमें स्वाम्प फ्रानकोलिन, स्लेटी वुडपैकर समेत 10 से अधिक प्रजातियां है जो वर्तमान में यहां मौजूद हैं। इसके अलावा सात समुंदर पार से भी सायबेरियन पक्षी भी बड़ी संख्या में यहां आते है और तीन माह से प्रवास के बाद अपने देश लौट जाते हैं। इन सबके बीच पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पक्षियों के संरक्षण को लेकर कोई इंतजाम नहीं किये गए है।


स्वाम्प फ्रानकोलिन।

### ये हैं वैश्विक स्तर के पक्षियों की प्रजातियां

- स्वाम्प फ्रानकोलिन
- बंगाल फ्लोरिकन
- स्लेटी वुडपैकर
- व्हाइट बैक्ड वल्चर
- स्लेंडर बिल्ड वल्चर
- रेड हेडेड वल्चर
- ग्रास आउल
- स्लेंडर बिल्ड वल्चर

"पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पाई जाती है। जैव विविधता व बेहतर जलवायु के कारण वन्यजीवों के साथ पक्षियों की तादाद भी बढ रही है। समय-समय पर विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से पक्षी संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**-नवीन खंडेलवाल**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पक्षियों को लेकर असीम संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर के पक्षियों की प्रजातियां यहां देखी जा रही है। यदि इनके अनुश्रवण के लिए एक टीम का गठन किया जाए तो इनका संरक्षण आसान हो जाएगा।

**-अख्तर मियां**, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी

### छापेमारी में मिली भारी मात्रा में एक्सपायरी दवा

**शाहजहांपुर।** ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा ने गुरुवार को तिलहर के वाहिदउल्लागंज में तीन मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर दवा स्टॉक, रख रखाव व मानक आदि को चेक किया। छापेमार कार्रवाई की जानकारी पर नगर के अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान क्षेत्र के इरम मेडिकोज में भारी मात्रा में एक्सपायरी दवा मिली। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। शिफा मेडिकोज व मदर मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर दवा स्टॉक सहित अन्य मानकों को चेक किया गया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली**
अल्पकालीन ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका मेंअंकित विवरण के अनुसार ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 03.02.2024 से 12.02.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 12.02.2024 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

| S.No. | Name of Work | Name of Division | Estimate Cost (In Lacs) | Bid Security (In Lacs) | Tender Fee (Stationary Charges + GST) | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reconstruction work at Hardaspur Vyodhankhurd to Barathanpur road in Distt Bareilly (financial year 2023-24.) | Executive Engineer CD-1, P.W.D., BLY | 16.77 | 1.68 | 944.00 | A,B,C & D |

2.निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।
UP - 201904 दिनांक 31.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है। **अधिशासी अभियन्ता**, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली

## एक नजर

### धनखड़ ने उपसभापति पैनल का किया पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को उच्च सदन के लिए उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया। इसमें महिलाओं को समान हिस्सेदारी दी गई है। पैनल में आठ सदस्य हैं जिनमें चार महिलाएं हैं। इसमें अधिकतर सदस्य विपक्ष से हैं। पैनल में रमिलाबेन बेचारभाई बारा, सीमा द्विवेदी, अमी याज्ञिक, मौसम नूर, कनकमेदला रवींद्र कुमार, प्रभाकर रेड्डी वेमीरेड्डी, मनोज कुमार झा और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डीपी वत्स को शामिल किया गया है। सभापति और उपसभापति के उपस्थित नहीं होने पर उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन उपसभापति पैनल के सदस्य करते हैं।

### नक्सली विस्फोट में सहायक उपनिरीक्षक घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में गुरुवार को नक्सलियों द्वारा किये गये विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जिले के मालेवाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत घोटिया के निकट उस वक्त हुआ जब सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम सड़क सुरक्षा अभियान के लिए जा रही थी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ बटालियन के एक एएसआई गिरीश बाबू विस्फोट में घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है।

### केसीआर ने विधायक के रूप में ली शपथ

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने गुरुवार को विधायक के तौर पर शपथ ली। हालिया विधानसभा चुनावों में सिद्दीपेट जिले की गजवेल सीट से विधानसभा के लिए फिर से चुने गए राव ने विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार के कक्ष में शपथ ली। केसीआर, मौजूदा विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। नवनिर्वाचित विधायकों ने पिछले साल दिसंबर में बुलाये गए सदन के पहले सत्र के दौरान शपथ ली थी। केसीआर उस वक्त विधायक के रूप में शपथ नहीं ले सके थे क्योंकि गिरने के कारण उनके कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया था और उनकी हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई थी। उन्हें 15 दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।

### साध्वी की हत्या के आरोप में साधु गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित मिर्जापुर गांव में 50 वर्षीय एक साध्वी की हत्या के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को उसके (साध्वी के) साथ रहने वाले एक साधु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार साधु (70) ने स्वीकार किया है कि मामूली बात पर झगड़े के बाद उसने साध्वी रोशनी देवी का गला रेतकर हत्या कर दी थी। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकेन ने कहा कि हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान सोनीपत के गगना गांव के नफे उर्फ खमाई नाथ के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि दोनों साथ रहते थे और अक्सर उनके बीच झगड़ा होता था।

### मध्य प्रदेश : खेत में करंट लगने से हाथी की मौत

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर में करंट लगने से एक हाथी की मौत हो गई। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कांसा गांव में करंट लगने से एक हाथी की मौत हो गई है। सरपंच की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी किसान लालजी कोल के खेत में पहुंचे तो उसके घर के बाड़ी के पास एक हाथी मृत मिला। वन कर्मियों को खेत में करंट फ़ैलाने के कुछ प्रमाण भी मिले हैं।

# एआई से सुनवाई बेटे की आवाज, रेप केस में फंसाने के नाम पर ठगे चार लाख रुपये

## अलीगढ़ का मामला, ठगों ने खुद को पुलिस वाला बताकर घटना को दिया अंजाम

अलीगढ़, एजेंसी

▸▸ आरोपियों ने इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल की



साइबर ठगों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को ठगी का नया हथियार बना लिया है। अलीगढ़ से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां के एक कारोबारी के पास वॉट्सऐप कॉल आई। कॉलर ने खुद को पुलिस वाला बताया।

वीडियो में वर्दी पहने दिखा। ठग ने कहा कि बेटा रेप केस में फंस गया है। 4 लाख रुपए दे दो बच जाएगा। ये सुनकर कारोबारी घबरा गया। उन्होंने ठगों से बेटे से बात करनी की बात कही। इस पर ठगों ने ऑडियो कॉल की। इसमें सेम टू सेम बेटे की आवाज में बात कराई।

बेटे ने कहा, पापा मुझे रेप केस से बचा लो। बेटे की आवाज सुनकर कारोबारी डर गए। इसके बाद उन्होंने 3.99 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब कारोबारी घर पहुंचा, तो बेटा घर पर ही मौजूद था। फिर उसने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। ये मामला क्वार्सी थाना क्षेत्र का है।

क्वार्सी इलाके में रहने वाले देवी सिंह ने बताया कि मंगलवार को वॉट्सएप पर वीडियो कॉल आई। पुलिस की वर्दी पहना एक व्यक्ति उनसे बात कर रहा था। उसने बताया कि बेटा रेप केस में पकड़ा गया है और उसे जेल भेजा जा रहा है। इसके बाद उसने बेटे से भी उनकी बात कराई। झांसे में आकर तत्काल ठगों के बताए अकाउंट में रुपए जमा करा दिए। आरोपियों ने इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल की थी।

इसके बाद जब बेटे से बात कराई, तो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी (AI) के जरिए उन्होंने कारोबारी के बेटे की आवाज भी बना ली। इसी कारण देवी सिंह समझ नहीं पाए। इधर, पुलिस ने लोगों से साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह के फोन कॉल्स आएं तो लोग बिना देरी किए साइबर शाखा की मदद लें।

### घर में बैठा मिला बेटा, पुलिस ने रुकवाई पेमेंट

ठगों को रुपए भेजने के बाद जब देवी सिंह अपने घर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनका बेटा घर पर ही बैठा हुआ है। जब उन्होंने अपने बेटे से बातचीत की तो उन्हें पता चला कि उन्हें जो कॉल आई थी वह फर्जी थी। जिसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय थाने में जानकारी दी। अब उन्होंने साइबर क्राइम में अपनी शिकायत की है। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जल्द ही आरोपियों को किया जाएगा गिरफ्तार : एसपी

एडिशनल एसपी अमृत जैन ने बताया कि ठगों ने इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सएप कॉल की थी। इसके साथ ही AI के जरिए व्यापारी देवी सिंह के बेटे की आवाज निकाली। उन्होंने बताया कि कुछ रुपए आरोपियों ने ट्रांसफर कर लिए थे। बची हुई पेमेंट को फ्रीज करा दिया गया है। मामले की जांच जारी है, जल्दी ही आरोपियों तक पहुंचा जाएगा।

# रांची में हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है साढ़े आठ एकड़ जमीन : ईडी

रांची, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया है कि गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे व उपयोग में यहां करीब 8.5 एकड़ कुल क्षेत्रफल के एक दर्जन भूखंड हैं और यह धन शोधन रोधी कानून के तहत अपराध से अर्जित आय है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के शीघ्र बाद सोरेन (48) को ईडी ने बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता के खिलाफ संघीय एजेंसी ने जो आपराधिक मामला दर्ज किया है वह जून 2023 की ईसीआईआर (प्राथमिकी के समान) से उपजा है। इससे पहले, राज्य सरकार के कर्मचारियों और राजस्व विभाग के उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ राज्य में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे गए थे। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, एजेंसी ने प्रसाद के परिसरों से 11 बड़े बक्से बरामद किए जिनमें जमीन के दस्तावेज रखे हुए थे। साथ ही, 17 मूल खाते भी बरामद किए थे। ईडी का दावा है कि प्रसाद भूमि रिकॉर्ड और उनके सरकारी स्वामित्व विवरण के कई मूल खातों के संरक्षक थे।

एजेंसी ने आरोप लगाया है कि प्रसाद भ्रष्ट आचरण में लिप्त थे जिनमें मूल रिकॉर्ड का फर्जीवाड़ा भी शामिल है और वह फर्जी तरीके से कई संपत्ति की खरीद से जुड़ी गतिविधियों में कई व्यक्तियों के साथ संलिप्त थे। ईडी ने झारखंड सरकार के साथ यह सूचना साझा की जिसने रांची के सदर पुलिस थाने में एक जून 2023 को प्रसाद के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

केंद्रीय एजेंसी ने 26 जून 2023 को ईसीआईआर (प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट) दर्ज करने के लिए इस प्राथमिकी का संज्ञान लिया। ईडी का दावा है कि प्रसाद, हेमंत सोरेन की अवैध संपत्तियों सहित कई संपत्तियों की खरीद एवं उन्हें छिपाने में अन्य लोगों के साथ साजिश रचने में सक्रिय रूप से शामिल थे। इसने कहा कि ये विवरण भी प्रसाद के मोबाइल फोन से हासिल किये गए। आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, सोरेन को बुधवार रात 10 बजे राजभवन से ईडी ने गिरफ्तार किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी तलाशी लिए जाने के दौरान एक धार्मिक लॉकेट और एक अंगूठी निकालने से इनकार दिया।

### झारखंड के मुख्यंमत्री के प्रधान सचिव ने पदभार छोड़ा

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पदभार छोड़ दिया है। चौबे ने अन्य अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं। चौबे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव था। जब मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो मुझे प्रधान सचिव पद छोड़ना पड़ा। मैंने अन्य सभी अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं।

# सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो करनी होगी भरपाई, तभी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

विधि आयोग के एक ऐसी सिफारिश करने की संभावना है, जिसके लागू होने के बाद सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के कृत्यों में शामिल लोगों को उनके द्वारा किए गए नुकसान के बराबर धनराशि जमा करने के बाद ही जमानत मिल सकेगी।

विधि आयोग सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम में बदलाव की सिफारिश करते हुए सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के कृत्यों में शामिल लोगों के लिए कड़े जमानत प्रावधानों का प्रस्ताव कर सकता है।

वर्ष 2015 में सरकार ने कानून में संशोधन का प्रस्ताव दिया था, लेकिन इससे संबंधित विधेयक नहीं लाया जा सका था। विधि आयोग ने उच्चतम न्यायालय के कुछ निर्देशों और कुछ उच्च न्यायालयों के निर्णयों की पृष्ठभूमि में इस विषय पर परियोजना शुरू की थी। ऐसा समझा जाता है कि विधि आयोग आपराधिक मानहानि कानून से संबंधित एक रिपोर्ट पर भी काम कर रहा है और इसमें कोई बदलाव न करने की सिफारिश कर सकता है।

### बच्ची से दुष्कर्म और हत्या में तीन को आजीवन कारावास

**बलौदा बाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले की एक त्वरित अदालत ने सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के केस में एक व्यक्ति, उसकी मां और एक अन्य व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पॉक्सो अधिनियम के तहत गठित विशेष त्वरित अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत पाराशर ने मामले की सुनवाई करते हुए 29 जनवरी को आदेश पारित किया और इसकी प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। सरकारी अधिवक्ता समीर अग्रवाल ने बताया कि न्यायाधीश ने तीनों को दोषी ठहराया।

## वैष्णो देवी मंदिर पर मौसम का पहला हिमपात...



रियासी जिले में कटरा कस्बे के त्रिकूट पहाड़ी पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर पर मौसम का पहला हिमपात हुआ। खराब मौसम के बीच श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हुए माता रानी के मंदिर की ओर बढ़ते रहे। ● एजेंसी

### जगन्नाथ मंदिर के लिए सुरक्षा बटालियन के गठन की अधिसूचना

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने पुरी के 12वीं सदी के विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर की रक्षा और सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बटालियन के गठन की अधिसूचना जारी की है। राज्य के गृह विभाग की ओर से 31 जनवरी को जारी अधिसूचना के अनुसार विशेष बटालियन में विभिन्न रैंक के लिए 1,083 पद सृजित किए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि पुरी के मंदिर के लिए विशेष बटालियन के गठन के साथ ही पूर्व में श्री जगन्नाथ मंदिर की रक्षा और सुरक्षा के लिए सिंहद्वार पुलिस थाने के तहत गठित एपीआर (सशस्त्र पुलिस रिजर्व) के 139 पद समाप्त किए जाते हैं। गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नव सृजित पद संबद्ध भर्ती नियमों तथा ओआरवी (ओडिशा नियुक्तियां आरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत भरे जाएंगे।

### मोदी को प्रमोद कृष्णम ने कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में किया आमंत्रित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें उत्तर-प्रदेश के सम्भल में 19 फरवरी को आयोजित होने वाले श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए आमंत्रित किया। मोदी से मुलाकात करने के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक्स पर कहा, मुझे 19 फरवरी को होने वाले श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसे स्वीकार करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। कांग्रेस नेता के इस पोस्ट का जवाब देते हुए मोदी ने कहा, आस्था और भक्ति से जुड़े इस पवित्र अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आमंत्रण देने के लिए आपका हृदय से आभार आचार्य प्रमोद जी।

# परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही भारतीय सेना : मनोज पांडे

पुणे, एजेंसी

▸▸ महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम को सेना प्रमुख ने किया संबोधित



सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसने अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। जनरल पांडे ने महाराष्ट्र के पुणे में 'बॉम्बे सैपर्स वॉर मेमोरियल सैंटिनरी' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सेना की रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनरल पांडे ने कहा कि बॉम्बे सैपर्स का इतिहास शौर्य, बलिदान और साहस से भरा है। इसने युद्ध के मैदान में, शांतिकाल में, खेल में और कई अन्य क्षेत्रों में अपनी कार्य कुशलता, दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के माध्यम से नाम कमाया है।

उन्होंने कहा-राष्ट्र निर्माण कार्यों में बॉम्बे सैपर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है और मुझे विश्वास है कि यह सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा और भारतीय सेना का नाम ऊंचा रखेगा।

जनरल पांडे ने कहा-भारतीय सेना परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसके लिए इसने पिछले वर्ष व्यापक रूपरेखा तैयार की है। इस बदलाव का मकसद अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करना साथ ही हमारी कार्य संबंधी और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना है। हमने बदलाव की राह में अच्छी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के तहत भारतीय सेना का जोर 'कोर ऑफ इंजीनियर्स' में आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी का समावेश करना है। जनरल पांडे ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में ये प्रयास पेशेवर तथा अभियानगत तैयारियां बढ़ाएंगे और हम युद्ध की चुनौतियों का सामने करने के लिए भली भांति तैयार होंगे।

### अमर्त्य सेन को भेजा गया विश्वभारती का नोटिस अवैध

**बीरभूम।** पश्चिम बंगाल में बीरभूम की एक अदालत ने विश्वभारती की 2023 में दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्यसेन की जमीन पर उनके कब्जे को अवैध बताते हुए उन्हें जमीन खाली करने को कहा गया था। जिला न्यायाधीश सुदेशना डे चटर्जी ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि बेदखली नोटिस अवैध था तथा इसे रद किया जा सकता है। सेन के वकील गोराचंद चक्रवर्ती ने कहा कि हमने विश्वभारती द्वारा उद्धृत एक निवेदन के साथ निष्कासन आदेश को चुनौती दी थी। यह उस समय लागू नहीं था जब सेन के पिता, आशुतोष सेन ने 1943 में विश्वभारती से लीज पर जमीन ली थी। हालांकि, विश्वविद्यालय लीज एग्रीमेंट से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। बीरभूम जिले के बोलपुर में ''प्रतिची'' शांतिनिकेतन परिसर में नोबेल विजेता का घर है हालांकि, विश्व भारती के कुलपति ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### कोविड-19 के 160 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 160 नए मामले सामने आए हैं जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,338 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़े के अनुसार पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में संक्रमण से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दैनिक मामलों की संख्या में पांच दिसंबर से पहले कमी देखी गई थी लेकिन वायरस के नए स्वरूप के उभरने और ठंड की स्थिति के कारण मामलों में वृद्धि देखी गई। 31 दिसंबर, 2023 को कोविड-19 के 841 नए मामले सामने आए थे जो मई 2021 में महामारी के चरम के दौरान के मामलों का 0 .2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि उपचाराधीन मरीजों में अधिकतर (करीब 92 प्रतिशत) घरों में पृथक-वास में हैं।

### लुक आउट सर्कुलर रद कराने को कोर्ट पहुंचे अशनीर व उनकी पत्नी

**नई दिल्ली।** भुगतान एप भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी ने धोखाधड़ी और जालसाजी मामले की जांच के संबंध में उनके खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को रद करने का अनुरोध करते हुए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने इसे आठ मई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज मामले में जांच प्रारंभिक चरण में है। न्यायाधीश ने कहा कि इस अदालत के लिए अभी हस्तक्षेप करना संभव नहीं है। कुछ समय बाद अदालत का रुख करें। अंतरिम राहत के रूप में ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर ने उनके खिलाफ जारी एलओसी पर रोक लगाने और अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि वे उनके विदेश यात्रा के अधिकार में हस्तक्षेप न करें।

# 3 वकीलों पर अवमानना की कार्यवाही शुरू

मुंबई, एजेंसी

**न्यायाधीश के खिलाफ मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने का मामला**



बंबई उच्च न्यायालय ने एक न्यायाधीश पर आक्षेप लगाने संबंधी एक मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए 3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। अदालत के मुताबिक ऐसे कृत्य अदालत की गरिमा को कम करते हैं।

न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एन. आर. बोरकर की पीठ ने 29 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि इस तरह के जानबूझकर, प्रेरित और अवमाननापूर्ण कृत्य न्याय प्रशासन को कमजोर करते हैं और इससे अदालत की गरिमा कम होती है। पीठ ने कहा कि धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार अमर मूलचंदानी की याचिका पर भीष्म पहुजा (एक वकील भी) ने अपने वकीलों जोहेब मर्चेंट और मीनल चंदनानी के माध्यम से एक अर्जी दी थी। मूलचंदानी ने अपनी याचिका में मामले को रद करने का अनुरोध किया था। आवेदन में वकीलों ने एक कथित समाचार क्लिपिंग को आधार बनाया जिसमें दावा किया गया था कि मामले की सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के मूलचंदानी के साथ अच्छे संबंध थे और इसलिए मामला रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन में याचिका को उच्च न्यायालय की दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था।

# दिल्ली में सीनियर्स की पिटाई से 12 वर्षीय छात्र की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ रोहिल्ला पुलिस थाने में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

उत्तरी दिल्ली के एक स्कूल में सीनियर छात्रों द्वारा पिटाई किए जाने के बाद 12 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई। एक सप्ताह से अधिक समय के बाद गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीना के अनुसार, बच्चे के पिता ने बताया कि उनके बेटे ने 11 जनवरी को स्कूल से लौटने के बाद उन्हें बताया था कि उसे बड़ी कक्षाओं के छात्रों ने पीटा है और उसने बाएं घुटने में चोट लगने की शिकायत की थी। पिता लड़के को दीप चंद बंधु अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में ले गए जहां उसे कुछ दवाएं दी गईं और आगे के इलाज के लिए हड्डी रोग विभाग में रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि मरीज को 15 जनवरी को रोहिणी के निजी क्लीनिक ले जाया गया जहां हालत लगातार बिगड़ती गई और उसे 20 जनवरी को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। उपायुक्त ने कहा कि बच्चे के पिता के बयान पर सराय रोहिल्ला पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या की सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है

### माओवादी जोड़े ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ में चरमपंथी अपराधों में शामिल एक माओवादी जोड़े ने गुरुवार को तेलंगाना के मुलुगु जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) (सीपीआई-एम) की दूसरी केंद्रीय पुनर्गठन समिति (सीआरसी) के अनुभाग कमांडर के रूप में कार्यरत एन. भीमा उर्फ संजू और दूसरी सीआरसी में क्षेत्रीय समिति सदस्य (एसीएम) में कार्यरत उनकी पत्नी मुचाकी डुल्डो उर्फ सोनी ने मुलुगु जिला पुलिस अधीक्षक पी. शबरीश के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने यह कदम मुख्यधारा में शामिल होने और सामान्य जीवन जीने के लिए उठाया। पुलिस ने बताया कि इन पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था।

**अध्ययन** | अमेरिका के ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम ने किया दावा

# लिंग आधारित परिवर्तन से महिलाओं को होता है अधिक दर्द

नई दिल्ली, एजेंसी



बुजुर्ग महिलाओं को अधिक दर्द महसूस होने के संबंध में किए गए एक नए शोध में पाया गया है कि इसका कारण उम्र बढ़ने के कारण मस्तिष्क के हिस्सों में लिंग आधारित विशेष परिवर्तन हो सकते हैं, क्योंकि इन बदलावों के कारण दर्द के बोध की अनुभूति बढ़ जाती है। शोध में पाया गया कि इन बदलावों से वृद्ध महिलाओं की दर्द के प्रति संवेदनशीलता उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में बढ़ गई। इसलिए उन्हें अधिक दर्द का अनुभव होता है।

शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि ये लैंगिक-विशिष्ट परिवर्तन दर्द के प्रति उनकी प्रतिक्रियाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक कारकों से भी संबंधित हो सकते हैं।

वहीं, पिछले अध्ययनों से पता चला है कि महिलाएं दर्द के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। अमेरिका के ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम ने कहा कि उनके मौजूदा अध्ययन में दर्द को महसूस करने के संबंध में पुरुष-महिला की उम्र को ध्यान में रखा गया है। ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के नर्सिंग कॉलेज में सहायक प्रोफेसर एवं शोध की प्रमुख लेखिका मिशेल फैला ने द जर्नल ऑफ पेन में प्रकाशित अध्ययन में कहा कि मस्तिष्क के कौन से हिस्से दर्द के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं, इसका पता लगाने के लिए 18 से 40 वर्ष की आयु के लोगों पर अधिकतर अध्ययन किए गए हैं। (हम चाहते थे) यह समझें कि 30 से 90 वर्ष की आयु के बीच क्या प्रभाव होता है क्योंकि तभी लोगों को तेज दर्द की अनुभूति बढ़ने लगती है।

### 30-86 वर्ष की आयु की 27 महिलाओं और 32 पुरुषों पर अध्ययन कर निकाला निष्कर्ष

अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने 30-86 वर्ष की आयु की 27 महिलाओं और 32 पुरुषों को शामिल किया और उन्हें गर्मी के बढ़ते स्तर के संपर्क में लाया गया। उन्हें गर्मी के प्रभाव के बारे में सूचित करने को कहा गया। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क के कुछ क्षेत्रों में उम्र बढ़ने के कारण लैंगिक-विशिष्ट परिवर्तन पाए। उन्होंने पाया कि दर्द के मध्यम स्तर पर, पुरुषों में अधिक उम्र के साथ दर्द महसूस करने में कमी देखी गई, जबकि महिलाओं की उम्र बढ़ने के साथ अधिक दर्द की धारणा देखी गई।

### इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक आज 10.30 बजे

**नई दिल्ली।** संसद के मौजूदा बजट सत्र में विपक्ष की संयुक्त रणनीति पर चर्चा करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की शुक्रवार की सुबह बैठक बुलाई गई है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विपक्षी दलों के नेता शुक्रवार पूर्वाह्न 10.30 बजे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में मिलेंगे और अपनी संयुक्त रणनीति पर चर्चा करेंगे। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस 'इंडिया) के विभिन्न घटक दल संसद सत्र के दौरान सदन में अपनी समन्वित रणनीति पर कार्य कर रहे हैं और विभिन्न मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को घेरने के लिए एकजुट हो गए हैं।

# देश में अवैध घुसपैठ के आरोपी को भेजा पुलिस रिमांड पर

## बांग्लादेश का निवासी है आरोपी रशीद अहमद सरदार

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फर्जी आधार एवं पहचान पत्र के सहारे बांग्लादेशियों की देश में अवैध घुसपैठ कराने व गोपनीय तरीके से उन्हें धन मुहैया कराने के आरोपी बांग्लादेश के निवासी रशीद अहमद सरदार की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए एनआईए कोर्ट से अनुरोध किया गया, जिस पर विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने दस दिनों की पुलिस कस्टडी रिमांड पर अभियुक्त को भेजे जाने का आदेश दिया है।

पुलिस कस्टडी रिमांड की यह अवधि 1 फरवरी को सुबह दस बजे से 10 फरवरी को शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगी। पुलिस कस्टडी रिमांड अर्जी पर तर्क प्रस्तुत करते हुए विशेष अधिवक्ता एमके सिंह ने कोर्ट को बताया कि पूछताछ में आरोपी राशिद अहमद सरदार ने बताया था कि उसे भारत में रहने के लिए फर्जी आधार मिल जाता है जिससे भविष्य में बांग्लादेशी यहाँ आराम से नौकरी वगैरह करके घर बनवा कर रह सकते हैं। कहा गया कि पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया है कि बांग्लादेशी लोगों को भारतीय दस्तावेज बनवाने में आर्थिक मदद भी अभियुक्त के साथी करते हैं तथा उनके साथी एवं अबू सालेह मंडल लोगों को गोपनीय तरीके से धन उपलब्ध कराते हैं। दलील दी गई कि अबू सालेह मंडल इन पैसों को भारत में इस्लाम के विस्तार के लिए भेजता है। अदालत में सुनवाई के समय आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कहा था कि उससे अनजाने में गलती हो गई है तथा उसे माफ कर दिया जाए। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त रशीद अहमद सरदार भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहा है तथा साक्ष्य संकलन के लिए अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बरामद करना है जिसके कारण उसे पुलिस रिमांड पर दिया जाना आवश्यक है।

**▸▸ बांग्लादेशी लोगों को दस्तावेज बनवाने में आर्थिक मदद मिलती है**

# नहीं मिले सपा नेता के हत्यारोपी, घर पहुंचा बुलडोजर

**पसगवां, अमृत विचार :** ग्राम ढढ़ेल मुस्तफाबाद में हुए सपा नेता रमेश हत्याकांड में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाए हैं। स्वाट, एसओजी सहित आधा दर्जन टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हुई हैं। आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए प्रशासन का बुलडोजर आरोपितों के घर पर पहुंच गया है। संबंधित राजस्व कर्मियों के पहुंचने के बाद आरोपियों की संपत्ति की पैमाइश की जाएगी। अगर आरोपित सरेंडर नहीं करते हैं तो उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलना तय है। बुलडोजर चलने और आरोपियों को सख्त सजा मिलती देखने की आस पीड़ित परिवार को है। पुलिस की टीम मृतक के गांव मुस्तफाबाद और आरोपितों के गांव ढढ़ेल में तैनात है। मुस्तफाबाद ढढ़ेल का मजरा है और दोनों गांव बहुत कम दूरी पर हैं। 10 आरोपियों में आरोपी हरिन्द्र का आपराधिक इतिहास भी है।

# फर्जी दस्तावेज: केशव प्रसाद के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना किसी ठोस कारण के याचिका दाखिल करने में देरी की माफी हेतु आवेदन पर अपनी तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि कोर्ट बिना किसी ठोस कारण, औचित्य और प्रमाणित सामग्री के देरी की माफी के लिए आवेदन पर विचार करने और ऐसी देरी को माफ करने का इरादा नहीं रखती है। हालांकि देरी की माफी के लिए किसी आवेदन पर निर्णय लेने से पहले कोर्ट देरी की अवधि पर कभी भी विचार नहीं करती है।

विलंब माफी के लिए आवेदन करते समय अल्पज्ञ नागरिक द्वारा की गई गलती स्वीकार्य होती है, लेकिन किसी सम्मानित और जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा आकस्मिक, गैर जिम्मेदाराना और गैर-सतर्क रूप से कार्य करना स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने दिवाकर नाथ त्रिपाठी की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए की। वर्तमान मामले में संशोधन वादी/याची ने खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताया है। 327 दिनों के विलंब की माफी के लिए आवेदन और उसके समर्थन में दाखिल हलफनामे में उसने ऐसा कोई आधार नहीं दिया है, जिससे यह पता चल सके कि मामले को समझने में संशोधनवादी द्वारा गंभीरता बरती गई है। याचिका में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज और किशोर न्याय बोर्ड के आदेशों सहित उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए लाभ लेने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की अर्जी निरस्त करने के आदेश की वैधता को चुनौती दी गई है।

## सार-संक्षेप



दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल्कि धाम शिलान्यास का आमंत्रण पत्र देते पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम।

### कल्कि धाम के समारोह में शामिल हो सकते हैं मोदी

**संभल, अमृत विचार :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास की तैयारी शुरु हो गई है। संभावना यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास समारोह में शामिल हो सकते हैं। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में शामिल होने के अनुरोध के साथ आमंत्रण पत्र सौंपा। आमंत्रण मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि आस्था और भक्ति से जुड़े इस पावन अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए 19 फरवरी की तारीख तय की गई है। आयोजन को लेकर तैयारियों के साथ ही साधु संतों व राजनेताओं को निमंत्रण देने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

### बारूद भरा लड्डू खाते ही विस्फोट, जंगली सुअर की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** बारूद भरा लड्डू खाने से एक जंगली सुअर की मौत हो गई। एक बछड़ा भी घायल हो गया0। ग्रामीणों ने थाने पर शिकायत की है। थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के मैदानी क्षेत्रों में कुछ लोग सुअर का शिकार करने के इरादे से बारुद भरा लड्डू बनाते हैं जिसमें सुगंधित केमिकल तथा ऊपर से आटे का प्रयोग करते हैं। उस लड्डू को रात्रि में खेतों में ऐसी जगह रख देते हैं जहां से जंगली सुअरों का आना जाना होता है। सुअर इसे खने की चीज समझ कर जैसे ही मुंह में भरकर चबाते हैं यह विस्फोट हो जाता है और वह घायल होकर छटपटाने लगता है जिसे शिकारी तुरंत पकड़ लेते है। हरिहरपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उनके गांव के पास कुछ मंगता जाति लोगों ने अपना डेरा लगा रखा है। उनमें से दीपू, रिंकू सहित कई लोगों ने बीते शुक्रवार की रात्रि में बारूद लड्डू खेतों में रखा था। जिससे एक सुअर घायल हो गया। जिसे उक्त लोग उठा ले गए। दो दिन के बाद एक छुट्टा बछड़े का भी जबड़ा घायल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मांगने वालों ने जब से इस क्षेत्र में अपना डेरा लगाया है तब से जंगली सुअरों का शिकार तेजी हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 40 लाख की डकैती...48 घंटे में एक भी क्लू नहीं

**पूरनपुर, अमृत विचार :** परिवार को बंधक बनाकर थोक किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर में 15 लाख की नगदी समेत 40 लाख की पड़ी डकैती की वारदात ने अन्य व्यापारियों को डरा दिया है। पुलिस डकैती कांड में 48 घंटों के बाद भी एक कदम आगे नहीं बढ़ी। एक भी ऐसा क्लू पुलिस के हाथ नहीं लगा है जिससे पुलिस टीमें डकैतों तक पहुंच सकें। इस वारदात ने पश्चिमी यूपी तक अलर्ट कर दिया गया है। मेरठ, मुजफ्फरनगर समेत कई शहरों के सक्रिय गैंग पर भी शक जताया गया है। चार टीमें पश्चिमी यूपी के अलग-अलग शहरों में डेरा डाले हुए हैं। ये पता लगाया जा रहा है कि पश्चिमी यूपी का कौन सा गैंग जिले में सक्रिय है। संबंधित शहरों की पुलिस से भी संपर्क साधा है। वहीं, गुरुवार को आईजी डॉ. राकेश सिंह ने पूरनपुर पहुंचकर निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार से मिले और डकैतों के हुलिया, बोलचाल समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी की। आईजी ने पहले पीड़ित व्यापारी सुनील गुप्ता से घटनाक्रम जाना। सवाल किया कि घटना के बाद पुलिस कितनी देर में पहुंची थी।

### गरीब उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर पैनल नि:शुल्क लगे

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में गरीब उपभोक्ताओं के घरों पर एक किलोवॉट का सोलर पैनल निशुल्क लगाया जाय। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने यह मांग उठाई। संघ ने कहा कि इससे सरकार को लगभग 516 करोड़ रुपए सब्सिडी की प्रतिमाह बचत होगी। बजट में प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ परिवारों के घर पर सोलर रूफटॉप लगाने व लगभग हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का स्वागत करते हुए संघ ने कहा कि इस योजना से लाखों परिवार अपने इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग कर सकेंगे। आपूर्ति और इंस्टालेशन के लिए बड़ी संख्या में वेंडरों को उद्यमशीलता व तकनीकी कौशल रखने वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में गरीबी रेखा (लाइफलाइन) श्रेणी के 1.63 करोड़ उपभोक्ता घरेलू विधा में बिजली का प्रयोग करते है जिनका प्रति यूनिट बिजली खर्च 100 यूनिट के आस-पास रहता है।

# कुत्तों के हमले में लहूलुहान नीलगाय सैलून में जा घुसी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कुत्तों के झुंड ने हमला कर लहूलुहान कर दिया तो जान बचाने के लिए नीलगाय सैलून में घुस गई। नील गाय को देख ग्राहक व संचालक भाग खड़े हुए। काफी प्रयास किया लेकिन नीलगाय बाहर नहीं आई। 112 पुलिस टीम व ग्रामीणों ने किसी तरह नीलगाय को बाहर निकाला।

असमोली थाना क्षेत्र के शहबाजपुर कला में जंगल में आवारा कुत्तों के झुंड ने एक नील गाय को घेर कर बुरी तरह से घायल कर दिया। जान बचाने के लिए नीलगाय घायल अवस्था में



भागते हुए गांव की आबादी में आ गई। कुत्ते भी नीलगाय का पीछा करते हुए गांव तक आ गये। बदहवास नीलगाय अड्डे पर दानिश हेयर सैलून की दुकान में घुस गई। नीलगाय को घुसा देख अंदर बाल कटिंग करा रहे ग्राहक भाग खड़े हुए।

# यूपी बोर्ड अब 15 दिन के भीतर निस्तारित करेगा त्रुटियां

**प्रयागराज, एजेंसी :** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) अब हाईस्कूल एवं इंटर केअंक एवं प्रमाण पत्रों की त्रुटियां 15 दिन के भीतर निस्तारित कर देगा। बोर्ड ने इसके लिए एक समाधान पोर्टल समाधान.यूपीएमएसपी.ईडीयू.इन लांच किया है। इस पोर्टल ने काम करना शुरू कर दिया है। पोर्टल के सकरात्मक परिणाम आने लगे हैं। बोर्ड ने अधिकारियों की एक टीम त्रुटियों को दूर करने के लिए लगाई है। बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि छात्र छात्राएं आवश्यक पत्रजात के साथ अपनी समस्याएं इस पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

# कम नहीं हो रहीं हैं वसीम रिजवी की मुश्किलें

विधि संवाददाता, लखनऊ

**● कोर्ट ने हाजिर न होने पर जारी किया गिरफ़्तारी वारंट**



**अमृत विचार :** वर्ष 2018 के थाना चौक से सम्बंधित एक अपराधिक मामले में अदालत के समक्ष हाजिर न होने पर कोर्ट शिया वक़्फ़ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। गिरफ़्तारी वारंट जारी करने का आदेश पारित करते हुए, एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने अभियुक्त की उपस्थिति के लिए आगामी 12 फरवरी की तिथि नियत की है।

वसीम रिजवी के विरुद्ध नवंबर 2018 में सहाबा एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल वाहिद फारूकी ने चौक थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने सुन्नी समुदाय के खलीफाओं को अपमानित करने एवं शिया व सुन्नी समाज के बीच वैमनस्यता फैलाकर भविष्य में दंगा कराए जाने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप लगाया गया है कि वसीम रिजवी ने 19 नवंबर 2018 को लखनऊ में एक प्रेस वार्ता की और उन्होंने मीडिया के सामने राम जन्मभूमि नामक फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया तथा इस फिल्म के लेखक व निर्माता स्वयं सैयद वसीम रिजवी है। इसके बाद से इस फिल्म का ट्रेलर लगातार यूट्यूब पर चल रहा है। कहा गया है कि उक्त फिल्म में काफी आपत्तिजनक चीजें दिखाई गईं हैं। रिपोर्ट में वसीम रिजवी पर यह भी आरोप लगाया गया है कि इस फिल्म में सुन्नी समुदाय के सम्मानित खलीफाओं के बारे में बेहद अपमानजनक टिप्पणियां की गई हैं जिसके कारण सुन्नी समुदाय की भावनाएं आहत हैं और उनमें रोष व्याप्त है। यह भी कहा गया है कि इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय में भी याचिका की गई थी। आरोप यह भी है कि वसीम रिजवी अपनी बातों के द्वारा दोनों समुदाय के बीच दंगा करवाने के उद्देश्य से भड़काने का काम करते रहे हैं।

# बस चला रहे ड्राइवर की हुई रास्ते में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** सवारियां ले कर आ रहे रोडवेज बस ड्राइवर को रास्ते में ही दिल का दौरा पड़ गया। सवारियों की परवाह करते हुए उसने बस एक किनारे खड़ी कर दी। जब तक उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जाता, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही रोडवेज बस अड्डे पर अफरा-तफरी मच गई।

बताया गया है कि कन्नौज ज़िले के सिकंदरपुर छिबरामऊ निवासी 42 वर्षीय मान सिंह पुत्र सोबरन सिंह कन्नौज डिपो में बस ड्राइवर था। गुरुवार को वह कन्नौज से सवारियां ले कर हरदोई के लिए रवाना हुआ। रास्ते में सेमरा चौराहा पहुंचते ही उसे घबराहट महसूस हुई। जैसा कि बताया गया है कि मान सिंह ने बस को किनारे रोक कर नीचे उतर गया, कुछ सवारियां भी बस से नीचे उतर गई।बस कंडक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि मान सिंह की हालत बिगड़ती देख बस में बैठा उसी के डिपो का ड्राइवर मान सिंह को इलाज के लिए उसे उसी बस से ले कर चल दिया। बस रोडवेज अड्डे पर पहुंची, ड्राइवर को बस से उतार कर मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी मौत हो गई।

**हाय कर के रह गई सवारियां**

**हरदोई।** बस पर बैठी लगभग 40 सवारियों को इसका बिल्कुल भी एहसास नहीं था कि जो ड्राइवर अपने सिर उन्हें सही-सलामत पहुंचाने की ज़िम्मेदारी निभा रहा है, उसकी रास्ते में अचानक इस तरह से मौत हो जाएगी। इसका पता होते ही बस की सारी सवारियां बस हाय कर के रह गई।

# पर्यटकों के लिए विमान सेवा का किराया अलग-अलग

**अयोध्या :** पर्यटकों के लिए गुरुवार से स्पाइसजेट की आठ शहरों से शुरू हुई विमान सेवा का किराया भी अलग-अलग है। स्पाइसजेट के अनुसार अयोध्या से दिल्ली का किराया 3500 रुपये है, दिल्ली से अयोध्या का किराया 3804 रुपये है। यही किराया रविवार को 4328 रुपये है। अयोध्या से अहमदाबाद का किराया 4499 रुपये, मुंबई का अलग -अलग तिथि में किराया 5159 से लेकर 6471 रुपये तक है।

# आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाने से आमजन को लाभ : पाठक

**लखनऊ, अमृत विचार:** केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट (2024-25) को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आमजन की खुशहाली वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाने से आमजन लाभांवित होंगे।

आयकर की सीमा में कोई बदलाव न करके केंद्र सरकार ने एक करोड़ लोगों को सीधे लाभ पहुंचाया है। उप मुख्यमंत्री ने गुरुवार को केन्द्र में बजट प्रस्तुत करने के बाद, बोल रहें थे। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, किसान, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं देश की समृद्धि व विकसित भारत के लिए समर्पित है। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आमजन को समर्पित इस बजट में सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ सरकार ने चुनौतियों पर काबू पाया है।

## उत्तराखंड

# 2024 की जीत के बाद भारत बनेगा दुनिया का सिरमौर

**देहरादून, अमृत विचार :** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर शंखनाद कर दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों के लिए चुनाव कार्यालयों का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में जीत के बाद जनता की जरूरतों की पूर्ति के लिए काम किया, वर्ष 2019 की जीत के बाद जन आकांक्षाओं को पूर्ण किया। अब 2024 की जीत के बाद भारत को दुनिया का सिरमौर बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे को विफल करना है।

# मौसम बदला: चोटियों पर बर्फबारी पहाड़ी इलाकों में बिछी सफेद चादर

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में मौसम ने करवट ली, प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और हिमपात हुआ जबकि मैदान में बारिश हुई जिससे प्रदेश में एक बार फिर से शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था।

तापमान में भी पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की आशंका जताई थी। चेतावनी के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ और मौसम का मिजाज बदल गया। बुधवार की देर रात चोटियों पर हिमपात और बारिश शुरू हुई जो गुरुवार तक जारी रही। राज्य में उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री सहित हर्षिल घाटी, खरसाली, हरकीदून व रुद्रप्रयाग में केदारनाथ में चोटियों पर बर्फबारी हुई। चमोली में बद्रीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, गोरसो, औली में बर्फबारी हुई। कुमाऊं में पिथौरागढ़ के मुनस्यारी और बागेश्वर जिले के कपकोट में ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ।



रुद्रप्रयाग में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढका केदारनाथ मंदिर परिसर।

# मदरसा और मस्जिद हटाने के लिए तैनात होगी पुलिस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मलिक का बगीचा में अवैध तरीके से बनाए गए मदरसा और मस्जिद पर कार्रवाई किए जाने की तैयारी चल रही है। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस बल का इंतजाम किया जा रहा है। पूर्व में नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने मलिक के बगीचे में अवैध मस्जिद और मदरसे को निरीक्षण किया था। जब भूमि स्वामी से जमीन के दस्तावेज मांगे गए तो वह इसे नहीं दिखा पाया। मंगलवार को नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने मदरसे को स्वंय ध्वस्त करने के लिए कब्जेदारों को नोटिस भेजा था। मामले को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय ने अपना आक्रोश भी जताया था।

# कार और 10 लाख नहीं देने पर हत्या का प्रयास

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में महंगी कार व 10 लाख रुपये नहीं लाने पर उसके साथ मारपीट व उसकी हत्या का प्रयास किये जाने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी सीमा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2007 में उसका विवाह काशीपुर निवासी संजय उर्फ संजू के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति व ससुराली दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर 11 सितंबर 2023 को इन सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जब उसने पुलिस में इनके खिलाफ तहरीर दी, तो ससुरालियों ने समझौता कर लिया। उसके बाद 28 सितंबर को ससुरालियों ने उसे मारने का प्रयास किया, 31 अक्टूबर को उसने इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन में की तो फिर से ससुरालियों ने समझौता कर लिया। इसके बाद भी इन लोगों का व्यवहार नहीं बदला। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 29 नवंबर 2023 की शाम करीब 6 बजे पति संजय व ससुरालियों ने दहेज की मांग कर उसे सरियों से मारा पीटा तथा हत्या का प्रयास किया। इस दौरान बमुश्किल उसने वहां से भागकर अपनी जान बचायी। आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसे अब भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# 700 ग्राम अफीम के साथ एक को दबोचा

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** बगवाड़ा चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अफीम की तस्करी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दारोगा दीपक जोशी पुलिस टीम के साथ 31 दिसंबर को बगवाड़ा चौकी इलाके स्थित करतारपुर रोड पर लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि अचानक बगवाड़ा मंडी गेट के पास एक वाहन पर संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ देखा गया। जब रोकने का प्रयास किया तो आरोपी भागने की कोशिश करने लगे। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगदीश प्रजापति निवासी ग्राम मजगांवा आंवला बिशारतगंज बरेली यूपी बताया।

# चार फर्मों में पकड़ी गई 53 लाख जीएसटी चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग की टीम ने काशीपुर, बाजपुर और दिनेशपुर में चार फर्मों में छापेमारी कर करीब 53 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी है। यह टैक्स चोरी दो करोड़ 90 लाख के टर्न ओवर में पकड़ी गई है। राज्य कर विभाग चारों फर्म स्वामियों को नोटिस भेज रहा है।

राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश शर्मा व संयुक्त आयुक्त रणवीर सिंह के निर्देशानुसार, स्पेशल इंवेस्टिगेशन ब्रांच (एसआईबी) प्रभारी रजनीश यशवस्थी के नेतृत्व में टीम ने बुधवार देर शाम काशीपुर की दो फर्मों और बाजपुर एवं दिनेशपुर में एक-एक फर्म में छापेमारी की थी। टीम ने जब दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि फर्म स्वामियों ने अधिकांश खरीद फर्जी बिलों से की है। इन्हीं बिलों के आधार पर फर्म स्वामी लोहे के स्क्रैप की सप्लाई काशीपुर, बाजपुर और किच्छा आदि क्षेत्रों में लोहे की फैक्ट्रियों में कर रहे थे। सभी फर्मों का टर्नओवर करीब 2.90 करोड़ है।

# 83 वर्षीया वृद्धा ने किया नेत्रदान

**हल्द्वानी:** एसटीएच के आई बैंक अर्जुन नेत्र कोष के लिए गुरूवार को 83 वर्षीय इन्द्रा रानी अग्रवाल ने नेत्रदान किया। वह हल्द्वानी में अंबिका विहार, नैनीताल रोड निवासी हैं। नेत्र रोग विभाग व प्रभारी अर्जुन नेत्र कोष डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि आई बैंक स्थापित के बाद अभी तक 23 लोगों ने नेत्रदान किया, जिसमें 44 कॉर्निया का प्रत्यारोपण कर 39 लोगों को नेत्र ज्योति मिली। डॉ. तितियाल ने बताया कि गुरूवार को भी एक वृद्धा ने आई बैंक में नेत्रदान किया है, पूर्व में उनके पति रमेश चन्द्र अग्रवाल ने भी नेत्रदान किया था।

# अल्पसंख्यक आयोग मदरसों में रामायण पढ़ाने के पक्ष में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के बाद अब अल्पसंख्यक आयोग ने भी मदरसों में रामायण पढ़ाने का समर्थन किया है।

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कहा कि जिस तरह से राज्य सरकार मदरसों में संस्कृत और अंग्रेजी विषय पढ़ा रही है। मुस्लिम बच्चे संस्कृत और अंग्रेजी पढ़ रहे हैं। मदरसों में एनसीईआरटी भी लागू की गई है।

ऐसे में यदि मदरसों में रामायण पढ़ाई जाती है तो किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ज्ञान मिलता है। हिंदू-मुस्लिम धर्म के कई लोग हैं जो अन्य धर्मों के बारे में जानना, पढ़ना चाहते हैं। ऐसे में यदि मदरसों में रामायण पढ़ाई जाएगी तो बच्चों को ज्ञान मिलेगा। इसको लेकर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होने कहा कि मदरसों में रामायण पढ़ाए जाने पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। हर धर्म में अच्छाइयां भी हैं जिन्हें ग्रहण करना चाहिए। मदरसों में रामायध को पढ़ाया जाना गलत नहीं है। इसका सभी को स्वागत करना चाहिए।

**▸▸ उपाध्यक्ष ने कहा-जिस तरह संस्कृत व अंग्रेजी पढ़ाई जा रही है वैसे ही रामायण पढ़ाई जाए**




**कांग्रेस को सिर्फ राजनीति से मतलब**

नवाब ने कहा कि कांग्रेस मदरसों में रामायण पढ़ाए जाने का विरोध कर रही है तो केवल राजनीति कर रहे हैं। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा से मुस्लिम समुदाय को धोखा देने का काम किया है जिसका यह नतीजा है कि आज मुस्लिम समुदाय शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे है।

**सबसे पहले वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने की थी रामायण पढ़ाने की पैरवी**

अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने के बाद उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने कहा था कि राज्य के मदरसों में रामायण पढ़ाई जाएगी। उनका यह बयान सुर्खियों में रहा था। उन्होंने कहा था कि श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, उनके जीवन की हर घटना प्रेरणादायक है इसलिए अल्पसंख्यक समाज के लोगों को भी उनके बारे में जानना चाहिए। मदरसों में रामायण पढ़ाने के बयान के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

## अयोध्या के 5 स्टेशन संवरेंगे, हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेंगे

**लखनऊ ,अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावनाओं को देखते हुए रेलवे अपना नेटवर्क मजबूत करेगा। अयोध्या को जोड़ने के वाले नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। वहीं, पांच स्टेशनों का पुनर्विकास कर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाएगा। मंत्रालय को हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इन स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने व नेटवर्क के अपग्रेडेशन के लिए अंतरिम बजट में रेल मंत्रालय को यूपी में विकास कार्य के लिए 19575 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अंतरिम बजट पारित होने के बाद उत्तर प्रदेश और अयोध्या के विकास को लेकर जानकारी दी। रेल मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बताया कि अयोध्या में अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। देश के चारों ओर से अयोध्या को गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ रेल नेटवर्क जोड़ते हैं।

# साइबर अपराधियों पर उन्हीं के हाईटेक तरीके से अंकुश लगाएगी प्रदेश पुलिस

## कार्यभार संभालते ही प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बढ़ते साइबर अपराध और खासकर आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस से समाज को गुमराह करने वाले शरारती तत्वों पर उप्र. पुलिस उन्हीं की तकनीक से अंकुश लगाएगी। नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल आने वाले दिनों में निरन्तर हाईटेक होता जाएगा। पुलिस सक्रियता की वहाट्सएप ग्रुप से न केवल मॉनिटरिंग की जाएगी बल्कि प्राप्त शिकायतों का भी डिजीटलीकरण किया जाएगा। इसमें क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रिडिक्टिव पुलिसिंग का लॉन्च नया पोर्टल अहम भूमिका निभाएगा।

देश के विशालतम पुलिस बल उप्र. पुलिस में कार्यरत 3 लाख 13 हजार 946 कर्मचारियों के नवनियुक्त मुखिया प्रशांत कुमार ने गुरुवार को चार्ज संभालने के बाद पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर में पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते हुए जहां बड़े अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही वहीं, महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों आदि की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि अपराधों पर पूरी तरीके से अंकुश लगाया जाएगा। विशेषकर महिलाओं के प्रति अपराधों को लेकर पूरी सख्ती बरती जाएगी। प्रशांत कुमार ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री समेत देश-विदेश के विशिष्टजनों की सुरक्षा में पुलिस फोर्स के कोर-कसर न छोड़ने की सफलता साझा की तो यह भी कहा कि, निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव को निष्पक्षता और पारदर्शिता से संपन्न कराने पर उप्र. पुलिस दृढ़संकल्पित है। किसी भी तरह की गणबड़ी बर्दाश्त नहीं होगी।



पदभार ग्रहण करने के बाद अपने कार्यालय में डीजीपी प्रशांत कुमार।

**पुलिस सक्रियता की वाहटसएप ग्रुप से न केवल मॉनिटरिंग की जाएगी बल्कि मैनुअली प्राप्त शिकायतें भी डिजीटलाइज्ड की जाएंगी**

### डीजीपी ने की इन खास बातों पर चर्चा

- प्रदेश भर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं
- 4 लाख 4 हजार 271 स्थानो पर 10 लाख 49 हजार से अधिक कैमरे भी लगे
- सोशल मीडिया पर नजर रखने को मीडिया सेल का गठन किया गया है
- सोशल मीडिया सेन्टर को जनशिकायतों के साथ छोटी-छोटी घटनाओं की त्वरित जानकारी मिलती है
- फेक न्यूज का खंडन कर अफवाहों को फैलने से रोकना, अराजकतत्वों पर कार्रवाई हो रही है
- वर्तमान में लगभग 79,082 हजार विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है।
- मैन्युअली प्राप्त प्रार्थना पत्रों को डीजिटाइज्ड कर समयबद्ध कार्रवाई होगी।

## अटल आवासीय विद्यालयों में नये सत्र को आवेदन की प्रक्रिया तेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके छात्र-छात्राओं शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मंडल स्तर पर शुरू किए गए अटल आवासीय विद्यालयों में अगले सत्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी सत्र के लिए कई मंडलों में या तो आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है या फिर कुछ ही दिनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। अधिक से अधिक आवेदन के साथ ही छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराने के लिए अटल आवासीय विद्यालय उप्र. के आग्रह पर शिक्षा निदेशक (बेसिक) की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के लिए आवेदन को वही छात्र पात्र होंगे, जिनका जन्म 1-5-2012 से पहले और 31-7-2014 के बाद नहीं हुआ हो। वहीं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी का जन्म 1-5-2009 से पहले और 31-7-2011 के बाद नहीं होना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### सीपी राय बने कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की संस्तुति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने पूर्व राज्यमंत्री डॉ सीपी राय को पार्टी के मीडिया विभाग का चेयरमैन व डॉ मनीष श्रीवास्तव हिंदवी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सचिन रावत, प्रियंका गुप्ता, संजीव सिंह, अलीमुल्लाह खान, तमजीद अहमद व अन्य कांग्रेस नेताओं ने इन्हें बधाई दी है। कांग्रेस में शामिल :प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मिश्रा व उनकी पत्नी सुनीता मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में सदस्यता दिलाई गई।

### बारात में नाचने को लेकर विवाद में गोलीबारी

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** जिले में एक शादी समारोह के दौरान नाचने को लेकर हुये विवाद में कथित तौर पर गोलीबारी हुई जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। घटना बुधवार रात मंसूरपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर किंग विला समारोह स्थल की है और मृतक की पहचान निखिल तिवारी (35) के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविशंकर ने बताया कि गाजियाबाद की वसुंधरा कॉलोनी से एक बारात यहां आई थी जिसमें नाचने को लेकर विवाद में गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि गोली लगने से घायल हुये तिवारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपी की पहचान करने की कोशिश जारी है।

### राम मंदिर क्षेत्र से जुड़े स्थलों पर बढ़ाई सुरक्षा



**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद परिसर के तरफ सभी मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। राम जन्मभूमि परिसर क्षेत्र के आसपास 140 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा जबकि 50 से अधिक बैरियर भी लगाए गए हैं। सभी बैरियर पर पीएसी और सिविल पुलिस के साथ आरएएफ और एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। उन्हें सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के साथ उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सिक्योरिटी कवर दिया गया है। साथ ही कुछ प्रमुख मार्गों पर नो पार्किंग जोन में वेंडिंग जोन किया गया है।

### बरेली व मुरादबाद में मिली संदिग्धों की लोकेशन

**लखनऊ, अमृत विचार :** चिनहट इलाके के बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में पिछले सप्ताह हुई डकैती में उपयोग किये गये ट्रक को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। कुछ संदिग्धों की सीतापुर के बाद बरेली और मुरादाबाद में लोकेशन मिली है। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिये दो टीमें संभावित स्थानों के लिये रवाना की गयी हैं। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि डकैती की वारदात में उपयोग किये गये वाहन की पहचान कर ली गयी है। डकैती के बाद आरोपी जहां-जहां रुके थे, उन स्थानों की पहचान की गयी है। आरोपियों की लोकेशन सीतापुर के बाद बरेली और मुरादाबाद मिली है। सर्विलांस पर लगे नंबरों में से एक लगातार ट्रैवल कर रहा है। जबकि संदिग्धों में से एक नंबर मुरादाबाद और दूसरा बरेली में एक्टिव है। गिरफ्त में आये आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। बताया दो टीमें आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। एडीसीपी ने बताया कि अभी तक एक हजार से ज्यादा कैमरों की फुटेज खंगाली गयी हैं। उन्होंने जल्द ही वारदात का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डकैती की वारदात से जुड़े होने के संदेह में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी है।

## बच्चों को अभिभावकों के संबंधों की जटिलताओं से दूर रखना जरूरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माता-पिता के विवाद में बच्चों की कस्टडी के एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता के संबंधों की जटिलताओं से दूर रखना आवश्यक है। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि हालात बदलने के साथ-साथ उन्हें अपने अभिभावकों के बीच तनावपूर्ण संबंधों की वास्तविकता पता चल जाए। बच्चों का कोमल हृदय किसी प्रकार के झटके के लिए तैयार नहीं होता है।

अगर उसे जबरन उसके प्राकृतिक परिवेश से अलग कर किसी ऐसे माहौल में रख दिया जाए, जिसमें वह सहज महसूस नहीं करता तो इसकी उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की प्रबल संभावना रहती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति श्रीमती ज्योत्सना शर्मा की एकल पीठ ने नाबालिग बेटे की कस्टडी की मांग करते हुए दाखिल पिता की याचिका को खारिज करते हुए दी। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि 5 साल से कम उम्र के बच्चे के लिए मां को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि वह बच्चों के कल्याण के लिए अंतिम पैरामीटर होती है। वर्तमान मामले में 4 साल के नाबालिग बच्चे के सामने अपने अभिभावकों में से किसी एक को चुनने का एक जटिल और संवेदनशील सवाल खड़ा है। कोर्ट ने बच्चे के कल्याण को सर्वोपरि मानते हुए उसकी कस्टडी के लिए पिता द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए मां को उसके पालन- पोषण की जिम्मेदारी सौंपी।

## 11 महीने में बन जाएगा राम मंदिर का शिखर

**अयोध्या, अमृत विचार :** निमार्णाधीन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद मंदिर के शिखर तक के कार्यों को 11 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। जिसको लेकर शुक्रवार से मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक राम जन्मभूमि परिसर में होगी। इसके लिए गुरुवार शाम चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र यहां पहुंच गए हैं। राम मंदिर में शेष के कार्य को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर के पश्चिम दिशा की ओर दो टॉवर क्रेन खड़ी की जा रहीं हैं। 15 फरवरी के बाद निर्माण कार्य के लिए मजदूरों को लगा दिया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम तल के बाद दूसरे तल और शिखर का कार्य किया जाना है। परकोटे का निर्माण, परकोटे में बनने वाले मंदिर, यात्री सुविधा केंद्र और अन्य कार्य भी होने हैं।

## सेवानिवृत कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही विस्तारित करना अवैधानिक: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**याची की अपील को 9 साल तक रखा गया लंबित**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुशासनात्मक कार्यवाही से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि नियोक्ता को अपने कर्मचारियों के खिलाफ सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखने के लिए कुछ विशेष नियमों के तहत शक्ति प्राप्त होती है।

कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मुद्दा था कि क्या सेवानिवृत कर्मचारियों के खिलाफ लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखी जा सकती है? कोर्ट ने इसका निष्कर्ष निकाला कि सामान्य सिद्धांत के अनुसार कर्मचारियों के सेवानिवृत हो जाने पर नियोक्ता-कर्मचारी संबंध समाप्त हो जाता है। कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक जांच तभी बढ़ाई जा सकती है, जब उसकी सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले कानून में ऐसा प्रावधान हो। मौजूदा मामले में कोर्ट ने कहा कि विभागीय उपचार सुविधा के उपचार के रूप में होते हैं। किसी कर्मचारी के अधिकारों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने हेतु कोई असुविधा या जाल की तरह इनका उपयोग नहीं किया जा सकता। इस मामले में याची उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ गोदाम अधीक्षक के पद पर कार्यरत है। राज्य भंडारण निगम 2005 में उनके खिलाफ पांच आरोपों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई। याची ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए जवाब प्रस्तुत किया, लेकिन याची को सभी आरोपों में दोषी पाया गया। इसी बीच जुलाई 2009 में याची सेवानिवृत हो गया। हालांकि लंबित अनुशासनात्मक कार्रवाई में कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया गया। वर्ष 2010 में निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा याची को सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों और अन्य संपत्तियों से निगम को हुई कुल हानि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया, साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि अन्य बकाया 1 मार्च 2006 से 1 मार्च 2009 के बीच याची को दी गई चार वेतन वृद्धि के रुप में धनराशि से समायोजित किया जाएगा। याची ने अनुशासनात्मक प्राधिकरण के आदेश के खिलाफ निगम के निदेशक मंडल के सामने अपील दाखिल की, लेकिन याची की अपील को 9 साल तक लंबित रखा गया।

## वर्ग पहेली-330

**बाएं से दाएं**

1. 1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल; प्रफुल्ल; आनंदमय।
5. 1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा; छोटा गगरा; मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है; बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हाँड़ी; लबनी।
2. 1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार; सलाम।
4. 1. जागते रहने की अवस्था या भाव; नींद न आना; जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का; पाश्चात्य; पश्चिमी।



### वर्ग पहेली - 329 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घा | 2 ति | नी | | | 3 टो |
| | रं | | 4 भू | | ड़ी |
| 5 अं | गा | रि | त | | |
| | | | वा | | 6 धो |
| 7 ह | ठ | वा | दी | | खे |
| | | | | | बा |
| | 8 धाँ | ध | ले | बा | ज़ |

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |

## कविता सहाय ने संभाली एएमसी सेंटर की कमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने गुरुवार को छावनी स्थित कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, ऑफिसर-इन-चार्ज एएमसी रिकॉर्ड्स तथा कर्नल कमांडेंट एएमसी का पदभार ग्रहण किया। वह 74 साल पहले स्थापित एएमसी सेंटर और कॉलेज की कमान संभालने वाली पहली महिला जनरल ऑफिसर हैं।

वह इससे पहले महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) नई दिल्ली कार्यालय में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) थीं। सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) पुणे की पूर्व छात्रा रही लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय को 30 दिसंबर 1986 को आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) में कमीशन किया गया था। उन्होंने एएफएमसी पुणे से 1994 में एमडी (पैथोलॉजी) और 1997 में डीएनबी (पैथोलॉजी) किया। 2000-2002 तक एम्स नई दिल्ली में ऑन्कोपैथोलॉजी में 2 साल की फेलोशिप और यूके के फैमर कील यूनिवर्सिटी से वर्ष 2020-22 में हेल्थ प्रोफेशनल एजुकेशन में डिप्लोमा भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित 100 से अधिक शोध पत्रों की लेखिका रही हैं।



एएमसी सेंटर में पदभार ग्रहण करने के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय।

**एएमसी सेंटर और कॉलेज की पहली महिला अधिकारी**

### प्रशासनिक और स्टाफ नियुक्तियों पर किया काम

कविता सहाय ने 37 वर्ष की सेवा के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है। बेस अस्पताल, दिल्ली कैंट में लैब मेडिसिन विभाग के एचओडी और प्रोफेसर, एएफएमसी में पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) नई दिल्ली में लैब मेडिसिन विभाग के एचओडी और प्रोफेसर। उन्होंने सेना अस्पताल (आर एंड आर) नई दिल्ली में सलाहकार (पैथोलॉजी), उत्तरी कमान के कमान अस्पताल में डिप्टी कमांडेंट और वरिष्ठ कार्यकारी चिकित्सा अधिकारी (एसईएमओ) और महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), नई दिल्ली के कार्यालय में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) जैसी कई स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है।

## मथुरा में 23 वर्ष पूर्व हुए जातीय संघर्ष में 15 दोषियों को उम्रकैद

**मथुरा, एजेंसी :** जनपद के हाईवे थाना के दतिया गांव में 23 वर्ष पहले 2001 में एक पंचायती भूखण्ड को लेकर हुए जातीय संघर्ष के सिलसिले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 15 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 73-73 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक सुरेश प्रसाद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि थाना हाईवे (जो तब नरहौली थाने के नाम से जाना जाता था) के गांव दतिया में 23 जनवरी 2001 की सुबह सात बजे के करीब, पंचायती भूखण्ड पर सवर्ण पक्ष की ओर से निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया था। इस निर्माण कार्य का अनुसूचित जाति के लोगों ने विरोध किया था, जिसने जातीय संघर्ष का रूप ले लिया था। दलित पक्ष के होरीलाल ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि सवर्ण पक्ष ने गांव में मारपीट की, गोलियां चलायी और आगजनी की, जिसमें अनुसूचित जाति के राजेंद्र सिंह की जांघ में गोली लगी। वहीं, छह माह की बच्ची गुड़िया अपनी झोपड़ी में जिंदा जलकर मर गई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में पहले पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) ने जांच की, लेकिन बाद में यह जांच अपराध शाखा-गुप्त जांच विभाग (सीबीसीआईडी) आगरा भेज दी गई। विवेचना में आठ और आरोपियों के नाम सामने आए। एक-एक कर दो चार्जशीट दाखिल किये गये। हालांकि, आरोपी पक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय से सुनवाई के मामले पर स्थगन आदेश ले लिया ।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-सप्तमी 16 .02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** — आज बुरे विचारों से स्वयं को अप्रभावित रखें। पड़ोसियों से झगड़ा होने की आशंका है। अपने खानपान में तेल मसाला युक्त खाद्यों का ज्यादा प्रयोग न करें। पारस्परिक रिश्तों में निकटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

**वृष** — आज पिता के साथ वैचारिक मतभिन्नता हो सकती है। कारोबार में आपेक्षिक प्रगति होगी। घर वालों के साथ अच्छा वक्त बिताने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

**मिथुन** — आज विरोधियों की संख्या में कमी आएगी। खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश होगी। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

**कर्क** — आज आवश्यक कार्यों में विलंब न करें। किसी यात्रा पर चलने का विचार बना सकते हैं। वाहन चलाते वक्त सावधान रहें। अति आत्मविश्वास आपको असफलता की ओर ले जा सकता है। दोपहर के बाद आपकी आलोचना हो सकती है।

**सिंह** — आज सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है। पुरानी समस्याओं से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कल तक जिन कार्यों से व्यय हो रहा था, उनसे धन प्राप्त होगा। घर में मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

**कन्या** — आज व्यापार में नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। मनोरंजक यात्रा का विचार बनाएंगे। घर में बिन-बुलाए मेहमान आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तनाव आने की आशंका है। नए संपर्कों का बेहतर लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

**तुला** — आज संध्या के समय कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य के लिए नए व्यापार की योजना बनाएंगे। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कारोबार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज अपने मित्रों और शुभचिंतकों पर व्यर्थ में शक न करें। मन में भावुकता और क्रोध का आधिक्य रहेगा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु** — आज किसी मित्र द्वारा आपको करियर को लेकर अच्छी सलाह मिल सकती है। रियल एस्टेट में निवेश करने का विचार बनाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जातकों के लिए समय शुभ है।

**मकर** — आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज विद्यार्थी करियर को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं। आपको पिता की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी से कोई वादा नहीं करना चाहिये। प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत तनावपूर्ण हो सकती है। आपको अपनी गुप्त बातें किसी से नहीं कहनी चाहिए। आत्मविश्वास की कमी के कारण निराशा का अनुभव कर सकते हैं। विदेशी भूमि पर रहने वाले जातकों के लिए दिन शुभ नहीं है।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.03-09.47, 12.42-13.26 तक।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 3 फरवरी 05.57 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

एक द पॉवर ऑफ वन — सुबह : 11.15
जख्मी सिपाही — रात : 07.00
तारा वर्सेज बिलाल — सुबह : 10.22
हिंदी मीडियम — रात : 09.40
हेलबॉय — सुबह :10.17
जुमांजी — रात : 07.00
इंटरनेशनल खिलाड़ी — सुबह : 10.30
इंडिया लॉकडाउन — रात : 07.30
दुनिया — दोपहर : 12.02
गोलमाल 3 — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

लड़की-पापा मुझे एक लड़का तंग करता है।
पिता-क्या सजा दूं उसे?
लड़की-मेरी शादी उससे करवा दो।
पिता-वाह बेटी वाह ... सजा देने में बिल्कुल अपनी मां पर गई है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1435, सचिन 1420, सूरज 1460, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छोटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,625 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,100-48,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,200 |
| चांदी आभूषण | 72,900। |

# अंतरिम बजट में लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से बचा गया

**बजट पर विश्लेषण**



डॉ. विकास प्रधान
अर्थशास्त्री

**निष्कर्ष :** अंतरिम बजट 2024 सरकार का तीन-चार महीने का कार्य चल सके उसके लिए है, जबकि सभी की उम्मीदें पूरी करने के लिए नहीं। इस लिहाज से यह संतुलित लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा रहित विशुद्ध लोकतांत्रिक बजट है।

**भा**रतीय अर्थव्यवस्था को 'रिफार्म, परफार्म प ट्रान्सफार्म, की आत्मा के सर्वांगीण व समावेशी विकास के लक्ष्य को इंगित करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट 2024 प्रस्तुत किया। अर्थात यह सत्र का अंतिम बजट नहीं है इसलिए लगी हुई उम्मीदों का भी अंत नहीं है जबकि जुलाई तक आशा है।
सरकार की तारीफ करनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से इस बजट में बचा गया है और पिछले 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुए उन पर बात की गई है यद्यपि गत 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बढ़ गया है लेकिन इस बड़ी अर्थव्यवस्था में डिस्ट्रीब्यूटिव जस्टिस की बात बजट में नहीं है।
सुखद एहसास है कि अब संरचना विकास पर गत वर्ष के 10 लाख करोड रुपये पर 10 से बढ़कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है जो प्रभावी मांग को बढ़ाकर उत्पादन व नवीन रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। इसी क्रम में तीन बड़े आर्थिक रेलवे कॉरिडोर को बनाना, 40000 बोगियों को वंदे भारत से जोड़ना, राज्यों में पर्यटन हेतु पर्यटन केंद्र विकसित करना आज निश्चित ही पूंजी सृजन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाएंगे लेकिन कैसे और कब तक-प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 करोड़ नए घर बनाना लखपति दीदी योजना 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन योजना आत्मनिर्भर भारत और लैंगिक समानता के दावे को मजबूत करता है किंतु यह 4.5 के राजकोषीय घाटे और बजट घाटे के लक्ष्य में बाधा उत्पन्न ना करें इसका जिक्र नहीं है।
इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को प्रोत्साहन व नए सीमेंट उद्योगों की स्थापना ऊर्जा संरक्षण व देश में ऊंची विकास दर को प्रोत्साहन देने वाला कदम है किंतु इनके लिए फंडिंग का जिक्र ना होना निराशाजनक है और तब जब उनकी समय सीमा निर्धारित ना हो और चुनाव सिर पर हो तब यह महज घोषणाएं लगते हैं या सरकार पुनः सरकार गठन हेतु पूर्ण आशवसत है और पूर्ण बजट में इन्हें जारी रखेगी। इस अंतरिम बजट का एक निराशाजनक पहलू यह भी है जिसमें नौकरी पेसा, बेरोजगार विद्यार्थी, किसान, मध्यम वर्ग और ग्रहणिया शामिल है जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है नौकरी पेसा के लिए कर स्लैब में कोई परिवर्तन न होना बेरोजगारों के लिए रोजगार हेतु नवीन औद्योगिकरण ना होना विद्यार्थियों हेतु नई शिक्षा नीति के उत्पादन के रूप में निकलने पर बाजार व सरकार की आवश्यकताओं में स्वीकार्यता पर प्रश्न होना सम्मान निधि व फसल बीमा योजना व अनुसंधान की बात ना होना बताता है कि यह काम चलाऊ अंतरिम बजट है पूर्ण बजट नहीं मध्यम वर्ग बा ग्रहणियों को मुद्रास्फीति से राहत न मिलाना भी इसी बात की ओर संकेत करता है।
किंतु निराश लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यह पूर्ण बजट नहीं है इसलिए उनकी उम्मीद और आशा जीवित रहनी चाहिए जो नई सरकार गठन के बाद पूर्ण बजट जुलाई 2024 में पूर्ण हो सकती है। अर्थशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते मेरी चिंता राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को लेकर है जो क्रमशः 4.5 व 5.5 का लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं कर पाया जबकि इसके तहत इसे 3 के नीचे होना चाहिए। साथ ही रुपया कहां से आता है और कहाँ जाता है का समीकरण व चित्र बहुत उत्साहित करने वाला नहीं है। आज भी एक रूपये में ब्याज अदायिगियों पर 20 प्रतिशत का व्यय गैर उत्पादकीय है। इसे कम करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं प्राप्तयों में एक रुपये में सर्वाधिक 28 प्रतिशत प्राप्तियां उधार और अन्य देयताओं से होना अर्थ व्यवस्था पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं जिनका ब्याज भुगतान करना अर्थव्यवस्था के आकार व्यापकीकरण में निश्चित ही बाधा उत्पन्न करेगा। इसके हल के लिये नये 'स्रोत व नये साधनों को विकसित करने की नीति बनानी होगी। जनसंख्या लाभांश और भारतीय कृषि में इस समस्या का हल छिपा हुआ है जिसे प्रोत्साहित व प्रयुक्त करना होगा यदि अमृतकाल के उपरांत 2047 तक हम विकसित भारत चाहते हैं तो आंतरिक रूप से साधनो विशेषकर श्रम साधनों को गतिशीलता देना, नए, बाजारों, नयी मण्डियों की स्थापना व ग्रामीण विकास को बल देना होगा जो पूर्ण बजट में शामिल होने की संभावना है।
वहीं प्रत्यक्ष करों में सुलभता व सरलता, आयुष्मान भारत प्रत्यक्ष करो में योजना को महत्व देना, राज्यों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराना आदि के लिये सरकार की सराहना करनी चाहिए जो सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को सिद्ध करता है। जनसंख्या पर समिति का गठन अच्छे लक्षण हैं युवा शाक्त के आकडों गत संग्रहण की किन्तु इस शक्ति जनसांख्यिक लाभांश के रूप में लेकर उत्पादक बनाना होगा।
**(लेखक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष हैं।)**

# बजट समावेशी विकास प्रदान करने में करेगा मदद

## उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने बजट को भविष्योन्मुखी, निरंतरता और विश्वास का बजट करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 का स्वागत करते हुए कहा कि बजट भारत को जन-केंद्रित और समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और '' निरंतरता तथा विश्वास का बजट'' करार दिया जिसमें आम चुनाव से पहले पेश किए जाने के बावजूद कोई लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई।

### यह बजट आत्मविश्वास को दर्शाता है: आनंद महिंद्रा



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सीतारमण का यह बजट भाषण सबसे छोटे भाषणों में से एक था। इसका स्वागत है और यह आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है।

हीरानंदानी समूह के संस्थापक डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने कहा-वित्त मंत्री ने एक एकीकृत तथा न्यायसंगत विकास बजट परिव्यय को 'डिकोड' किया है जिसमें महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार, आर्थिक वृद्धि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, उभरते क्षेत्रों पर जोर देना और शहरी और ग्रामीण आवास को प्रोत्साहन देना शामिल है।
बायोकॉन लिमिटेड की चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने भी कहा कि वित्त मंत्री ने निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनाएगा। जेडईआईएसएस समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (भारत) धवल राडिया ने कहा कि बजट दूरदर्शी है और यह निरंतरता और विश्वास का बजट है।
आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए इसका स्वागत किया। स्नैपडील के सह-संस्थापक कुणाल बहल ने कहा-विकसित भारत 2047'' का दृष्टिकोण निर्णायक शासन, प्रेरणादायक नेतृत्व तथा डिजिटल, भौतिक, सामाजिक बुनियादी ढांचे को वितरित करने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड की मजबूत नींव पर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र पर सरकार के जोर का स्वागत किया। क्रिशुमी कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा-वित्त मंत्री द्वारा खासतौर से मध्य वर्ग के लिए एक नई आवासीय योजना की घोषणा आवास क्षेत्र के लिए एक अच्छी खबर है। इससे मध्यम तथा किफायती मकानों की मांग में बढ़ोतरी की संभावना है।

# कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत : चौहान

मुंबई, एजेंसी

**एनएसई के सीईओ बोले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए हो रहा काम**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें वह किसी कंपनी को कम दाम के बजाय सही कीमत पर बेचना सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने के लिए काम कर रही है जैसा कि हाल के दिनों में देखा गया है। चौहान ने कहा-वे (सरकार) यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री से सर्वोत्तम कीमत मिले। इसलिए सामान्य तौर पर रणनीति बदली हुई प्रतीत होती है। राजनीतिक रूप से मजबूत शासन के लिए कम विनिवेश लक्ष्य पर किए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। चौहान एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक भी हैं।

# भारत विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर कर रहा बातचीत: सीतारमण

नई दिल्ली,एजेंसी

**वित्त मंत्री बोलीं-एफडीआई प्रवाह हो गया है दोगुना**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के मकसद से विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2005-14 के दौरान प्राप्त प्रवाह की तुलना में 2014-23 के दौरान दोगुना होकर 596 अरब डॉलर हो गया है।
वित्त मंत्री सीतारमण ने 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा-भारत को पहले विकसित करने की भावना के साथ हम निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ये निवेश समझौते एक-दूसरे के देशों में निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने में मदद करते हैं। ये समझौते महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत पहले ही ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन और ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी पीएलसी के खिलाफ पूर्व तिथि से कर लगाने के मामले में दो अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मामले हार चुका है।

# आईएमडी ने 199 जिला कृषि मौसम इकाइयां बंद करने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ब्लॉक स्तर पर लाखों किसानों को मौसम से जुड़ी जानकारी प्रदान करने वाली सभी 199 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सेवाओं को बंद करने का निर्णय किया है। इन इकाइयों से किसानों को फसलों का नुकसान कम करने तथा आय बढ़ाने में मदद मिलती थी। आईएमडी की ओर से 17 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार जिला कृषि मौसम इकाइयों (डीएएमयू) की सेवाओं को इस वित्त वर्ष (2023-2024) से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

# विकसित भारत लक्ष्य की सिद्धि में अंतरिम बजट महत्वपूर्ण: ठाकुर

नई दिल्ली/शिमला, एजेंसी



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज पेश किए गए केंद्रीय अंतरिम बजट 2024 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समावेशी विकास की अटूट गाथा का प्रतिबिंब है और यह अंतरिम बजट विकसित भारत लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण होने वाला है।
अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट में बुनियादी ढांचे और नवाचार पर विशेष ध्यान देने को लेकर आभार व्यक्त किया और कहा-यह बजट एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला रखता है, जो ग़रीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, उनके मार्गदर्शन में मोदी सरकार 2.0 का यह अंतरिम बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है।

# बजट के दिन शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 107 अंक फिसला

**मुंबई।** अगले वित्त वर्ष के लिए अंतरिम बजट की घोषणा के दिन बृहस्पतिवार को मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआती बढ़त खोने के बाद घरेलू बाजार अंतरिम बजट पेश किए जाते समय अस्थिर हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 106.81 अंक यानी 0.15 प्रतिशत गिरकर 71,645.30 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 28.25 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 21,697.45 अंक पर आ गया।

# वित्त मंत्री ने तेल कंपनियों को इक्विटी समर्थन देने को अगले वर्ष तक टाला

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा परिवर्तन परियोजनाओं में सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं के निवेश में सहयोग देने के लिए इन कंपनियों में 15,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश को अगले वित्त वर्ष के लिए टाल दिया है।
सीतारमण ने पिछले साल एक फरवरी को 2023-24 का आम बजट पेश करते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) में उनकी ऊर्जा परिवर्तन योजनाओं का समर्थन करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश की घोषणा की थी। इसके साथ ही, उन्होंने कर्नाटक के मैंगलोर और आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में रणनीतिक भूमिगत भंडारणों को भरने के लिए कच्चा तेल खरीदने के वास्ते 5,000 करोड़ रुपये का भी प्रस्ताव दिया था। भारत ने इन्हें किसी भी आपूर्ति व्यवधान से बचाने के लिए बनाया है। पिबृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश 2024-25 के बजट के दस्तावेजों में सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष में इक्विटी निवेश के लिए कोई आवंटन नहीं दिखाया।




कोलकाता के एक टेलीविजन शोरूम में बजट को लेकर उत्सुक लोग केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संसद में अंतरिम बजट 2024 पेश करने के दौरान देखते हुए। ● एजेंसी

# सरकार ने अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों के लिए चीनी पर सब्सिडी 2 साल तक बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

**योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 'अंत्योदय अन्न योजना' (एएवाई) में शामिल 1.89 करोड़ परिवारों को राशन दुकानों के जरिये बांटी जाने वाली चीनी पर सब्सिडी को दो साल के लिए बढ़ा दिया है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित की जाने वाली चीनी पर सब्सिडी की योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, सब्सिडी योजना के तहत केंद्र सरकार राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी देती है। इस चीनी की खरीद एवं वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की होती है। बयान में कहा गया, इस मंजूरी से 15वें वित्त आयोग (2020-21 से 2025-26) की अवधि में 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दिए जाने की उम्मीद है। इस योजना से देश के लगभग 1.89 करोड़ एएवाई परिवारों को फायदा होने की उम्मीद है। यह योजना सबसे गरीब लोगों तक चीनी की पहुंच को आसान बनाती है। केंद्र सरकार पहले से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत मुफ्त राशन दे रही है। इसके अलावा सस्ती दरों और उचित कीमतों पर 'भारत आटा', 'भारत दाल', टमाटर और प्याज की बिक्री भी की जा रही है। अबतक लगभग तीन लाख टन भारत दाल (चना दाल) और लगभग 2.4 लाख टन भारत आटा बेचा जा चुका है।

# चुनौतियों के बावजूद निर्यात वृद्धि रहेगी बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले बजट ने मजबूत नींव रखी है**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इजराइल-हमास युद्ध जैसे मुद्दों के कारण उभरी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपनी निर्यात वृद्धि बरकरार रखी है। दिन में पेश अंतरिम बजट पर उन्होंने कहा कि इसने आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत नींव रखी है।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से, इन संघर्षों के कारण देश को 'बहुत गंभीर' चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बजट के बाद गोयल ने कहा-लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद, भारत आर्थिक वृद्धि के मामले में उज्ज्वल स्थान बना हुआ है। ...और हमने अपने निर्यात को व्यापक रूप से जारी रखा है। मुझे लगता है, भारत की कहानी मजबूती और ताकत की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के बाद अपने भाषण में कहा कि भूराजनीतिक रूप से युद्ध और संघर्षों के कारण वैश्विक मामले अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं।

## अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के आवंटन में 574 करोड़ रुपये की वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए आवंटन में 2023-24 के संशोधित अनुमान के मुकाबले 574 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट पेश किया। इसके अनुसार, वर्ष 2024-25 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए 3,183 .24 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रावधान किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में मंत्रालय के लिए संशोधित अनुमान 2,608 .93 करोड़ रुपये था। इसी वित्त वर्ष में मंत्रालय के लिए 3097 .60 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी।

## बजट राजकोषीय समेकन लक्ष्यों पर सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक

**नई दिल्ली।** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024-25 का अंतरिम बजट राजकोषीय समेकन लक्ष्यों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुजमैन ने कहा कि सरकार ने इस साल आम चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर तोहफे न देकर या विवेकाधीन खर्च नहीं बढ़ाकर राजकोषीय संयम का रास्ता अपनाया। उन्होंने कहा-सरकार का अनुमान है कि नियोजित बुनियादी ढांचे के खर्च में बढ़ोतरी के बावजूद, सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले खर्च में कमी से राजकोषीय घाटे में कमी आएगी। गुजमैन ने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में कई ऐसे खर्च सामने आ सकते हैं, जिन्हें बजट में शामिल नहीं किया गया है।

**रेल मंत्री वैष्णव बोले** | 5 साल में करीब 11 लाख करोड़ रुपये की लागत से 3 आर्थिक गलियारों का किया जाएगा निर्माण

# बजट में विकसित भारत की रेल का ब्ल्यू प्रिंट

नई दिल्ली, एजेंसी



वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में विकसित भारत की रेलवे के ब्ल्यू प्रिंट को मंजूरी दी गयी है जिसके अंतर्गत अगले पांच साल में करीब 11 लाख करोड़ रुपये की लागत से तीन आर्थिक गलियारों के निर्माण किया जाएगा जिससे मालवहन क्षमता दोगुनी और यात्रीवहन क्षमता में एक तिहाई से अधिक की वृद्धि को समायोजित किया जा सकेगा। इस बार के बजट में रेलवे के पूंजीगत व्यय आवंटन दो लाख 52 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो वर्ष 2023-24 के आवंटन दो लाख 40 हजार करोड़ रुपये की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट में रेलवे के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि विकसित भारत की रेलवे के ब्ल्यू प्रिंट में यात्रियों की वेटिंग लिस्ट खत्म करना है।
उन्होंने कहा कि इस समय रेलवे साल में 700 करोड़ यात्रियों का परिवहन करती है। इस क्षमता को 1000 करोड़ यात्री प्रति वर्ष के स्तर पर ले जाना है। रेलवे इस समय करीब 1500 अरब टन माल ढुलाई करती है, इसे 3000 अरब टन की ढुलाई के लिए सक्षम बनाना है। नयी प्रौद्योगिकी से यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है और संरक्षा सुनिश्चित करनी है। रेल मंत्री ने कहा कि इस बजट में रेलवे के विकास को प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के अंतर्गत ले लिया गया है और आर्थिक विकास को बल देने के लिए तीन आर्थिक गलियारों -ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, बंदरगाहों से कनेक्टिविटी के लिए रेल सागर गलियारा और सघन यात्री यातयात वाला अमृत चतुर्भुज गलियारा, को विकसित करने की घोषणा की गयी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके लिए 40 हजार किलोमीटर की रेललाइन बिछायी जाएगी। उन्होंने यह काम आने वाले पांच साल में काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा खनिज एवं सीमेंट गलियारे एवं रेल सागर गलियारों पर समेकित योजना बना कर काम किया जाएगा। आरंभ के बिन्दु और गंतव्य के बिन्दु के बीच संपर्क मार्ग को उच्च क्षमता के लिए विकसित किया जाएगा। डबल लाइन में तीसरी एवं चौथी लाइन और चार लाइनें हैं तो पांचवीं एवं छठवीं लाइन बिछायी जाएगी। जरूरत हुई तो नई लाइन बिछाई जाएगी।

# आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

## अंडर 19 विश्व कप : नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत



ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करने के लक्ष्य से उतरेगी। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान और भारत दोनों के 6 अंक हैं लेकिन रन रेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली टीम अब तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं, जबकि नेपाल ने एक भी नहीं जीता है।

### भारत के आगे कहीं नहीं ठहरती नेपाल की टीम

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। स्वामी कुमार पांडे ने अब तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान उदय सहारन, विकेटकीपर अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था, जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाए, जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने 5 विकेट लिए थे।

**टीमें**

**भारत :** अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिंबानी और नमन तिवारी।

**नेपाल :** देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

# आईसीसी एजीएम की मेजबानी श्रीलंका को

**कोलंबो, एजेंसी।** निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद निलंबित किए जाने पर श्रीलंका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी भी गंवा दी थी।

फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। दरअसल फर्नांडो ने दिसंबर में रणसिंघे की ओर से जारी राजपत्र को हटा दिया था जिसके बाद रविवार को निलंबन हटा दिया गया।

# भारत ए की पहली पारी 192 रन पर सिमटी

अहमदाबाद, एजेंसी

**मैथ्यू पोट्स ने 6 और ब्राइडन कार्स ने 4 बल्लेबाजों को किया आउट, सिर्फ देवदत्त पडिक्कल ही टिककर खेल पाए**

मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारत ए को 192 रन पर ऑल आउट कर दिया। कई खिलाड़ियों के मुख्य टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (48) और ओलिवर प्राइस (20) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है।

पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार 6 विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ देते हुए 52 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई। जवाब में सलामी बल्लेबाज लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लीस और प्राइस ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके दिन के बाकी खेल के दौरान मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

# बैजबॉल के खिलाफ भारत को बदलनी होगी रणनीति

## रविंद्र जडेजा और केएल राहुल चोट के कारण बाहर होने से पहले ही मुश्किल में है भारतीय टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की बेखौफ बैजबॉल शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा, जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।



नेट पर अभ्यास करते शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल। • एजेंसी

### कुलदीप, वॉशिंगटन या सौरभ का खेलना संभव





जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं या भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या फिर वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे, जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे।

### 3 साल पहले भी ऐसे ही थे हालात

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दो-चार होना पड़ा था, तब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी। हालांकि जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा, जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी बैजबॉल शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी को बखूबी झेला, जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

### अश्विन और अक्षर पटेल पर निगाहें



चोट से उबरने वक्त लगने के कारण जडेजा और शमी टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। ऐसे में 500 टेस्ट विकेट से 4 विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अक्षर पटेल को भी विकेट लेने के रनों पर अंकुश लगाना होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि अगले मैच में उनका ध्यान होगा कि वे सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो। पिछले मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके।

### इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका



इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश किया है। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने कहा था कि पहले टेस्ट की तरह पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके। लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

# पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी



**कोलकाता एजेंसी।** चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को बंगाल के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ अगस्त में नॉर्थैंप्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान घुटने में चोट लगाने के पर लंदन में हुई सर्जरी के बाद से तीन महीने स्वास्थ्य लाभ पर थे। पिछले सप्ताह के आखिर में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मंजूरी दे दी गई थी। 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उसने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अग्रसर है।

## खेल डायरी

### युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा अगले साल

**गैंगनेउंग।** आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा कि कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे। आईओसी प्रमुख ने कहा कि इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में उनकी घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए आयोग को विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन करने और फिर निष्कर्ष निकालने के लिए थोड़ा और समय चाहिए कि 2028 के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य कौन सा होगा। गैंगवॉन में 19 जनवरी को शीतकालीन युवा ओलंपिक की शुरुआत हुई थी और गुरुवार शाम इसका समापन समारोह होगा। यह इतिहास में पहली बार है कि जब समापन समारोह में अगले मेजबान को झंडा नहीं सौंपा जाएगा।

### अवनि एशिया पेसिफिक टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर



**पटाया।** भारत की अवनि प्रशांत गुरुवार को पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन के साथ महिलाओं के एमेच्योर एशिया पेसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। अवनि ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। थाईलैंड की इला गेलितस्काई और नोवापोर्न सून्त्रीयापास व चीनी ताइपे की चेन वेइ वू पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। अन्य भारतीयों में विधात्री उर्स (73) और सानवी सोमु (73) संयुक्त 39वें पर चल रहे हैं। पदार्पण कर रहीं कीर्तना राजीव नायर (81) और हीना कांग (81) संयुक्त 84वें, जबकि मन्नत बरार (82) 86वें स्थान पर हैं।

### मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे चोटिल रोनाल्डो



**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को मुकाबला होना था। अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

### घरेलू मैचों में भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को



**नई दिल्ली।** ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया। भुवनेश्वर में खेला जाने वाला चरण 10 से 16 फरवरी तक चलेगा, जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपर का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे। फॉरवर्ड में ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे।

# त्रीशा-गायत्री, मंजूनाथ और अस्मिता क्वार्टर फाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत अपने से कम रैंकिंग वाले भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में अस्मिता चालिहा भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। त्रीशा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15, 24-22 से हराया। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। मंजूनाथ अंतिम आठ के मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कालजोव से भिड़ेंगे।

**थाईलैंड मास्टर्स**

पुरुष एकल में एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को चीनी ताइपे के चुन यी लिन के खिलाफ 9-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अस्मिता भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

# चेन्नई ओपन में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे सुमित नागल



**चेन्नई, एजेंसी।** सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य खिलाड़ी होंगे, जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे।

टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामेंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्ड कोर्ट पर उतरेंगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी।

# हादसे के बाद पैर खोने का था डर : ऋषभ पंत

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने बयां की कार हादसे की दास्तां**

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था। वह उस समय काफी डर गए थे। उनकी एसयूवी हादसे के बाद सेडान लग रही थी। उनके दाहिने घुटने की हड्डी खिसक गई थी और काफी दर्द हो रहा था। वहां आसपास कोई था जिसने घुटने को सही जगह पर पहुंचाने में मदद की।

रजत कुमार और निशु कुमार ने पंत को उनकी एसयूवी से निकाला था, जो बाद में आग की लपटों में घिर गई थी। ऋषभ पंत का शुरुआती इलाज देहरादून में हुआ, इसके बाद उन्हें मुंबई ले जाया गया। दाहिने घुटने के आपरेशन के बाद पंत ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया। वह मार्च में आईपीएल के जरिये वापसी कर सकते हैं।

### अब सभी लोग गाड़ी चलाने से कर रहे हैं मना



ऋषभ पंत ने कहा कि हर कोई उन्हें अब गाड़ी चलाने के लिए मना कर रहा है लेकिन कोई भी उनसे ज्यादा डरा नहीं है। वह अब भी गाड़ी चलाएंगे क्योंकि उन्हें चलाना पसंद है। एक हादसा हो गया तो इसका मतलब यह नहीं कि उन चीजों को दोबारा न करें। पंत ने कहा कि वह करीब एक महीने तक बिस्तर पर रहे और सामान्य चीजें करने के लिए परेशान थे। उन्होंने धीरे धीरे घूमना शुरू किया। उन्होंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि दांत साफ करना इतना अच्छा लगेगा। जब नहाने गया तो बाथ टब से निकलना ही नहीं चाह रहा था। इन छोटी चीजों में खुशी मिली क्योंकि भाग्यशाली था कि दूसरी जिंदगी मिली। डॉक्टरों ने भी कहा कि दुर्घटना के बाद कोई फ्रेक्चर नहीं था।



# बॉलीवुड हलचल

## फाइटर में ऋतिक के साथ काम करके खुश हैं महेश शेट्टी



अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर फाइटर महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर महेश ने कहा कि वायु सेना के शब्दकोष में एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर यारा के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे, मधुर और मजाकिया स्वभाव के हैं। जिस तरह से उन्होंने कहानियां सुनाईं, उसने हमेशा चकित कर दिया। किसी को एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।

### अर्जुन रामपाल चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल को सिनेमा और संस्कृति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार समारोह की तस्वीर साझा करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के माननीय 37वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के हाथों चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड प्राप्त कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट) का आभारी हूं कि उन्होंने इस सम्मान को और भी प्रभावी बनाया, वह समाज और फिल्म इंडस्ट्री में लगातार अपना योगदान देते रहेंगे।

## कॉकटेल 2 में साथ नजर आ सकती हैं सारा अली और अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे और सारा अली खान सोशल मीडिया पर अपनी दोस्ती के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब रूपहले पर्दे पर भी दोनों एक साथ नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड गलियारों में चर्चा हैं कि हाल में दोनों को एक साथ मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर देखा गया, जिसने कॉकटेल फिल्म बनाई थी और कॉकटेल 2 बनाने जा रहा है। माना जा रहा है कि कॉकटेल 2 में ये दोनों अभिनेत्री एक साथ दिख सकती हैं। दोनों की मेकर्स से इसे लेकर बात चल रही है। हाल ही में करन जौहर के शो में भी दोनों साथ नजर आई थीं और कई बड़े खुलासे किए थे। हालांकि इस फिल्म में उनके एक साथ काम करने को लेकर कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है लेकिन इंडस्ट्री में दोनों के अगली फिल्म में साथ काम करने को लेकर चर्चा जोरों पर हैं।

### 2012 में रिलीज हुई थी सैफ अली खान की कॉकटेल

फिल्म कॉकटेल को साल 2012 में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी समेत कई बड़े कलाकारों ने भूमिका निभाई थी। दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान की इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

## द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज




सनोज मिश्रा निर्देशित फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति और वहां पर हो रहे अत्याचारों को इंगित करते हुए बनाई गई है। इसके ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस कदर वहां के मुसलमानों ने धर्म परिवर्तन के नाम पर हिंदू महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती की और उनकी बात नहीं मानने वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। वसीम रिजवी फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण सिंह हैं। फिल्म के लेखक और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के कलाकारों में अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह, दीपक कंबोज, अल्फिया शेख, गरिमा कपूर, रीना भट्टाचार्य, गौरी शंकर, देव फौजदार, अनिल अंजुनिल, संजू सोलंकी, डॉ. रामेंद्र चक्रवर्ती, दीपक सूठा, जितेंद्र नारायण सिंह, जनार्दन सिंह मयूर, अनुज दीक्षित, नीत महल शामिल हैं। फिल्म के सह निर्माता क्षत्रपाल सूर्यवंशी, संजय कुमार और अर्जुन सिंह हैं। फिल्म के छायाकार सत्यपाल सिंह, संपादक रंजीत प्रसाद और संगीतकार ए आर दत्ता हैं।

### सेहत के लिए फिल्मों से ब्रेक लेंगे प्रभास



टॉलीवुड सुपरस्टार प्रभास को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सालार की बंपर सक्सेस के बाद एक्टर इन दिनों अपनी फिल्म राजा साब को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि सुपरस्टार प्रभास अपनी फिल्म की रिलीज के बाद ब्रेक लेने की तैयारी में हैं। इसकी वजह उनकी सेहत बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास लंबे समय से घुटने में दर्द की शिकायत से जूझ रहे हैं। वह घुटने की सर्जरी के लिए विदेश यात्रा भी कर चुके हैं। ऐसे में अब प्रभास अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देना चाहते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# शरद के पोते से ईडी की दूसरी बार पूछताछ

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उनपर सहकारी बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। बता दें कि रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।



पिछले 10 दिनों में दूसरी बार रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश हुए हैं। 38 वर्षीय राकांपा नेता कर्जन जामखेड से विधायक है। ईडी ने उनसे आखिरी बार 24 जनवरी को पूछताछ की थी। गुरुवार को वह दक्षिणी मुंबई के बैलार्ड स्टेट स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान रमेश पवार की पत्नी प्रतिभा पवार राकांपा दफ्तर पहुंची।

रमेश पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले फिलहाल नई दिल्ली में हैं। ईडी दफ्तर के पास राकांपा कार्यालय में सैकड़ों राकांपा नेता एकत्रित हुए। ईडी के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की एफआईआर से प्रकाश में आया है।

इस साल पांच जनवरी को ईडी ने रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो की बारामती, पुणे और औरंगाबाद परिसर पर तलाशी ली। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामला: जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

## कल नौसेना में शामिल होगा संधायक पोत मजबूत होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नए पोत 'आईएनएस संधायक' का तीन फरवरी को जलावतरण समारोह होगा। इसके लिए विशाखापत्तनम में पूरी तैयारी की गई है। नौसेना ने सर्वेक्षण पोत को तिरंगे धव्ज, फूल-मालाओं से सजाया हुआ है।

यह पोत रणनीतिक जलमार्ग में नौसेना के निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ राजेश पेंढारकर शामिल होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह समारोह देश के सबसे बड़े सर्वेक्षण पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। कोलकाता के मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में चार बड़े सर्वेक्षण पोत निर्माणाधीन हैं।

# मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत

▸▸ नासा के दृढ़ता रोवर ने की खोज विज्ञानियों ने कहा- मंगल पर जीवन बसाने की उम्मीद जागी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के समीप प्राचीन झील की तलछट में सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य मिले हैं। नासा के दृढ़ता रोवर ने यह महत्वपूर्ण खोज की है। नासा के विज्ञानियों के अनुसार इस खोज से मंगल की धरती पर जीवन बसाने की उम्मीद को बल मिलता है। जीवन के यह निशान लाल ग्रह मंगल के 45 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर के अंदर पाए गए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस गड्ढे में कभी बड़ी झील थी। रोबर ने इस झील से कई सबूत एकत्र किए हैं। जिनसे पता चलता है कि यहाँ कभी जीवन रहा होगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने शोध कर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि ताजा सबूतों से उम्मीद जगती है कि इस गड्ढे में सूक्ष्मजीवी जीवन रहा होगा। यदि मंगल ग्रह पर जीवन मौजूद रहा होगा तो मंगल की धरती पर भविष्य में जीवन बसाना होगा।



मंगल ग्रह की तस्वीर।

विज्ञानियों ने बताया है कि, प्राचीन मंगल ग्रह के रोगाणुओं ने हाइड्रोजन हजम कर ली और मीथेन का उत्पादन किया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने ग्रह के गर्मी को जकड़ने वाले आवरण को खा लिया।

उन्होंने मंगल को अंततः इतना ठंडा बना दिया कि वह जीवन के रूपों को विकसित करने लायक नहीं रहा। मंगल ग्रह की सतह का तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस की एक सहनीय सीमा से गिरकर माइनस 57 सेल्सियस हो गया और जीवाणु ग्रह की भीतरी परत की तरफ भाग गए।

### दो दशक से मंगल पर जीवन बसाने की हो रही कवायद

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन व तेजी से बढ़ती मानव जनसंख्या ने वैज्ञानिकों को मानव का दूसरा घर बसाने को लेकर बाहरी ग्रह की तलाश है और मंगल एकमात्र ग्रह है, जो हमारी उम्मीद की पूर्ति कर सकता है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन बसाने की कवायद की जा रही है। अमेरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस दिशा में सर्वाधिक सक्रिय है और अभी तक कई मिशन भेज चुका है। इस दिशा में भारत भी पीछे नही है। 2013 में इसरो ने मार्स ऑर्बिटर भेजा था। इसरो का उद्देश्य मंगल के वारावरण में जीवन की संभावना तलाश करना था। जिसमें वह सफल रहा।

## एक नजर

### मैक्सिको: बुल फाइटिंग पर सुप्रीम कोर्ट की रोक हटते ही उमड़ा हुजूम

**मैक्सिको सिटी।** करीब डेढ़ साल के इंतजार के बाद मैक्सिको में एक बार फिर से बुल फाइटिंग की भव्य वापसी हुई है। प्लाजा मैक्सिको एरीना में हुई बुल फाइटिंग को देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंचे। दरअसल, मैक्सिको सिटी के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस खेल में पशुओं से बर्बरता का हवाला देते हुए स्थानीय कोर्ट में अपील की थी। जिस पर मई 2022 में लोकल कोर्ट ने बुल फाइटिंग पर रोक लगा दी। बुल फाइटिंग के समर्थकों की डेढ़ साल की कानूनी लड़ाई के बाद मैक्सिको के हाईएस्ट कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) ने लोकल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, 300 से ज्यादा पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।



### अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पक्षी की तरह उड़ने वाले रोबोट बनाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका की यूनिवर्सिटी 'न्यू मेक्सिको टेक' के वैज्ञानिकों ने पक्षियों से प्रेरित होकर उड़ने वाले रोबोट बनाए हैं, जिन्हें 'टेक्नो-टैक्सीडमर्मी मॉडल' कहा जाता है। हालांकि, अभी तक ये रोबोट असली पक्षियों की तरह उतने अच्छे से उड़ नहीं पाते हैं। वे हवा में तैर सकते हैं। थोड़ा ऊंचा उड़ सकते हैं और गर्म हवा के प्रभाव में आने पर थोड़ा ऊपर जा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका इस्तेमाल जासूसी ड्रोन की तरह किया जा सकता है। लेकिन असल में इनका उद्देश्य 'वन्यजीवों की निगरानी के लिए प्रकृति-प्रेमी ड्रोन' बनाना है। पुराने ड्रोन शोर और अनजान होने के कारण वन्यजीवों को परेशान करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे ही चुपचाप उड़ने वाले और प्राकृतिक दिखने वाले ड्रोन बना रहे हैं, ताकि जंगली जानवरों की निगरानी और उनके बारे में जानकारी आसानी से मिल सके।

### अमेरिका प्रत्यर्पित होंगे कनाडा में गिरफ्तार हुए तीन भारतवंशी

**टोरंटो।** कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतवंशियों को मेक्सिको और उत्तरी अमेरिकी देशों के बीच ड्रग्स की तस्करी करने वाले नेटवर्क से कथित संबंधों के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। एफबीआइ और रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के बीच संयुक्त अभियान ने संगठित अपराध गिरोह में कथित भूमिका के लिए 19 लोगों को आरोपित किया है। आरसीएमपी ने मंगलवार को कहा कि ब्रैम्पटन से 25 वर्षीय आयुष शर्मा और 60 वर्षीय गुरअमृत सिद्धू और कैलगरी से 29 वर्षीय सुभम कुमार को अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस ने कहा कि एक 29 वर्षीय भारतवंशी ड्राइवर को ट्रक से 406 किलो मेथामफेटामाइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। विनिपेग के कोमलप्रीत सिद्धू को मैनिटोबा रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 14 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

इजराइल का दावा: गाजा में यूएन की राहत टीम से जुड़ी बोरियों से हथियारों का जखीरा बरामद

# जब्त हथियारों को आईडीएफ ने किया नष्ट

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना लगातार गाजा पर बमबारी कर रही है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियारों के भूमिगत ठिकाने को इजराइली सेना ने तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि यह हथियार संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से जुड़ी बोरियों में छिपाए गए थे। आईडीएफ ने मामले में जुड़े बयान में कहा कि बोरियों के अंदर रॉकेट, टैंकरोधी मिसाइलें, खदानें और विस्फोटक सामग्रियों को छिपाया गया था। इजराइली सेना ने द्वारा किया कि रॉक्टे निर्माण के लिए इस्तेमाल सामग्रियों को नष्ट कर दिया है। साथ ही इजराइली सेना ने आरपीजी मिसाइलों के लिए डिजाइन किए हथियार, कारतूस, स्प्रे चार्ज, ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया गया है।

इजराइल ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद इजराइल ने मांग की है कि यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में उसके अधिकार से हटा दिया जाए। इसके बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ और 16 अन्य देशों ने एजेंसी के लिए फंडिंग निलंबित कर दी है। इस्राइल ने 12 कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराते हुए खुफिया जानकारी दी है। जिसमें दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के वाहनों और कई सामग्रियों का आंतकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के 10 आतंकी फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद से संबंध रखते हैं। यूएन वॉच और इम्पैक्ट-एसई द्वारा जारी रिपोर्ट में यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर हमलों के लिए समर्थन व्यक्त करने का दस्तावेजीकरण किया गया है। गौरतलब है कि इस्राइली सैनिकों को यूएनआरडब्ल्यूए राहत आपूर्ति के बीच छिपी हुई मिसाइलें मिली थी, जबकि एजेंसी की बोरियों का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री के लिए किया जा रहा था।

### 24 घंटे में 150 फिलिस्तीनी समेत 15 आंतकियों को मार गिराया

इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्ध के कारण अब तक दोनों पक्षों के करीब 26 हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइल ने गाजा में भयंकर गोलीबारी की। इजराइली हमले में पिछले 24 घंट में 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 313 लोग अतिरिक्त घायल हैं। इजरायली सेना क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में भी आतंकियों से लड़ाई जारी रखे हुए है।



गाजा पट्टी के लिए मानवीय सहायता ले जाने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए खड़े इजराइली नागरिक।

इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले उत्तरी गाजा में 15 से अधिक हमास आतंकवादियों को मार गिराया। इसी के साथ हमने स्कूल में एक आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। नेतन्याहू शुक्रवार को कहा था कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों और देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे हम उठाएंगे। हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का बुनियादी अधिकार है। इजराइल फिलिस्तीनियों के खिलाप नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत है। यह अपमानजनक है। हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था।

# भारत को मिलेंगे एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन

वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को 3.99 अरब डॉलर की अनुमानित लागत पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन और अन्य उपकरणों की सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का फैसला लिया है।

खबरों के मुताबिक, भारत और अमेरिका ने 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा किया है। इसे आमतौर पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है। यह सौदा 3.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है।




वहीं, इस सौदे पर एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मुद्दे का संबंध अमेरिकी पक्ष से है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक, अमेरिका ड्रोन डील को अंतिम रूप देने से पहले अपने देश से जुड़े तमाम आंतरिक पहलुओं पर मंथन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन सौदा मामले में भारत अमेरिकी रूख का पर्याप्त सम्मान करता है।

### ग्रीन प्रोपल्शन प्रणाली ने किया क्षमता का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** स्वदेशी रूप से विकसित ग्रीन प्रोपल्शन प्रणाली कक्षा (ऑर्बिट) ने अपनी कार्यक्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। इसे पीएसएलवी सी-58 से एक पेलोड पर लॉन्च किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने इसे अंतरिक्ष रक्षा तकनीक के क्षेत्र में बड़ी छलांग बताया है। ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, अंतरिक्ष रक्षा तकनीक के क्षेत्र में बड़ी छलांग है। विकसित ग्रीन प्रोपल्शन प्रणाली ने ऑर्बिट में सफलतापूर्वक अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया है।

## संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे म्यांमार: विदेश मंत्रालय प्रवक्ता

**नई दिल्ली।** म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर विदेश मंत्रालय भारत-म्यांमार में बिगड़ती स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, म्यांमार की स्थिति का पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में हम पर सीधा प्रभाव पड़ता है। भारत तत्काल हिंसा बंद होने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार एक समावेशी और संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे, भारत यही चाहता है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में म्यांमार तख्ता पलट के अलावा भारत-अमेरिका ड्रोन सौदा, चीनी सैनिक- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय मवेशी पालक का आमना-सामना होने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जवाब दिया।



## मालदीव: महाभियोजक पर हमले के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**माले, एजेंसी।** मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार को किए गए हमले के आरोप में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। बता दें, महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हथौड़े से हमला किया। मीडिया के मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुजाउ ने कहा, पूछताछ में पता चला कि हमला पूर्व-नियोजित था। उन्होंने कहा आरोपियों की पहचान कर ली गई। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।



### यातायात बाधित...



**बनिहाल/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके में बारिश होने के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हो गया है। रामबन के किश्तवारी पत्थर इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिससे मार्ग पर 200 से अधिक गाड़ियां फंसी रहीं। वहीं, कई जिलों में बर्फबारी भी हुई। भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ, जहां भारी बारिश भी हुई है। ● एजेंसी

## हिंसा के आरोप में इमरान की पार्टी के 39 कार्यकर्ता गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में पुलिस ने एक रैली के दौरान हिंसा को लेकर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। कराची पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि दंगा, पुलिसकर्मियों पर हमला और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ के आरोप में 39 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

तीन दिन में पीटीआई के 72 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। आम चुनाव से महज एक सप्ताह पहले कानून प्रवर्तन एजेंसियां कराची में पीटीआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इधर, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में बिगड़ रही कानून एवं व्यवस्था को लेकर बैठक करेगा। दोनों राज्यों में रैलियों, कार्यालयों और प्रत्याशियों पर हमले तेज हो गए हैं। इसके साथ ही आतंकी घटनाएं भी बढ़ गई हैं। बलूचिस्तान के ग्वादर जिले में पासानी तहसील में बडोक जांच चौकी पर बीबीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र महबूब को सुरक्षा बलों ने बस से उतारकर हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में बलूच छात्रों ने सड़क जाम कर दिया। इससे वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध हो गई।



▸▸ तीन दिन में पीटीआई के 72 कार्यकर्ता किए गए गिरफ्तार

चीन की दो टूक

## अमेरिका खुद साइबर हमलों का बड़ा अपराधी

**बीजिंग।** गुरुवार को चीनी हैकरों के नेटवर्क को खत्म करने के अमेरिका के दावे को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। जिनपिंग का यह बयान अमेरिका और यूरोपीय संघ से लगातार बढ़ रहे तकनीकी प्रतिबंधों के मद्देनजर आया।

राष्ट्रपति जिनपिंग ने बुधवार को एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे के दावे की आलोचना की है। क्रिस्टोफर ने दावा किया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने चीनी हैकरों के एक नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है, जो अमेरिका के सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाता था। इस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा चीन सभी प्रकार के साइबर हमलों का कड़ा विरोध करता है और उन पर सख्त कार्रवाई करता है। अमेरिका खुद साइबर हमलों का सबसे बड़ा अपराधी है।

अरब देश में मंदिर

राम-सीता, शिव-पार्वती समेत विराजेंगे सात देवी-देवता, 6 साल में पूरा हो रहा मंदिर, 700 करोड़ आई लागत

# सद्भाव-अस्तित्व की नीति की मिसाल बीएपीएस मंदिर

अबू धाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह- अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।

हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाते हैं। बीएपीएस स्वामीरायण संस्था के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख बहाविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित बीएपीएस होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है। मंदिर के गेट पर रेत के टोले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है। गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दशांति हैं। मंदिर को मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं।

वहीं, मंदिर के दाई ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी। 7 एमिरेट्स को दर्शाने वाले 7 शिखरः मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दशति है। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।




### सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक : परियोजना प्रमुख बहाविहारी

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी बहाविहारी ने कहा है कि, मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 21 बलूच विद्रोहियों को उतारा मौत के घाट

**कराची।** पाकिस्तान सुरक्षा बल की ओर से की गई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह कार्रवाई को बलूच विद्रोहियों की ओर से माच टाउन और कोलपुर इलाके में किए गए हमले के जवाब में की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर हुई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के इस आपरेशन के दौरान चार सुरक्षा बल के जवान और दो आम नागरिक भी मारे गए। सेना की मीडिया वर्ग की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से 12 विद्रोहियों के मारे जाने की सूचना दी गई है, लेकिन एक अधिकारी ने कहा है कि मारे जाने वाले 21 विद्रोही बलूच लिबरेशन आर्मी मुजाहिद ब्रिगेड के सदस्य थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी बढ़ सकती है।

## पाकिस्तान: टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकी

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ निगरानी टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी रिपोर्ट में किया गया खुलासा

प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। पाकिस्ताान के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी।

इस रिपोर्ट में यह जानकारी निकलकर सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।

